YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-250 | रविवार, 11 अक्टूबर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



पिछले तीन दिनों से और आज दिनभर जो कुछ हुआ, उससे दो बातें स्पष्ट हुई हैं। पहली, अराजकता को प्रोत्साहित करने की कोशिशों को भारत के लोकतंत्र ने ध्वस्त किया है। **रविशंकर प्रसाद**

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच जंतर-मंतर नहीं पहुंच सके प्रदर्शनकारी 11

कृषि टास्क फोर्स की बैठक में प्राकृतिक खेती हेतु 150 हे. का चयन 12

संक्षेप

सुप्रीम कोर्ट ने जजों की भलाई के लिए एक स्थायी समिति बनाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक स्थायी समिति का गठन किया। इसका मकसद जजों की पेशेवर और निजी भलाई पर असर डालने वाले मुद्दों की पहचान करने और उन्हें हल करने के लिए एक व्यवस्थित संस्थागत तंत्र बनाना है। मुख्य न्यायाधीश ने इस समिति का गठन किया है। समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज जस्टिस के.वी. विश्वनाथन होंगे। शीर्ष अदालत ने एक बयान में कहा कि देश भर के जजों की मानसिक और शारीरिक भलाई को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक अहम पहल है। बयान में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जज की भलाई के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया है। जस्टिस विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली इस समिति के सदस्यों में डॉ. सविता मल्होत्रा (पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की पूर्व डीन और मनोरोग विभाग की प्रोफ़ेसर और प्रमुख), रजत मित्रा (मनोवैज्ञानिक, निदेशक और 'स्वानचेतन सोसाइटी फॉर मेंटल हेल्थ' के सह-संस्थापक), मृणाल कंवर (सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड) और आरती सिंह (सुप्रीम कोर्ट के रिसर्च एंड प्लानिंग सेंटर में रजिस्ट्रार शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि जज मुश्किल हालात में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं, जिसमें अक्सर काम का भारी बोझ, लंबे समय तक काम करना, जटिल फैसले लेना, प्रशासनिक दबाव और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मामलों का सामना करना शामिल होता है।

ट्रम्प रूस से खरीदेंगे डीजल

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी। अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं। हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा। खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रम्प ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने बताया कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा।

'मैं अयोध्या से लड़ने को तैयार, आप भी नामांकन कीजिए...'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी की धरा बलरामपुर के विकास के लिए 803 करोड़ रुपये से अधिक की 78 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अयोध्या विधानसभा सीट के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव को खुली चुनौती दी, कहा- चेले को हटाइए। आइए, हम और आप दोनों किस्मत आजमाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ बौखला गए हैं। वह मुझसे कहते हैं कि मुख्यमंत्री जी अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखा दें। अखिलेश जी, अयोध्या हमारा पावन धाम और आस्था की स्थली है। मैं वहां इसलिए बार-बार जाता हूं, जिससे विकास में कोई कोताही न हो। जिस अयोध्या को सपा तीन से चार घंटे बिजली देती थी, जहां जय श्रीराम बोलने पर आपकी सरकार ने प्रतिबंध लगाया था, वह अयोध्या फिर से राम राज्य का नया उदाहरण बनकर त्रेता युग का स्मरण करा रही है।

सीएम योगी ने अखिलेश यादव को खुला प्रस्ताव दिया। कहा कि आइए, आप भी अयोध्या से नामांकन करिए और मैं भी। एक बार दोनों किस्मत आजमा लेते हैं। लड़ाई चेलों से क्यों? लड़ाई तो आमने-सामने होनी चाहिए। सीएम ने तंज कसा कि माफिया के सामने नाक रगड़ने और उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले हम लोगों से क्या ही लड़ पाएंगे, क्योंकि जनता तो पहले ही इनकी छुट्टी कर चुकी है। इनकी स्थिति 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' जैसी हो चुकी है। विधानसभा का चुनाव परिणाम फिर 80-20 का होगा। 80 फ़ीसदी सीटों पर भाजपा का एनडीए और 20 फीसदी पर इनका गठबंधन रहेगा। सीएम ने अपने सभी जनप्रतिनिधियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने गैंसड़ी विस क्षेत्र के लिए सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम वहां पैसा देना चाहते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी की विकास कार्य में रुचि नहीं है।

मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के पीडीए पर निशाना भी साधा। कहा कि इस 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' की परिवार के बाहर कोई सोच ही नहीं है। अभी राज्यसभा चुनाव में इन्होंने दो प्रत्याशी खड़े किए, लेकिन इनमें कोई दलित, पिछड़ा (कुर्मी, पाल आदि), ब्राह्मण, कायस्थ, वैश्य, क्षत्रिय, खत्री आदि प्रत्याशी नहीं था। एक सीट पर अखिलेश यादव के चचाजान (रामगोपाल यादव) थे और दूसरी इन्होंने एक धन्ना सेठ को बेच दी। परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी में जो पराया धन दे, वही अपना है। पीडीए का वास्तविक मतलब- प्रदेश डुबाऊ अलायंस है। इन्होंने प्रदेश को डुबाया, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली और बलरामपुर को देश का सबसे गरीब जनपद बना कर छोड़ दिया। सीएम ने कहा कि अपने जनप्रतिनिधियों से खूब मेहनत कराइए, हम बलरामपुर के विकास में कभी कमी नहीं आने देंगे। सीएम ने परिश्रम के लिए विधायकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां आकर लगता है कि घर आया हूं। मां पाटेश्वरी धाम ने सम-विषम परिस्थितियों में इस सीमावर्ती क्षेत्र को देश व धर्म के साथ जुड़ने और हर चुनौती का सामना करने की सामर्थ्य दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी एक वोट यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा करता था। इस क्षेत्र को तस्करी, बदमाशों, गुंडों व माफिया को ● शेष पेज 11 पर

सीएम योगी को मंजूर अखिलेश का चैलेंज



- बलरामपुर की जनसभा में सपा प्रमुख पर पलटवार, राम मंदिर, माफिया और विकास के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा
- मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के विकास के लिए 803 करोड़ से अधिक की 78 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं
- दलित, पिछड़ा, ब्राह्मण, कायस्थ, वैश्य, क्षत्रिय, खत्री नहीं, अखिलेश के चचाजान और धन्ना सेठ सपा से पहुंचे राज्यसभाः मुख्यमंत्री
- मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करेंगे
- बीमारियां, इंसेफ़ेलाइटिस, छांगुर, तस्करी ही सपा की पहचान, अब कोई छांगुर नहीं पनप सकेगाः सीएम

आधुनिक युद्ध में तकनीक और आत्मनिर्भरता अहम : राजनाथ



एजेंसी

- तरंग शक्ति में दिखा भारत का दम, ईडब्ल्यूएस नियमों में सरलीकरण की मांग, तेजस-प्रचंड व सारंग-सूर्यकिरण ने दिखाए हवाई करतब

जोधपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक दौर में सुरक्षा का मतलब केवल सीमा की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि नई तकनीकों और आत्मनिर्भरता के बल पर वैश्विक स्तर पर खुद को मजबूत बनाना भी है। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आधुनिक युद्ध और संकट के समय कोई भी देश लंबे समय तक युद्ध नहीं लड़ सकता, जब तक कि वह खुद अपने हथियार और महत्वपूर्ण तकनीक न बनाता हो। इसी कड़ी सोच ने भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अपनी राष्ट्रीय नीति बनाने के लिए प्रेरित किया है।

सिंह शनिवार को एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान समय की सच्चाई को समझा है कि संकट के समय, कोई भी देश लंबे समय तक चलने वाले युद्ध तब तक नहीं लड़ सकता जब तक कि वह अपने हथियार और ज़रूरी टेक्नोलॉजी खुद बनाने में सक्षम न हो। इसी वजह से हमने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय नीति के तौर पर अपनाया। हमने ध्रुव, प्रचंड सहित अन्य विकसित किए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि समय बदल रहा है। हवा और समुद्र के अलावा अन्य विकल्प हैं। साइबर, स्पेस, इंफार्मेशन का उपयोग न्यू नार्मल हो गया। महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों, महत्वपूर्ण समुद्री रेंज और कमजोर चोक प्वाइंट को सक्रिय हथियार बना रहे हैं। इस दौरान अनमेंड हथियारों का उपयोग बढ़ा हैं। भारत रणनीतिक प्रभावों के साथ अपने क्षेत्र और उससे परे के विकास की लगातार निगरानी कर रहा है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध की तकनीक लगातार ● शेष पेज 11 पर

एसआईआर के समर्थन में उतरे पूर्व अधिकारी

एजेंसी

नई दिल्ली। सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच देश के 124 पूर्व अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पुरजोर समर्थन किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और संबद्ध सेवाओं के 124 पूर्व अधिकारियों ने देश के नागरिकों के नाम खुला पत्र जारी कर ये बात कही है। अधिकारियों ने खुले पत्र में चुनाव आयोग और एसआईआर का समर्थन करते हुए कहा है कि विश्वसनीय सुबूतों के बिना चुनाव में धांधली के आरोप लगाए जाने पर सवाल उठाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारत की चुनावी व्यवस्था बूथ कैप्चरिंग, मतपेटियों में फर्जी वोट डालने और चुनावी हिंसा के दौर से काफी आगे बढ़ चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि आज की चुनाव प्रणाली में कई स्तरों पर जांच और सुरक्षा



के इंतजाम हैं। इनमें मतदान एजेंटों की मौजूदगी, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सील करना, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा और वीवीपैट पर्चियों का सत्यापन शामिल है। अधिकारियों ने पिछले साल हुए बिहार विधानसभा चुनाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इन चुनावों में कहीं भी दोबारा मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी और 1951 के बाद सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया। पत्र में कहा गया है कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो व्यवस्था ईमानदार और हारने पर धांधली वाली नहीं हो सकती। पत्र में कहा है कि इसी चुनाव आयोग के कार्यकाल में केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा कई राज्यों ● शेष पेज 11 पर

ईरानी नेता खामेनेई की हत्या हमारी गलतीः यायर गोलान

यरुशलम, एजेंसी। इजरायल की प्रमुख विपक्षी पार्टी द डेमोक्रेट्स के नेता यायर गोलान ने शनिवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को गलती करार दिया है।

उन्होंने कहा कि इससे इजरायल के राष्ट्रीय हितों को फायदा नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। गोलान ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि खामेनेई की हत्या एक गलती थी। ऐसा इसलिए नहीं कि वह मौत के हकदार नहीं थे, बल्कि इसलिए कि इससे इजरायल के हितों की पूर्ति नहीं होती। खामेनेई को खत्म करना एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता था। लेकिन हमने एक बेहतरीन रणनीतिक मौका गंवा दिया। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इजरायल की सुरक्षा पक्की करने वाली क्षेत्रीय कूटनीतिक पहल का नेतृत्व करने के बजाय स्थिति को संभालने के लिए कोई कूटनीतिक रणनीति नहीं बनाई।नतीजा यह हुआ कि अनुभवी नेतृत्व के हटने से ईरान के सुरक्षा ढांचे में सबसे ऊपर बैठे और भी ज्यादा कट्टर और हिंसक गुटों की ताकत बढ़ गई। इस तरह ● शेष पेज 11 पर

परमाणु हथियार को सामान्य औजार की तरह न देखा जाए : भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कड़े शब्दों में कहा है कि परमाणु हथियारों को सामान्य औजार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति की पूर्ण बैठक में अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए ये बात कही। भारत ने कहा कि वह परमाणु धमकियों के आगे कभी नहीं झुकेगा। आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की यह समिति निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचार करती है। पाक की ओर से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद भारत ने उसे करारा जवाब दिया। जिनेवा स्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत के स्थायी मिशन के वरिष्ठ सलाहकार (निरस्त्रीकरण) अनमोल शेर सिंह बेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा



है। हम भारत के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने और उन्हें वापस लौटाने की मांग करते हैं। भारत संघर्ष नहीं चाहता। भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है और सभी के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश करता है। हालांकि गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों की स्थिति में शांति केवल दो संकटों के बीच का विराम बनकर रह जाती है। भारत ने कहा हमारी सैन्य क्षमताएं खुद की सुरक्षा का आधार है। वे देश की सुरक्षा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैं और किसी भी देश के खिलाफ लक्षित नहीं हैं। हमने तनाव बढ़ने को लेकर चिंताएं सुनी हैं। ये चिंताएं जायज हैं। हालांकि, इनका सही आकलन समय के साथ देशों के आचरण को देखकर ही किया जा सकता है। भारत का रूख हर स्थिति को लेकर स्पष्ट है। भारत ने कहा कि यदि कोई देश सैन्य या ● शेष पेज 11 पर

मंच का दुरुपयोग कर रहा पाक

भारत ने कड़े शब्दों में कहा, यह खेदजनक है कि इस्लामाबाद जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठ और भ्रामक बातें फैलाकर विश्व संगठन के मंच का लगातार दुरुपयोग कर रहा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति में पाकिस्तान के एक बयान के जवाब में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठ और भ्रामक बातें फैलाने से बाज नहीं आ रहा। महिमा कुमारी मेवाड़ उन 15 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जो संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली से परिचित होने के कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह की शुरुआत में यहां पहुंचा था।

कानूनी पेंच में फंसे बच्चों के नाम सार्वजनिक न हों : सीजेआई

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि 'कानून के साथ टकराव में आए बच्चों' के नाम खबरों और इंटरनेट से दूर रखे जाने चाहिए, और यह वाक्यांश एक स्थिति को बताता है, न कि पहचान को। वे यूनीसेफ के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी द्वारा आयोजित 'जुवेनाइल जस्टिस (बच्चों की देखभाल और सुरक्षा) अधिनियम, 2015 के दस सालः प्रगति, चुनौतियां और अगले दशक के लिए प्राथमिकताएं' पर राष्ट्रीय वार्षिक स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि किसी कानून के लिए 10 साल का समय कम होता है, लेकिन यह बचपन के आधे से ज्यादा समय के बराबर है। उन्होंने कहा कि 2015 का अधिनियम यह मानता है कि अगर किसी बच्चे को दूसरा मौका दिया जाए, तो उसके अपराधी का ठप्पा लगने वाले बच्चे की



तुलना में समाज का एक उपयोगी सदस्य बनने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि सफर असल में तभी खत्म होता है जब अतीत का साया भविष्य पर न पड़े। इसके लिए, हमें पुराने रिकॉर्ड समय पर नष्ट करने होंगे और 'कानून के साथ टकराव में आए बच्चों' के नामों को खबरों और इंटरनेट से दूर रखना होगा, जहां वे सालों तक बने रह सकते हैं। सीजेआई ने कहा कि पुनर्वास जो किसी संस्थान के गेट पर ही खत्म हो जाए, वह असल में पुनर्वास नहीं है, क्योंकि समाज में फिर से शामिल होने का मतलब है किसी युवा की परिवार, स्कूल और समुदाय में बिना किसी कलंक के जगह बहाल ● शेष पेज 11 पर

राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल के सीजेपी गुट बीच चल रही है खतरनाक अराजक प्रतिस्पर्धा

विपक्ष विदेशी ताकतों के इशारे पर अराजकता फैलाने का रच रहा है गहरा षड्यंत्र : नवीन

एजेंसी

- संवैधानिक संस्थाओं और सर्वोच्च पदों की गरिमा को किया जा रहा है तार-तार



नईदिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने देश को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे अराजकतावादी तत्वों पर कड़ा प्रहार करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला किया है। नवीन ने आरोप लगाया है कि लोकतंत्र में जनता द्वारा लगातार नकारे जाने की हताशा में यह विघटनकारी समूह अब विदेशी ताकतों के इशारे पर भारत की प्रगति को रोकने और अस्थिरता फैलाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन और दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल के सहयोगी सीजेपी जैसे समूह मिलकर देश की सुख, शांति और तीव्र विकास को बाधित करने की खतरनाक अराजक प्रतिस्पर्धा में लगे हुए हैं।

नवीन ने कहा है कि ये प्रयास राजनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ विदेशी ताकतों के इशारे पर किए जा रहे हैं। वैश्विक संकटों के बावजूद भारत निरंतर विकास और प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा है,यह बात विपक्ष को चुभ रही है। वह भारत के विकास, तरक्की और उन्नति को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि भारत के लोकतंत्र में इतनी ताकत है कि देश के सभी देशभक्त और राष्ट्रभक्त मिलकर इनके मंसूबों पर पानी फ़ेर देंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को भय के वातावरण से बाहर निकाला है। आतंकवाद को जड़ से खत्म करने और देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के प्रयास किए हैं। इसके बावजूद, कुछ अर्बन नक्सल मानसिकता वाले लोग आज भी देश को अस्थिर करने में लगे हुए हैं। मगर राहुल गांधी के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के संरक्षण में फल-फूल रही ''अर्बन नक्सल'' मानसिकता वाली शक्तियां आज भी देश की सुरक्षा और संप्रभुता को चुनौती देने की नाकाम कोशिश कर रही हैं। संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने वाले विपक्ष का असली चेहरा बेनकाब हो गया है; आज वे स्वयं देश की संवैधानिक संस्थाओं और सर्वोच्च पदों की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं। भारत का मजबूत लोकतंत्र और देश के 140 करोड़ राष्ट्रभक्त नागरिक एकजुट होकर विपक्ष के इन सभी देशविरोधी और विघटनकारी मंसूबों पर पूरी तरह से पानी फ़ेर देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार उनके गलत मंसूबों से सख्ती से निपटेगी और पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर उनकी कोशिशों को नाकाम करेंगे।

कैप्टन स्मित मच्छार पर हुए हमले की एनआईए जांच करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान के कॉकपिट में कैप्टन स्मित मच्छार पर हुए हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने हमले के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका को देखते हुए मामला दर्ज किया है। अब एनआईए हमले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर साजिश की कड़ियों का पता लगाने में जुटेगी। एनआईए द्वारा नौ अक्तूबर को दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, 30 सितंबर, 2026 को फ्लाईदुबई की फ्लाइट नंबर 1073 के फर्स्ट ऑफिसर ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को कॉकपिट में कुल्हाड़ी से वार किया था। एफआईआर में ओमान के फर्स्ट ऑफिसर को आरोपी बताया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एंटी-हाईजैकिंग एक्ट, 2016 की धारा 3 (हाईजैकिंग) और अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट, 1967 की धारा 16 के साथ धारा 15(1)(ए) लगाई है। यूएपीए की धारा 16 में आतंकवादी कृत्य के लिए ● शेष पेज 11 पर

राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉल पर जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल, अधिकारियों को दिए मदद के निर्देश

❐ नाव से घर-घर पहुंचाई जा रही राहत सामग्री, प्रभावित परिवारों की जरूरतों को प्राथमिकता देने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बाढ़ से जूझ रहे परिवारों की मदद के लिए राहत अभियान जारी है। इस बीच रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉल के माध्यम से बाढ़ प्रभावित निवासी राजमणि तिवारी से बातचीत कर उनका हाल जाना। उन्होंने क्षेत्र में जलभराव की स्थिति और प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचने की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी जरूरतमंद को सहायता के अभाव में परेशानी न हो और राहत कार्यों में कोई कमी न रहने पाए। भार्गव कॉलोनी और गणेश विहार कॉलोनी में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित करने के दौरान रक्षा मंत्री के विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह के मोबाइल पर राजनाथ सिंह की वीडियो कॉल आई। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं से प्रभावित इलाकों की स्थिति दिखाने और बाढ़ के हालात की जानकारी देने को कहा। वीडियो कॉल के दौरान रक्षा मंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों, एडीएम सिटी और एसडीएम सदर से भी बातचीत की। उन्होंने प्रभावित परिवारों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने, राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। राहत अभियान में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रक्षा मंत्री के विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, पुष्कर शुक्ला सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे रहे।

नाव से घर-घर पहुंच रही राहत सामग्री

बाढ़ प्रभावित इलाकों में जलभराव के कारण आवागमन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए राहत दल नाव के माध्यम से घर-घर पहुंच रहे हैं। प्रभावित परिवारों को भोजन के पैकेट, पेयजल और रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य उन परिवारों तक भी राहत पहुंचाना है, जिनके लिए जलभराव के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

अधिकारियों से लगातार ले रहे स्थिति की जानकारी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात पर लगातार नजर रख रहे हैं और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ले रहे हैं। उनके निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं और जिला प्रशासन के समन्वय से राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। प्रयास है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को समय पर जरूरी सहायता मिले और संकट की इस घड़ी में उनकी परेशानियों को कम किया जा सके।

मंडल रेल प्रबंधक ने बनारस-झूंसी रेलखंड का किया विंडो निरीक्षण

❐ निरीक्षण के दौरान झूंसी, हंडियाखास एवं भीटी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं एवं रेल संरक्षा का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। रेल परिचालन की संरक्षा, यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता तथा संरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने आज 10 अक्टूबर 2026 को अपने मंडलीय अधिकारियों के साथ बनारस-झूंसी रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने झूंसी, हंडियाखास एवं भीटी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई का जायजा लिया तथा संबंधित स्टेशन मास्टरों एवं हंडियाखास स्टेशन पर पॉइंट्समैन से गाड़ियों के परिचालन और संबंधित नियमों के अनुपालन की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने पैनल इंटरलॉकिंग, आपातकालीन बटन, संकेतक एवं डिस्प्ले, संचार उपकरण, समपार फोन तथा अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता की जांच की। हंडियाखास स्टेशन पर उन्होंने रिले रूम, आईपीएस रूम, बैटरी रूम, एक्सल काउंटर एवं डाटा लॉगर का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कर्मचारियों की योग्यता एवं तत्परता का आंकलन किया तथा संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करने, स्टेशन परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने, सभी संरक्षा उपकरणों को कार्यशील स्थिति में रखने तथा रेल परिचालन में संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (तृतीय) आयुष कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष पाण्डेय, मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर पुष्पेंद्र बैस, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक डी.के. सिंह तथा सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर गोपाल दास गुप्ता सहित संबंधित वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

नवरात्रि से पहले कोरांव में रात्रिकालीन सफाई अभियान तेज, चेयरमैन ने किया औचक निरीक्षण




प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पावन शारदीय नवरात्र पर्व के शुभ आगमन को देखते हुए नगर पंचायत कोरांव द्वारा रात्रि में चलाए जा रहे वृहद सफाई अभियान का चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने औचक निरीक्षण किया। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों और प्रमुख चौराहों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चेयरमैन ने मौके पर उपस्थित सफाई कर्मियों व प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय नगर में स्वच्छता व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि पर मंदिरों और बाजारों में भीड़ बढ़ेगी, इसे देखते हुए विशेष सफाई पर जोर दिया जाए। चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस पावन पर्व पर अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना योगदान दें। नवरात्र में बंद रहेंगी शहर की सभी मांस-मछली की दुकानें, मंदिरों के 500 मीटर के दायरे व काशी विश्वनाथ धाम के दो किमी क्षेत्र में भी मांस-मछली की बिक्री व पशुवध पर पूर्ण प्रतिबंध, श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने जारी किया आदेश, उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई।

नमो घाट पर होने वाले ' एयर शो डिस्प्ले' के दौरान बर्ड-हिट रोकने को 19 से 26 अक्टूबर तक 30 किमी परिधि में मांस कटिंग व बिक्री बंद

वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवरात्र में शहर की सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। नगर निगम ने यह आदेश श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया है। इसके अलावा शासनादेश के तहत किसी भी धार्मिक स्थल या मंदिर के 500 मीटर के परिक्षेत्र में तथा निगम सदन के प्रस्ताव के अनुपालन में श्री काशी विश्वनाथ धाम को केंद्र मानकर दो किलोमीटर की परिधि में मांस की बिक्री, उपयोग और पशुवध पर पूरी तरह से रोक रहेगी। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक शहर की सभी मांस, मछली और मुर्गी की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। ?इस क्रम में सभी जोन के कर्मचारियों को सघन अभियान चलाकर आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, और शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ?इसी के साथ भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर काशी के नमो घाट पर आयोजित होने वाले भव्य 'एरियल डिस्प्ले-2026' को शासन ने 'स्टेट इवेंट' घोषित किया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और भी बढ़ा दी है। 22, 23 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस ऐतिहासिक एयर शो (26 अक्टूबर रिजर्व डे) के मद्देनजर फाइटर जेट्स की सुरक्षा और 'बर्ड-हिट' की आशंका को पूरी तरह खत्म करने के लिए नमो घाट के 20 से 30 किलोमीटर के दायरे में 19 से 26 अक्टूबर तक मांस-मछली की बिक्री और कटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ?नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के मुताबिक, इस एक हफ्ते के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों की गतिविधियों को रोकने के लिए निगम विशेष स्वच्छता अभियान चलाएगा। गंगा घाटों पर जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए नदी के गहरे जल क्षेत्रों में प्रभावी बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, तथा संवेदनशील मार्गों पर अवरोधक रहेंगे ताकि दर्शक अनियंत्रित होकर गहरे पानी में न जाएं। इसके अलावा पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार, जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन इस महा आयोजन को पूरी तरह सुरक्षित, सुचारू और ऐतिहासिक बनाने के लिए युद्धस्तर पर जुटे हैं।

अयोध्या से लड़ने की चुनौती अखिलेश जी ने दी, योगी जी ने स्वीकार की, अब भाग क्यों रहे हैं : डॉ. राजेश्वर सिंह



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अयोध्या से मुकाबले की चुनौती अखिलेश यादव जी ने स्वयं दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा चुनौती स्वीकार किए जाने के बाद अब उनके रुख पर सवाल उठ रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है—ल्आप भी लड़िए, हम भी लड़ते हैं।ङ्क लेकिन योगी जी के चुनौती स्वीकार करते ही अखिलेश यादव और सपा के हौसले पस्त क्यों हो गए? क्या अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती देने के बाद अब हार का डर सता रहा है? क्या अखिलेश यादव और सपा ने चुनाव से पहले ही हार मानकर सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब चुनौती उन्होंने स्वयं दी थी, तो उसे स्वीकार किए जाने के बाद पीछे हटने की नौबत क्यों आ रही है। यदि उन्हें अपने नेतृत्व और जनसमर्थन पर भरोसा है, तो अयोध्या से चुनाव लड़ने की घोषणा करने में संकोच क्यों? अपने ही शब्दों से पीछे हटना कैसी राजनीति है? चुनौती देना आसान है, लेकिन उसे स्वीकार किए जाने पर अपने वादे से पीछे हटना राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व पर सवाल खड़े करता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, ल्भागिए मत, अखिलेश जी! चुनौती आपने दी, योगी जी ने स्वीकार की। अब हिम्मत जुटाइए और मैदान में उतरिए। उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरा देश आपको देख रहा है। क्या हार के डर से आपने और आपकी पार्टी ने चुनाव से पहले ही हथियार डाल दिए हैं? क्या सपा ने पहले ही हार मान ली है? यदि ऐसा नहीं है, तो अयोध्या से चुनाव लड़ने का ऐलान कीजिए और जनता के सामने मुकाबला कीजिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में विश्वसनीयता बयानबाजी से नहीं, बल्कि अपने शब्दों पर कायम रहने से बनती है। अब अखिलेश यादव जी को तय करना है कि वह अपनी चुनौती पर अडिग रहेंगे या चुनौती स्वीकार होते ही पीछे हटने का संदेश देंगे। जनता सब देख रही है और जवाब भी मांग रही है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मूर्ति विसर्जन घाट भिटौरा का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

फतेहपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शनिवार को भिटौरा मूर्ति विसर्जन घाट का जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग से मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढों की तैयारियों के बारे में पूछा व घाट पर बोट व गोताखोर, रस्सी की व्यवस्था कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने तीनों तहसीलों के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के मूर्ति विसर्जन घाटों का भ्रमण कर निरीक्षण कर लें एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराकर की सूचना से अवगत कराएं। अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि बिजली की व्यवस्था निर्बाध बनी रहे और अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सड़क पर जहां गड्ढा है वहां बालू या मलबे से पूराई कराकर सड़क को ससमय सही कराने के निर्देश दिए, जिससे मूर्ति विसर्जन में रास्ते की समस्या न रहे।

कोरांव में नए आपूर्ति निरीक्षक पर सुविधा शुल्क बढ़ाने के आरोप, गरीबों के राशन पर संकट

❐ 150 दुकानों वाले तहसील में कोटेदारों में दहशत, कई गांवों की दुकानें वर्षों से निरस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । कोरांव तहसील में आपूर्ति निरीक्षक के पद पर पूर्व में तैनात सुनील सिंह का ट्रांसफर मिर्ज़ापुर जनपद होने के बाद नए आपूर्ति निरीक्षक की तैनाती हुई है। पूर्व इंस्पेक्टर के कार्यकाल को क्षेत्र में सराहनीय बताया जा रहा है, लेकिन नए इंस्पेक्टर के आने के बाद से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

कोटेदारों का आरोप - बढ़ा सुविधा शुल्क का दबाव

नाम न छापने की शर्त पर कई उचित दर विक्रेताओं ने बताया कि नए इंस्पेक्टर द्वारा सुविधा शुल्क बढ़ाने का दबाव बनाया जा रहा है। एक कोटेदार ने बताया कि ''चोरी मजबूरी में करनी पड़ती है, न करें तो हर महीने सुविधा शुल्क कहां से दें।'' आरोप है कि कोटेदार जो घटतौली कर बचाता है, वह हर महीने इंस्पेक्टर को देना पड़ता है। यदि सुविधा शुल्क लेना बंद हो जाए तो अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को पूरा राशन मिल सकता है।

व्यवस्था पर सवाल

क्षेत्र में लगभग 150 कोटे की दुकानें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई गांवों की दुकानें कई वर्षों से निरस्त पड़ी हैं, आज तक उनका चयन नहीं हुआ है। कई जगह दुकानें अटैच कर चलाई जा रही हैं, जिससे गरीब जनता को राशन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है। यह भी आरोप है कि कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं होती, बाबू के भरोसे कार्यालय चल रहा है। जनता अपनी फरियाद किससे करे, यह बड़ा सवाल है। कोटेदारों का यह भी कहना है कि जो कोटेदार गलत कामों का विरोध करता है, उसकी दुकान शिकायत कराकर निलंबित/निरस्त करा दी जाती है या निरीक्षक खुद मौके पर जाकर कमी निकालकर दबाव बनाते हैं। क्षेत्रीय लोगों के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही हैं तो संबंधित इंस्पेक्टर को कोरांव से हटाया जाए ताकि गरीबों को उनका हक का पूरा राशन मिल सके।

सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, 51 तोतों को पिंजरे से किया मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । ऐशबाग स्थित डीएवी कॉलेज, पंडित रास बिहारी तिवारी मार्ग पर श्री राधा रमण सेवा समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन वृंदावन धाम से आए परम पूज्य पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के समापन पर विश्राम आरती, हरिनाम संकीर्तन और भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। आयोजक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि कथा के विश्राम दिवस पर शुकदेव जी महाराज के स्वरूप से प्रेरित होकर 51 तोतों को पिंजरों से मुक्त किया गया। इसके बाद विश्राम आरती हुई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भव्य भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, मुन्ना, समीर मित्तल, नवीन गुप्ता, रोहित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनुराग मिश्रा, आनंद रस्तोगी, शिवम अग्रवाल, आरएन सिंह, सुनील कुमार मिश्रा, कुश मिश्रा, दिव्यांशु शुक्ला और साकेत शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

सतत निर्माण सामग्री और मजबूत बुनियादी ढांचे पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

❐ इंटीग्रल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, युवा शोधकर्ताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इंटीग्रल विश्वविद्यालय में सतत निर्माण सामग्री, परिवहन भू-तकनीकी और मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शनिवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑडिटोरियम में आयोजित समापन समारोह में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री, आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास पर विचार साझा किए।

विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस सम्मेलन में इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी (ऋद्ध), लखनऊ चैप्टर ने सहयोग किया। वहीं, एट्ऋ-एउटऋ और एट्ऋ-एटटऋ तकनीकी भागीदार रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में नवीन तकनीकों, सतत विकास और उन्नत इंजीनियरिंग पद्धतियों को प्रोत्साहित करना रहा। इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन अध्यक्ष प्रो. फुरकान कमर ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिविल इंजीनियरों ने प्राचीन काल से ही सभ्यताओं के निर्माण, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बदलते समय में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी समाधान खोजा जा सके। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तकनीकी सलाहकार विजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे का विकास समाज की आवश्यकताओं और जनकल्याण को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

सम्मेलन के दौरान परिवहन भू-तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट शोध करने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों और संगठनों से जुड़े युवा शोधकर्ताओं को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों के माध्यम से शोध की गुणवत्ता, मौलिकता और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित किया गया।

रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच सीनियर्स ने जूनियर्स का किया स्वागत, भव्या और भूमिका बनीं मिस फ्रेशर्स

❐ इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुतियों से बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। इंदिरा नगर स्थित इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को सीनियर छात्राओं की ओर से जूनियर छात्राओं के स्वागत के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत और विभिन्न प्रतियोगिताओं से सजे कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान स्नातक और परास्नातक की छात्राओं के बीच मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत बीकॉम की छात्रा कशिश ने 'गजाननाय गणदेवताय' पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर की। इसके बाद बीएड की छात्राओं आयुषी अंजलि, दिव्यांशी और सुनयना ने 'चिरीकल्ले पेन्ने' गीत पर शानदार नृत्य किया। 'डिस्को दीवाने' पर जान्हवी, कशिश, अविका, यूवी, श्रेया, अपूर्वा, कशफ और अर्जिता की प्रस्तुति पर छात्राओं ने जमकर तालियां बजाईं। बीए की छात्राओं इल्मा, अर्जुमंद और ज्योति ने रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बीएससी की छात्राओं सौम्या, सपना और श्रेया ने पंजाबी गीत 'हुस्न दी रानी' पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता रही। तीन चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में स्नातक वर्ग से बीकॉम की भव्या चोपड़ा को मिस फ्रेशर्स चुना गया। बीए की अदिति शुक्ला प्रथम रनरअप और बीएससी की अंशिका द्वितीय रनरअप रहीं। वहीं, परास्नातक वर्ग में बीएड की भूमिका गुप्ता ने मिस फ्रेशर्स का खिताब अपने नाम किया। निदा प्रथम रनरअप और हिमानी आर्या द्वितीय रनरअप चुनी गईं। अन्य पुरस्कारों में स्नातक वर्ग से जिकरा सिद्दीकी और परास्नातक वर्ग से अनम को मिस चार्मिंग का अवार्ड मिला। ब्यूटीफुल आइज का पुरस्कार अनिता और प्रतिभा, हेयर स्टाइल का पुरस्कार सुहानी और तनुप्रिया तथा बेस्ट स्माइल का पुरस्कार अंशिका और गुंजन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक ख्वाजा फैज यूनुस, सचिव ख्वाजा सैफी यूनुस, विशिष्ट अतिथि डॉ. सना हसन, सहायक प्रोफ़ेसर, डिपार्टमेंट ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड कॉस्मेटोलॉजी (आईयूएमसी) और कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा खान सहित सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं।

लिवर में इंसुलिन रेजिस्टेंस से बढ़ती है खाली पेट शुगर

❐ यूपी डायबिटीज एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ, 'लंग एंड डायबिटीज' पुस्तक का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह का शनिवार को ताज पैलेस में उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में मधुमेह के बदलते स्वरूप, उपचार की आधुनिक पद्धतियों और बुजुर्ग मरीजों के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई के कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह रहे। इस अवसर पर प्रो. नरसिंह वर्मा, प्रो. अजय वर्मा, डॉ. शिवम वर्मा, डॉ. मिली सेंगर और डॉ. पूजा कनोडिया द्वारा लिखित पुस्तक 'लंग एंड डायबिटीज' का विमोचन किया गया। वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रो. नरसिंह वर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में 10 चिकित्सकों को मेडिकल केयर एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए। इनमें डॉ. अजय तिवारी, डॉ. पीयूष खेरा, डॉ. आदित्य कपूर, डॉ. मुकुलेश गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक अरुण और डॉ. समीर गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। समारोह के वैज्ञानिक सत्र में विशेषज्ञों ने मधुमेह से जुड़ी कई अहम जानकारियां साझा कीं। आरएसएसडीआई के अध्यक्ष-इलेक्ट डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया कि लिवर में इंसुलिन रेजिस्टेंस खाली पेट रक्त शर्करा बढ़ने का प्रमुख कारण है। इस स्थिति को समझना मधुमेह के बेहतर प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। पुणे के डॉ. संजय अग्रवाल ने बुजुर्ग मधुमेह रोगियों में मांसपेशियों के क्षय के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस विषय को वजन घटाने वाली दवाओं के बढ़ते इस्तेमाल के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। विशेषज्ञों के अनुसार, बुजुर्ग मरीजों में वजन कम करने के साथ मांसपेशियों की मजबूती और शारीरिक क्षमता बनाए रखना भी जरूरी है। वहीं, जयपुर से आए आरएसएसडीआई के सचिव डॉ. राकेश पारिख ने डायबिटिक रिमिशन की अवधारणा पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तेजी से वजन घटाने से कुछ मरीजों में मधुमेह को नियंत्रित करने या रिमिशन की स्थिति हासिल करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, इसे बीमारी का स्थायी अंत नहीं मानना चाहिए। रिमिशन की स्थिति में भी नियमित जांच, जीवनशैली में सुधार और चिकित्सकीय निगरानी जरूरी है। समारोह में विशेषज्ञों ने मधुमेह की रोकथाम, बेहतर उपचार और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

धार्मिक आयोजनों में विधर्मियों ने प्रवेश किया तो खैर नहीं : विहिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी । आगामी नवदुर्गा उत्सव, दुर्गा पंडालों, डांडिया कार्यक्रमों और मेलों में प्रवेश व्यवस्था सख्त करने तथा धार्मिक मर्यादा बनाए रखने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शनिवार को संयुक्त प्रेस वार्ता की। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में आयोजित वार्ता में पदाधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा, धार्मिक आयोजनों में प्रवेश और मेलों में दुकानों के आवंटन का मुद्दा उठाया।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री सोमेंद्र यदुवंशी ने कहा कि हिंदू समाज के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक हैं। इनकी पवित्रता बनाए रखना आयोजन समितियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग योजनाबद्ध तरीके से धार्मिक आयोजनों में प्रवेश कर व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि धार्मिक आयोजनों की मर्यादा भंग करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मंदिरों, दुर्गा पंडालों, डांडिया कार्यक्रमों और मेला स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की। दुर्गा वाहिनी की विभाग संयोजिका संगीता जोशी ने महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग आयोजनों में छेड़खानी जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आयोजन समितियों से प्रवेश व्यवस्था मजबूत रखने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि किसी को हिंदुत्व और हिंदू संस्कृति से इतना प्रेम है, तो उसे घर वापसी कर लेनी चाहिए। उन्होंने मेलों में दुकानों के आवंटन के दौरान धार्मिक आयोजनों की प्रकृति और हिंदू समाज की भावनाओं का ध्यान रखने की मांग भी की। कहा कि जब हिंदुत्व से विधर्मियों को इतनी नफरत है तो उनके नाम पर व्यवसाय क्यों करते हैं।

नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने बाढ़ प्रभावित फैजुल्लागंज, दाउदनगर क्षेत्र का लिया जायजा, प्रभावितों को वितरित की राहत सामग्री

❐ प्रभावित परिवारों को भोजन, पानी और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश, राहत शिविरों में चिकित्सा सुविधाओं का भी किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ के बाढ़ प्रभावित फैजुल्लागंज-दाउदनगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें राहत सामग्री वितरित की।

मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयों सहित दैनिक आवश्यकताओं की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि संकट की इस घड़ी में उन्हें समय पर राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखने और स्थानीय लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए।

मंत्री श्री शर्मा ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया कि राहत शिविरों में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने और लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने पर भी जोर दिया। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप राहत सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहकर स्थिति की निरंतर निगरानी करें और लोगों को राहत पहुंचाने के कार्यों में तत्परता बरतें।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मंत्री श्री ए.के. शर्मा द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई।राहत सामग्री मिलने पर स्थानीय निवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया। प्रभावित परिवारों ने संकट की इस घड़ी में सहायता उपलब्ध कराने के लिए मंत्री श्री शर्मा एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार सहित नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नवरात्र से पहले बाढ़ ने रोकी मां चंद्रिका देवी के दर्शन की राह

❐ नवरात्र में दर्शन शुरू होने पर संशय, त्योहार के लिए उधार लेकर जुटाया था सामान कारोबारियों को पूंजी डूबने की चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । शारदीय नवरात्र से ठीक पहले गोमती की बाढ़ ने मां चंद्रिका देवी धाम में आस्था के साथ कारोबार पर भी संकट खड़ा कर दिया है। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के इलाके तक पानी भरने और धाम तक पहुंचने वाले रास्तों पर करीब चार फीट तक जलधारा बहने से दर्शन की राह बंद हो गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मेला कमेटी ने दर्शन पर अनिश्चितकालीन रोक लगा दी है। शनिवार को अमावस्या पर मां के दर्शन की उम्मीद लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को बिना पूजा-अर्चना किए लौटना पड़ा। रविवार से नवरात्र शुरू होने के कारण अब भक्तों की निगाहें पानी उतरने और दर्शन व्यवस्था बहाल होने पर टिकी हैं। गोमती का जलस्तर बढ़ने से पिछले करीब एक सप्ताह से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भरा है। परिसर की प्रसाद, मिठाई, खिलौने और कॉस्मेटिक की करीब 250 दुकानें तथा होटल जलमग्न हैं। मंदिर तक जाने वाले रास्तों पर तेज जलधारा बहने से आवागमन बाधित है। मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग कर पुलिस तैनात की गई है। जलभराव के कारण धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद होने से नवरात्र की तैयारियां भी प्रभावित हुई हैं।

नवरात्र में दर्शन को लेकर बढ़ी चिंता

शारदीय नवरात्र में मां चंद्रिका देवी धाम में लखनऊ समेत आसपास के जिलों और दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पहले दिन से ही यहां भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है। इस बार पर्व से ठीक पहले आई बाढ़ ने श्रद्धालुओं की तैयारियों पर पानी फ़ेर दिया है। मंदिर परिसर में भारी जलभराव और रास्तों पर पानी का बहाव देखते हुए दर्शन कब शुरू होंगे, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। जलस्तर कम होने और रास्ते सुरक्षित होने के बाद ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बहाल हो सकेगी।

पौराणिक मान्यताओं से जुड़ा है प्राचीन धाम

बख्शी का तालाब क्षेत्र के कठवारा गांव के समीप आदि गंगा गोमती के तट पर तीन ओर से नदी से घिरे टापू पर मां चंद्रिका देवी का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर की महिमा को लेकर कई पौराणिक कथाएं और जनश्रुतियां प्रचलित हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के दौरान लक्ष्मण पुत्र चंद्रकेतु यज्ञ का घोड़ा लेकर उत्तर दिशा की ओर जा रहे थे। रात्रि होने पर उनकी सेना ने वर्तमान कठवारा क्षेत्र के घने जंगल में विश्राम किया। अंधकार से भयभीत चंद्रकेतु ने अपनी माता उर्मिला द्वारा बताए गए मंत्र का जाप किया। जनश्रुति के अनुसार, उनकी आराधना से मां ज्योति स्वरूप में प्रकट हुईं और पूरा जंगल प्रकाशमय हो गया। सुबह चंद्रकेतु ने सरोवर में स्नान कर नीम के वृक्ष की खोह में विराजमान मां की पूजा-अर्चना की और आगे की यात्रा पर निकल गए।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की नई कार्यकारिणी गठित, अनूप कुमार सिंह बने जिलाध्यक्ष

❐ अभिनव मिश्रा को जिला मंत्री और पुनीत कुमार तिवारी को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी, निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में पूरी हुई चुनाव प्रक्रिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की जनपद लखनऊ इकाई की नई जिला कार्यकारिणी का गठन कल्विन तालुकेदार इंटर कॉलेज में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। चुनाव में संगठन के विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अनूप कुमार सिंह को जिला अध्यक्ष, अभिनव मिश्रा को जिला मंत्री, पुनीत कुमार तिवारी को जिला कोषाध्यक्ष तथा नरेंद्र मोहन यादव को जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही संगठन की जिला इकाई को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी शिव कैलाश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष, तथा चुनाव पर्यवेक्षक दीपक कुमार त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्राम सिंह यादव, संयोजक प्रदेश न्याय समिति और अनूप कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष की देखरेख में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई।नई कार्यकारिणी के गठन को संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला इकाई के पदाधिकारियों के सामने माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके निराकरण के लिए प्रभावी पहल करने की जिम्मेदारी होगी।शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवा संबंधी विभिन्न मामलों में आने वाली समस्याओं, लंबित मांगों और अन्य विभागीय विषयों को उठाने में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। ऐसे में नई कार्यकारिणी से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की अपेक्षा की जा रही है।नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष संगठन को मजबूत करने, कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने की चुनौती होगी। नई टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह संगठन की गतिविधियों को गति देते हुए शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हितों और अधिकारों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

❐ एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़े परिजन, करीब एक घंटे बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में तहसील कार्यालय के आगे शकुंतला लॉन के पास शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजन एफआईआर दर्ज न होने से आक्रोशित हो गए। उन्होंने शव खेत में रखकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

बन्नौर निवासी राहुल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 21 वर्षीय भाई रितेश यादव भैंसामऊ में ब्लड कलेक्शन की दुकान चलाता था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद करके घर लौट रहा था। आरोप है कि तहसील कार्यालय के आगे शकुंतला लॉन के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में रितेश की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों ने मुकदमा दर्ज न किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने शव खेत में रखकर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजन एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चिनहट में पूर्व सैनिक के साथ मारपीट, लोहे की रॉड और पिस्टल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । बीबीडी थाना क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक के साथ मारपीट करने और लोहे की रॉड व पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त तहरीर के अनुसार, सूबेदार रामजियावन निवासी ग्राम नूरपुर बेहटा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ ने पुलिस को बताया कि 7 अक्टूबर 2026 की रात करीब नौ बजे वह अपने निजी कार्यालय से घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान नूरपुर बेहटा पुलिस चौकी के पास आदित्य कुमार और अनुज कुमार समेत कुछ लोग उनके पास पहुंचे। आरोप है कि उनके साथ दो अज्ञात व्यक्ति भी थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड और हकी दिखाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाते हुए पुल के नीचे चलने को कहा, जहां गोली मारने की धमकी दी पुलिस अभिलेख के मुताबिक, मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है।

दो फॉर्च्यूनर की टक्कर में वाद विवाद अभद्रता का आरोप, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अतरौली क्रॉसिंग के सामने शुक्रवार शाम दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों के बीच टक्कर के बाद विवाद का मामला सामने आया है। इस संबंध में रायबरेली निवासी आशीष प्रताप सिंह की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने दूसरे वाहन के चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने, टक्कर मारने, गाली-गलौज करने और पैर पर वाहन चढ़ाने के आरोप लगाए हैं।पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता की फॉर्च्यूनर उ0ध्33इ0001 में फॉर्च्यूनर उ0ध्32ख्ख8111 के चालक ने कथित तौर पर पीछे से टक्कर मार दी। शिकायत में कहा गया है कि टक्कर से उनकी गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने दूसरे वाहन का पीछा कर उसे रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान चालक ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पैर पर गाड़ी चढ़ा दी।पुलिस ने तहरीर के अनुसार, वाहन व अज्ञात चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी-बहू से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनवारा गांव में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता सियारानी पत्नी छत्रपाल ने गांव के ही आठ लोगों पर एक राय होकर गाली-गलौज करने, लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, घटना बीते 21 सितंबर की बताई गई है। आरोप है कि नामजद आरोपी एकजुट होकर लाठी-डंडे लेकर सियारानी के घर में घुस आए और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान मां को बचाने के लिए पहुंची उनकी बेटी और बहू के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़िता ने आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरुण कुमार, अमित कुमार पुत्रगण रामशंकर, अर्चना, अनामिका, अनुज, जावित्री, सुशीला और रूपाउल निवासी धनवारा, के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

हिंद नगर वार्ड में बधाई देने वालों का लगा तांता, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने दी शुभकामनाएं



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनसेवा को अपना कर्म और जनता के प्रति जिम्मेदारी को अपना धर्म मानकर हिंद नगर वार्ड में अपनी पहचान बनाने वाले पार्षद सौरभ सिंह मोनू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पार्षद के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक और जनहित से जुड़े कार्यों की सराहना की।सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हिंद नगर वार्ड में आयोजित जन्मदिन समारोह में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रमोहन चौबे, नगर मंत्री लखविंदर सिंह लक्खा, नगर मीडिया सह-संयोजक चंद्र भूषण पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, सरोजनीनगर विधानसभा स्नातक चुनाव संयोजक सत्यम शुक्ला सहित सिख समाज के सम्मानित लोग, वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सौरभ सिंह मोनू को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनसेवा के जरिए बनाई अलग पहचान जन्मदिन समारोह में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह के बीच पार्षद सौरभ सिंह मोनू के प्रति समर्थकों का स्नेह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और समाधान के लिए प्रयास करना ही किसी जनप्रतिनिधि की असली पहचान है। समर्थकों का कहना था कि सौरभ सिंह मोनू ने अपने कार्यों और जनता के साथ निरंतर संपर्क के माध्यम से हिंद नगर वार्ड में अपनी पहचान बनाई है।

नशे से दूर रहकर शिक्षा और संस्कार से बनाएं उज्ज्वल भविष्य: अनिल कुमार वर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने शिक्षक-कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रार्थना सभा में कक्षा 11 ए की छात्राओं ने नशा मुक्ति पर तैयार पोस्टर प्रदर्शित कर जागरूकता का संदेश दिया। वहीं, समग्र शिक्षा योजना के तहत विद्यालय में विद्यार्थियों को आईटी और रिटेल का निशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में संस्थान संचालक विनय वर्मा ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर के उपयोग और महत्व की जानकारी देकर तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

अपना दल (एस) ने तेज की संगठन मजबूत करने की कवायद, चुनावी तैयारियों पर हुआ मंथन

❐ गोसाईगंज में विधानसभा मोहनलालगंज की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज, लखनऊ। अपना दल (एस) ने आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में विधानसभा मोहनलालगंज की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को गोसाईगंज स्थित द बीन बॉक्स कैफ़े में विधानसभा अध्यक्ष राम करण रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, चुनावी तैयारियों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी शिखा सिंह पटेल रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सहकारिता मंच आरके पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल और प्रदेश सचिव युवा मंच अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष युवा मंच राहुल पटेल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता राज बहादुर पटेल मुंशी, मोहम्मद रफी, जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल पटेल व मनीष पटेल, जिला महासचिव अजमेर पटेल, राम सिंह धीमान, जिला सचिव हरिशंकर पटेल व राम राज वर्मा, पटेल सेवा समिति अध्यक्ष सत्य कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष किसान मंच दिलीप पटेल, जिला महासचिव युवा मंच राहुल वर्मा और प्रांजुल पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर ट्रैफिक लाइटें गुल, कामता से चिनहट तक सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

❐ रात के अंधेरे में गुजर रहे वाहन, हादसों का खतरा बढ़ा; जिम्मेदार विभाग की अनदेखी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददात



चिनहट, लखनऊ। राजधानी के व्यस्त लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर कामता से चिनहट तक यातायात सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत चिंताजनक बनी हुई है। हाईवे पर ट्रैफिक लाइटें नहीं जलने से यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। व्यस्त मार्ग पर चन्दन हॉस्पिटल के सामने एक भी ट्रैफिक लाइट के काम नहीं करने की स्थिति में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर रात के समय यह लापरवाही दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

कामता से चिनहट तक का मार्ग दिनभर वाहनों की आवाजाही से व्यस्त रहता है। इस मार्ग से दोपहिया वाहन, कार, बस और भारी वाहन गुजरते हैं। वहीं, कामता चौराहा और चिनहट तिराहे के आसपास यातायात का दबाव भी बना रहता है। ऐसे में ट्रैफिक लाइटों का बंद रहना सड़क सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।

ट्रैफिक लाइटें बंद, व्यवस्था पर सवाल

यातायात को नियंत्रित करने और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा देने के लिए ट्रैफिक लाइटें लगाई जाती हैं, लेकिन जब यही लाइटें काम नहीं करतीं तो चौराहों और व्यस्त स्थानों पर यातायात संचालन प्रभावित होने की आशंका रहती है। कामता से चिनहट तक ट्रैफिक लाइटों के नहीं जलने की समस्या को लेकर संबंधित विभाग की जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं।

रात में बढ़ जाता है दुर्घटना का खतरा

रात के समय हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच यातायात संकेतकों का काम करना बेहद जरूरी है। ट्रैफिक लाइटें ख़राब होने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में वाहन चालकों को आगे की यातायात स्थिति समझने में परेशानी हो रही है। इससे टक्कर और अन्य सड़क हादसों का खतरा बढ़ सकता है। जबकि जिम्मेदार कई महीनों से कुंभकर्णी नींद सो रहे है।

तकनीक बनेगी आत्मनिर्भरता की ताकत, दृष्टि दिव्यांगजनों के लिए 'सॉल्यूशन वीक' का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । जयति भारतम् एवं इनेबल इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 'सॉल्यूशन वीक' कार्यक्रम का समापन जानकीपुरम स्थित जयति भारतम् परिसर में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य 'सी अ मिलियन' अभियान के तहत दृष्टि दिव्यांगजनों को डिजिटल तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और समाज में समावेशन को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विवेक सिंह तोमर, सभापति, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड एवं जयति भारतम् की सचिव सुश्री रंजना अग्निहोत्री ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर दृष्टि दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी आधुनिक डिजिटल उपकरणों की जानकारी ली।

डॉ. रेनू अग्निहोत्री ने बताया कि अभियान के तहत दृष्टि दिव्यांगजनों को स्क्रीन रीडर, मैग्नीफायर और अन्य तकनीकों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता, शिक्षा, रोजगार तथा ऑनलाइन बैंकिंग जैसी सुविधाओं का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कार्यक्रम डॉ. रेनू अग्निहोत्री एवं कोऑर्डिनेटर श्रीमती अभिलाषा अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जन उद्घोष व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद सिंह, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, आरके सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष विपिन सिंह, रोहित कुमार सहित विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

जोन-2 में स्वच्छता एवं प्लास्टिक उन्मूलन अभियान, 66,500 का जुर्माना वसूला गया



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा जोन-2 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता, सोर्स सेग्रीगेशन, होम कम्पोस्टिंग एवं प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान शुक्रवार को चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई कार्यों के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 66,500 का जुर्माना वसूला गया। जोन-2 के जोनल सेनेटरी अधिकारी श्री सतीश यादव एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजेश कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में वार्ड राजाजीपुरम स्थित फूल वाली पार्क के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं नालियों की सफाई कराई गई तथा सिल्ट का उठान कराया गया। साथ ही, लोगों को कचरे के स्रोत पर ही पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन), घर पर जैविक कचरे से खाद बनाने (होम कम्पोस्टिंग) और आसपास स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। प्लास्टिक उन्मूलन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से वार्ड मालवीय नगर में हैदरगंज तिराहे से बुलाकी अड्डे तक अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड राजाबाजार में इमामबाड़े के आसपास तथा वार्ड चन्द्रभानु गुप्त के मोती नगर स्थित दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के आसपास गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध 6 चालान कर 38,500 तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के मामले में 2 चालान कर 28,000 का जुर्माना मौके पर वसूला गया। इस प्रकार कुल 8 चालान करते हुए 66,500 की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई।

सीतापुर में आईजी किरण एस. ने परखी कानून-व्यवस्था, नवरात्रि व आगामी त्योहारों को लेकर की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा

❐ नैमिषारण्य में मां ललिता देवी मंदिर, चक्रतीर्थ, राजघाट कॉरिडोर व देव देवेश्वर घाट का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ किरण एस. द्वारा जनपद सीतापुर जनपद सीतापुर का कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की गयी इस दौरान पुलिस गेस्ट हाउस पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर (सलामी) दी गई।

इस दौरान महोदय द्वारा थाना नैमिषारण्य क्षेत्र अंतर्गत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा आगामी प्रमुख त्योहारों (दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दीपावली) की तैयारियों की बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक के उपरांत महोदय द्वारा आज अमावस्या के पवित्र पर्व और आगामी शारदीय नवरात्रि के दृष्टिगत थाना नैमिषारण्य क्षेत्रान्तर्गत स्थित मां ललिता देवी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियों का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने चक्रतीर्थ, राजघाट कॉरिडोर एवं देव देवेश्वर घाट तथा सीसीटीवी (एएट्ठ्ठ) कक्ष का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सहित अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी (दुर्गेश कुमार सिंह) एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता, थानाध्यक्ष नैमिषारण्य एवं अन्य पुलिस-प्रशासन व शासन के अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक के मुख्य बिंदु एवं दिए गए दिशा-निर्देश

आगामी त्योहारों (दुर्गापूजा, दशहरा एवं दीपावली) की सुरक्षाः- दुर्गापूजा के अवसर पर स्थापित होने वाली प्रतिमाओं, निकलने वाले विसर्जन जुलूसों, तथा स्थायी एवं अस्थायी विसर्जन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया।

- पीस कमेटी की बैठकें:- त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठकें समय से आयोजित करने पर जोर दिया गया।

- अतिरिक्त बल की तैनातीः- किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने और निरंतर सतर्क निगरानी रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निजी खर्च से ग्रामीणों ने ठीक कराया हैंडपंप, पंचायत पर अनदेखी का आरोप

❐ काफी समय से पानी के साथ आ रही थी बालू, शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर । गांव में पेयजल व्यवस्था की बदहाली से परेशान ग्रामीणों को आखिरकार अपनी जेब से रुपये खर्च कर इंडिया मार्का हैंडपंप ठीक कराना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत ने खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने की जहमत नहीं उठाई। इससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड संख्या एक में रोहिताय शिव मंदिर के पास लगा हैंडपंप हत्था और चेन टूटने के साथ ही पानी में बालू आने के कारण खराब हो गया था। समाजसेवी राजेश नंद ने मंदिर की धुलाई के लिए इसकी मरम्मत कराकर 24 सितंबर को चालू कराया था, लेकिन पानी में बालू आने की समस्या बनी रही। कुछ दिनों बाद वह फिर से खराब हो गया जिससे मुहल्ले में पानी का संकट उत्पन्न हो गया।वहीं, राकेश नंद के घर के पीछे लगा दूसरा हैंडपंप करीब दो महीने से बालू आने के कारण बंद पड़ा है।

ग्रामीणों ने 24 सितंबर को ग्राम विकास अधिकारी हिमाली पांडेय से शिकायत की थी। उन्होंने दो दिन में दोनों हैंडपंप ठीक कराने और जरूरत पड़ने पर रीबोर कराने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।आखिरकार आसपास के लोगों ने निजी खर्च से मिस्त्री बुलाकर हैंडपंप ठीक कराया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है, तो लोगों को अपनी जेब से रुपये क्यों खर्च करने पड़ रहे हैं? उन्होंने गांव के अन्य खराब हैंडपंपों को भी तत्काल ठीक कराने की मांग की है। आसपास रहने वाले पं0 उमेश कुमार गौड़, सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, आलोक शर्मा, बेचेलाल, राजेश नंद, राकेश नंद,नीरज नंद, विशाल नंद, शिवकुमार विश्वकर्मा, अवनीश कुमार गौड़,मुनीष गौड़, लल्लन गौड़, रामपाल, कमलेश कुमार, महेश कुमार,राजीव कुमार व जगदीश प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने नलों को तुरंत ठीक कराये जाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बिसवां धनंजय सिंह ने कहा कि खराब हैंडपंपों की लोकेशन भेज दी जाए। मंगलवार तक उन्हें ठीक कराकर पेयजल समस्या का समाधान कराया जाएगा।

वीएचपी ने किया संकल्प से शिखर की साधना कार्यक्रम का आयोजन

❐ कार्यक्रम का उद्देश्य अशोक सिंघल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा, समर्पण और सकारात्मक कार्यों की भावना को मजबूत करना-अभिनव ओमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर के तत्वावधान में संकल्प से शिखर की साधना कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी बाजपेई सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अशोक सिंघल के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि सुरेश कुमार खन्ना वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग लाल बांगड़ा अंतरराष्ट्रीय महामंत्री विश्व हिंदू परिषद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराम व अशोक सिंघल के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। संक्षेप में कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद अनुज कुमार सिंह द्वारा रखी गई। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल ने गाय की रक्षा करने की जिम्मेदारी विश्व हिंदू परिषद को सौंपी, यह जिम्मेदारी आज भी पूरी तरह से संगठन निभा रहा है। कहा कि अशोक सिंघल का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। राम जन्मभूमि आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित किया। कहा कि संकल्प से शिखर की साधना कार्यक्रम के माध्यम से उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारियों और अतिथियों ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा संगठनात्मक समर्पण जैसे विषयों पर विचार रखे। महानगर जिलाध्यक्ष अभिनव ओमर ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य अशोक सिंघल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा, समर्पण और सकारात्मक कार्यों की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम उनके योगदान को स्मरण करने के साथ ही उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर बनेगा। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

आधुनिक जीवन शैली मानसिक बीमारी को बढ़ावा दे रही ; डॉ अनूप कुमार

देवरिया । विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब देवरिया सदर की ओर से एक स्थानीय होटल में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, उनके कारणों और बचाव के उपायों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक तनाव को नजरअंदाज करने के बजाय उसे गंभीरता से लेना चाहिए। परिवार में संवाद, आपसी सहयोग और समय पर विशेषज्ञों की मदद से कई समस्याओं का समाधान संभव है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ. विवेक मिश्र, आईटीआई के प्रधानाचार्य केके राम, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन राकेश धर द्विवेदी और सचिव रोटेरियन हिमांशु कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मनीष शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि रागिनी सिंह ने बैज लगाकर और पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रोटेरियन हिमांशु कुमार सिंह ने कहा कि आज आत्महत्या और परिवारों के विघटन से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं।

सपा नेताओं ने मनाई मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री,पूर्व रक्षामंत्री समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की पुण्यतिथि बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और भावभवीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मुलायम सिंह यादव के व्यक्तित्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि मुलायम सिंह यादव देश के एक ऐसे बड़े महान नेता हुए हैं, जिन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया, जय प्रकाश, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए समाजवादी विचारधारा के माध्यम से देश और प्रदेश के दबे-कुचले, गरीबों, किसानों, अल्पसंख्यको, पिछड़ों व दलितों को उनका हक दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के सपनों को साकार करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार संघर्ष कर रहे हैं और देश और प्रदेश में समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि नेताजी की पुण्यतिथि पर सभी लोग संकल्प लें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव में शाहजहांपुर से सपा की सभी सीटों को भारी मतों से जिताएंगें। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव (नेताजी) ने हमेशा कमजोरों और बेसहारा लोगों की मदद करने और जाति बिरादरी से हटकर देश की तरक्की के लिए काम किया था। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, अनवर अली, रंणजय सिंह यादव, विजय सिंह, रामसूरत यादव, नीरज मिश्रा, अतिउल्ला सिद्दीकी, रामकुमार भोजवाल, संजीव वर्मा, अजफर अली, करुणा शंकर दीक्षित, ब्रह्मानंद मिश्रा, लखन प्रताप सिंह, अरविंद पाल, विकास चंद्र एडवोकेट, डॉ जितेंद्र वर्मा, उत्पल यादव, प्रसून कनौजिया, आकाश यादव, लल्ला सिंह यादव, सरताज खान, नाजिम फारुकी, किरन कठेरिया, हफीज अंसारी, जाफरीन, राजकुमार शर्मा, पीएल गौतम, नरवीर फौजी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

डा. दिनेश सक्सेना की पुत्रवधु सौम्या सोनम को मिली पीएचडी की उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। डा. दिनेश चन्द्र सक्सेना सेवानिवृत्त मुख्य नेत्र परीक्षण अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की पुत्रवधू सौम्या सोनम सिन्हा पत्नी डॉ. शशांक चन्द्रा प्रोफ़ेसर, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पटियाला पंजाब को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट सोनीपत, हरियाणा से खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्हें यह उपाधि भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सातवें दीक्षांत समारोह के दौरान दी है।

सौम्या सोनम सिन्हा के शोध का विषय खाद्य वनस्पति तेलों से द्विघटकीय ऑलिओजेल का विकास एवं खाद्य पदार्थों की तैयारी में उसका अनुप्रयोग है। उन्होंने यह शोध नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट सोनीपत के शोध-निर्देशक प्रो. आशुतोष उपाध्याय तथा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय कानपुर के सह-शोध-निर्देशक प्रो. अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। सौम्या सोनम सिन्हा की प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर बिहार में हुई। उनके पिता सुनील सिन्हा सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक हैं तथा उनकी माता सीमा सिन्हा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। उनके बड़े भाई दिव्य दुर्गेश सिन्हा वर्तमान में गोपालगंज बिहार में सिविल जज के पद पर तैनात हैं। वहीं, उनकी सास साधना सक्सेना महानगर के मोहल्ला हुसैनपुरा में डा.दिनेश चन्द्र सक्सेना के साथ निवास करती हैं। पीएचडी की उपाधि मिलने पर डा. दिनेश के परिजनों, रिश्तेदारों और मित्रों ने सौम्या सोनम सिन्हा को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

गलियों में लगेंगे पंप, पुलिया के नीचे से हटेगी मिट्टी : अर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । मैनावती मार्ग पर जलभराव की स्थिति सामान्य होने के बाद अब आंतरिक गलियों में जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। परमिया नाले से निकली सिल्ट का तत्काल उठान कराने, पुलियों के नीचे जमा मिट्टी हटाने और जरूरत के अनुसार पंपों को दूसरी जगह लगाए जाएं। यब निर्देश शनिवार को निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी आरके सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ परमिया सम्पवेल एवं पनमिया नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गंगा का जलस्तर नीचे होने के कारण सम्पवेल पर जलनिकासी का दबाव सामान्य मिला। हालांकि, पंप से निकलने वाले पानी के रास्ते में छोटी पुलिया के नीचे मिट्टी जमा होने से निकासी का प्रवाह घुमावदार हो रहा था। इस पर टीएमएक्स-20 मशीन से मिट्टी हटाकर पानी की निकासी सीधी कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई सिटी के पास तीन पंप और सिंहपुर चौराहे तक अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर तीन अन्य पंप चालू मिले। अधिकारियों को बताया गया कि मैनावती मार्ग पर अब जलभराव नहीं है और परमिया सम्पवेल से पानी की निकासी में भी कोई अवरोध नहीं है। ऐसे में एनआरआई सिटी के सामने लगे पंपों को आंतरिक गलियों में लगाया जाए, जिससे वहां जलभराव की स्थिति न बने।

उन्होंने परमिया नाले की सफाई में लगे वाहनों को लगातार सक्रिय रखने और निकाली गई सिल्ट का तत्काल उठान कराने को कहा। मैनावती मार्ग पर तीन-चार स्थानों पर जमा सिल्ट को तुरंत हटाने के साथ प्रत्येक पुलिया पर जलनिकासी सुचारू रखने और पूरी व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

सीतापुर की दाल मंडी में संपत्ति विवाद में खूनी संघर्ष



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर कोतवाली क्षेत्र की दाल मंडी में दुकान और संपत्ति के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दिनदहाड़े लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से मारपीट की घटना में बबलू राठौर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छोटू राठौर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों राठौर बिरादरी के बताए जा रहे हैं। उनके बीच दुकान और आपसी संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान मारपीट हुई जिसमें बबलू राठौर की जान चली गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेनू और कमलेश को मौके पर पकड़ लिया जबकि रविन्द्र मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार व्यक्ति की तलाश की जा रही है। दिनदहाड़े बाजार के बीच हुई इस वारदात से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। घटना से बाजार में हड़कंप मच गया और लोग भयभीत नजर आए। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष दुर्गापुरवा क्षेत्र के निवासी हैं जो कोतवाली सदर के अंतर्गत आता है। पुलिस घटना के कारणों और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना खुटार पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार 12 सितम्बर को एक व्यक्ति ने थाना खुटार पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के गांव ढाका निवासी नीलेश और जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के गांव मकरन्दापुर का रहने वाला जितेन्द्र उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी नीलेश और जितेन्द्र के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया। अभियोग की विवेचना में जनपद खीरी के थाना धौरहरा क्षेत्र के नयागांव निवासी अभियुक्त मंजीत उर्फ विपिन का नाम प्रकाश में आया। वहीं, पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर दर्ज अभियोग में धारा 64(1) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मंजीत को उसके गांव के बाहर सड़क पुख्ता से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के उपनिरीक्षक अंकुर कुमार के साथ कांस्टेबल सिकन्दर सिंह मलिक और मनोज कुमार मौजूद रहे।

अफीम के साथ 02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जैतीपुर पुलिस ने 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 810 ग्राम अफीम, 02 मोबाइल और 22 सौ रूपए नकद बरामद किए। बीती शाम थाना जैतीपुर पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गेल इण्डिया टावर से पहले सड़क पर दो व्यक्ति किसी का इंतजार कर रहे हैं, जिनके पास अवैध वस्तु है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची ग्राम बरादा गौरिया जाने वाले रास्ते के तिराहे से दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 810 ग्राम अफीम, 02 मोबाइल और 22 सौ रूपए नकद बरामद किए। पकड़े गए तस्कर थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव टाटराबाद निवासी अबरार पुत्र इशरार और बरेली जिले के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव बंडिया खुर्द निवासी खुशीराम पुत्र तौलेराम हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग बरेली जनपद के हाफिजगंज क्षेत्र के सोनू उर्फ इब्राहिम नामक व्यक्ति से अफीम खरीदकर लाये हैं। वो अथवा उसके साथी प्रत्येक शुक्रवार को करीब 12 बजे फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली के चैराहे या हाईवे पुल के पास मिलते हैं। जिनसे वो अफीम खरीदकर ट्रक चालकों व जरूरतमंद लोगों को बेचते हैं। इससे उन्हें करीब 10 से 12 हजार रुपये का मुनाफा हो जाता है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सोनू उर्फ इब्राहिम आदि की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह के साथ उपनिरीक्षक इतेश तोमर आदि मौजूद रहे।

गणेश पूजन के साथ ओसीएफ रामलीला का हुआ शुभारंभ, मंचन शरू

❐ लीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिल्पा एस. डोईफोडे व विशिष्ट अतिथि श्रीकांत एस. डोईफोडे ने किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भगवान गणेश का विधिवत पूजन और फीता काटकर शुक्रवार को टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि शिल्पा एस. डोईफोडे व विशिष्ट अतिथि श्रीकांत एस. डोईफोडे ने किया। शनिवार को रामलीला मंचन शुरू हुआ। जिसमें सती द्वारा श्रीराम की परीक्षा, दक्ष यज्ञ, पार्वती तप और शिव विवाह के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया।

मंचन से पहले मेला महासचिव ऋषि बाबू, सचिव बलवीर सिंह, श्रीरामलीला मंचन समिति की अध्यक्ष अनु सक्सेना, सचिव एके व्यास, देवेश दीक्षित एवं संयुक्त सचिव अजय सक्सेना ने भगवान के स्वरूपों की झांकी की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन सतीश सक्सेना ने किया।

मंचन में भारद्वाज-याज्ञवल्क्य संवाद के बाद माता सती भगवान शिव की आज्ञा के विरुद्ध माता सीता का रूप धारण कर भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने पहुंचती हैं। प्रभु श्रीराम उन्हें पहचानकर माता कहकर संबोधित करते हैं और भगवान शिव के बारे में पूछते हैं। यह देखकर सती आश्चर्यचकित रह जाती हैं और अपनी भूल पर पश्चाताप करती हैं। कैलाश लौटने पर भगवान शिव को पूरी घटना का पता चलता है। सीता का रूप धारण करने के कारण वह सती को माता के समान मानने का संकल्प लेते हैं। इसके बाद राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भगवान शिव और माता सती को आमंत्रित नहीं किए जाने का प्रसंग दिखाया गया। पिता के यज्ञ में पहुंचीं सती अपने पति का अपमान सहन नहीं कर पातीं और यज्ञ में ही अपने प्राण त्याग देती हैं। इससे क्रोधित भगवान शिव के रौद्र रूप और दक्ष यज्ञ के विध्वंस का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया। आगे कामदेव का नाश, पार्वती की तपस्या और भगवान शिव-पार्वती विवाह के प्रसंगों को मंचन हुआ। इस अवसर पर निर्देशक अंकित सक्सेना, सुरक्षा पर्यवेक्षक राममोहन, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री, विनोद पांडेय, सुमित राणा, दिनेश सक्सेना, अखिलेश कुमार, विपिन कुमार सहित मंचन समिति के कलाकार व कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

लहुरियादह में पेयजल आपूर्ति की हकीकत परखने पहुंचे एडीएम, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

मीरजापुर । ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत स्थित लहुरियादह गांव में शनिवार देर शाम एडीएम नमामि गंगे संगम लाल ने जल निगम के अधिशासी अभियंता के साथ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हर घर जल योजना के तहत लगाए गए नल कनेक्शन, पानी की टंकी और पाइपलाइन की स्थिति परखी। इस दौरान ग्रामीणों से पानी की उपलब्धता, आपूर्ति के दबाव और गुणवत्ता के बारे में जानकारी लेकर व्यवस्था का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े और हर घर तक पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल पहुंचे, यह जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की है।

पूर्ण पेंशन भुगतान को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद पेंशनर्स कल्याण समिति ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों एवं कर्मचारी को पूर्ण पेंशन भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह को दिया। समिति के महासचिव पवन कुमार सिंह ने बताया कि गन्ना शोध परिषद के पेंशनर्स का पूर्ण पेंशन का भुगतान जुलाई 2019 तक किया गया। इसके बाद तत्कालीन अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग ने मनमाने ढंग से रोककर स्व वित्त पोषित योजना का मनमाना नियम लागू कर दिया। जोकि अभी तक लागू है। यह नियम प्रदेश के किसी विभाग में लागू नहीं है। कहा कि नए नियम के अंतर्गत वर्तमान में वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों को पेंशन का लगभग 34 प्रतिशत ही भुगतान किया जा रहा है। शोध परिषद का काफी कृषि क्षेत्रफल अन्य विभागों को दे दिए जाने के कारण आय निरंतर घटती जा रही है तथा पेंशनर्स की संख्या बढ़ती जा रही है। जिस कारण भविष्य में इस स्थिति में पेंशन बढ़ोतरी के कोई अवसर नहीं हैं। मांग की गई कि परिषद नियमावली के अनुसार अन्य राजकीय विभागों की तरह परिषद के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन दी जाए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सिंह, महासचिव पवन कुमार सिंह, उपसचिव हरपाल सिंह, संजय सक्सेना, किशोरी सिंह, ब्रह्मानंद श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार धुसिया और वीरपाल आदि मौजूद रहे।

नवरात्र आज से, कालिकन धाम समेत देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर/अमेठी। शारदीय नवरात्र का पर्व आज रविवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संग्रामपुर स्थित कालिकन धाम, गौरीगंज के दुर्गन भवानी मंदिर और अमेठी के देवीपाटन समेत प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसरों को व्यवस्थित किया गया है।



सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि नवरात्र के दौरान सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो जाती है। मां कालिका के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई के साथ फूलों से सजावट की गई है। वहीं, पूजन सामग्री के विक्रेता विशाल सिंह ने बताया कि नवरात्र को लेकर दुकानों पर फूल-माला, नारियल, चुनरी, प्रसाद और पूजन सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, ताकि भीड़ को नियंत्रित करने के साथ किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। उधर, कालिकन धाम में प्रसाद, मिठाई, फूल, श्रृंगार और पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। नवरात्र के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

मानवाधिकार संरक्षण और भ्रष्टाचार उन्मूलन का संकल्प लेकर सुल्तानपुर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक सरोकारों की संवृद्धि और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनचेतना जगाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डे शुक्रवार को सुल्तानपुर पहुंचे। धनपतगंज विकासखंड के समरथपुर ग्राम पंचायत स्थित पूरे लादी तिवारी में संगठन के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान राजेश तिवारी के आवास पर उनका पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव वीरभद्र तिवारी की उपस्थिति भी रही।

प्रदेश अध्यक्ष हर्ष नारायण शुक्ल के नेतृत्व तथा जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन की भावी गतिविधियों, मानवाधिकारों के संरक्षण तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को व्यापक बनाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डे ने प्रदेश अध्यक्ष हर्ष नारायण शुक्ल, जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला सचिव दीपक तिवारी, सक्रिय सदस्य मानवेन्द्र यादव, सुशील उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र प्रदान किए। संगठन के माध्यम से जनसामान्य को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को उचित मंच तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो देशभर में मानवाधिकारों की रक्षा और भ्रष्टाचार के निवारण के लिए कार्यरत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज में जागरूकता का प्रसार करें। उन्होंने कहा कि अधिकारों के प्रति सजग नागरिक और जागरूक युवा सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को गति दे सकते हैं।

समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी के पिता स्वर्गीय अशोक कुमार तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र के समक्ष धूप-दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम में आए साधु-संतों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय प्रकाश मिश्र, डॉ0 राम मनोरथ तिवारी, अनंत तिवारी, धनंजय शुक्ल, पूजन शुक्ल, सूरज सिंह, संजय तिवारी, सुनील तिवारी, गोलू तिवारी, सोनू तिवारी, भवन प्रताप यादव, राजकुमार तिवारी, प्रेम शुक्ल, बृजेश तिवारी तथा पुणे जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश तिवारी के प्रतिनिधि आकाश शुक्ल समेत संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, साधु-संत और सैकड़ों सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

अमेठी में सपाइयों ने मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को गौरीगंज स्थित पार्टी जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षों और समाजवादी विचारधारा में योगदान को याद किया।

जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने जीवनभर गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके विचार और आदर्श समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। जिला महासचिव डॉ. अरशद अहमद ने उनके राजनीतिक योगदान को याद करते हुए समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि नेताजी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनके संघर्ष समाजवादी आंदोलन को दिशा देते रहेंगे। इस मौके पर अवधेश त्रिपाठी, संग्राम सिंह, बजरंग श्रीवास्तव, राकेश यादव, अनुपमा पाठक एडवोकेट, राजा विक्रम सिंह, मनीराम वर्मा, दीपू तिवारी, मनु पाल, अशोक यादव, बहराइची गुप्ता, भूपेंद्र कुमार, सोनू अंसारी, गंगाराम प्रजापति, इंदु कुमार पाठक, राकेश यादव कौहार और रमेश शुक्ला सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न फ्रंटल संगठनों के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने नेताजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

अराजकता पर दर्ज हुआ मुकदमा, तिकोनिया पार्क में यूट्यूब क्रिएटर प्रदर्शन से जुड़ा मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शुक्रवार को यूट्यूब क्रिएटर संजय यदुवंशी के द्वारा अपने समर्थकों द्वारा तिकोनिया पार्क में किए गए प्रदर्शन के मामले में हुई तोड़फोड़ सहित अन्य आरोपों में पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किए है साथ ही यूट्यूबर की मां की तहरीर पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दे कि बीते दिन नगर कोतवाली में दर्ज जानलेवा हमले के दर्ज मुकदमे में दबिश देने गई धम्मौर पुलिस से शुरू हुए विवाद ने शुक्रवार को उग्र रूप ले लिया। हजारों समर्थकों के साथ तिकोनिया पार्क पहुंचे यूट्यूबर संजय यदुवंशी ने जमकर हंगामा काटा। देर शाम नगर पालिका के लिपिक सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा तिकोनिया पार्क में संजय यदुवंशी व उसके 200 समर्थको द्वारा तिकोनिया पार्क की बाउंड्रीवॉल, स्वामी विवेकानंद पार्क में लगी स्टील पाइप से बनी बाउंड्री, गेट व जाली क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर में दी।आरोप है कि करीब ढाई लाख रुपए की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दूसरी तहरीर नगर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन करौंदिया निवासी सुभाष सोनकर ने दी। जिसने उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को संजय पुत्र सियाराम यादव निवासी अहिरन का पुरवा उघड़पुर थाना धम्मौर द्वारा तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान संजय के साथ अम्बुज यादव, सादाब पठान, अनिल सहित कई लोग मौजूद रहे। इन लोगो द्वारा हम सब के आदर्श बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के चित्र को फाड़कर उड़ाया गया, जिसे पैरो तले कुचला गया जिससे अनुसूचित जाति ध्जनजाति की भावनाएं आहत हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। तीसरा मुकदमा अभय शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष सचिव भारत विकास परिषद उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर शाखा द्वारा लिखाया गया। जिसमे उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को दिन में 12 बजे यूट्यूबर संजय यदुवंशी बिना प्रशासन की अनुमति के अपने नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों सौरभ यादव होलागढ़, आकाश यादव आजमगढ़, अनुज यादव प्रतापगढ़, यशपाल यादव गोरखपुर, सूर्य प्रताप यादव कामतागंज, प्रदीप यादव मिल्कीपुर, शेषनाथ यादव वाराणसी, विजय यादव आजमगढ़, सादाब पठान पांचोंपीरन, अनिल यादव सुल्तानपुर, चन्द्रसेन यादव, राम जीत यादव धनपतगंज व अन्य 20 - 25 लोगो के साथ तिकोनिया पार्क में भीड़ इकट्ठा करके स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर चढ़कर व प्रांगड़ में तोड़फोड़ कर विवेकानंद जी जैसे महापुरुषों के अनुयायियों को ठेस पहुंचाया है। साथ ही परिसर में लगे स्वास्तिक व ओम को तोड़कर फ़ेक दिया जिससे धार्मिक व सामाजिक भावनाएं आहत हुई।

परिसर में लगी भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा पर जूता चप्पल पहनकर चढ़े, प्रदर्शन के दौरान आए हुए लोगों द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की फोटो को फाड़कर पार्क के बाहर फेंका गया। प्रदर्शन के दौरान शहर की सड़कों जाम करने सहित अन्य आरोप भी लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सरकारी वन क्षेत्र में शीशम का पेड़ काटा, लकड़ी बरामद

ग्रामीणों ने वन विभाग की निगरानी पर उठाए सवाल, कार्रवाई जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भेटुआ/अमेठी। भेंटुआ ब्लॉक के मद्राहियां (शहरी) गांव के पास नदी किनारे स्थित सरकारी वन क्षेत्र में शीशम का पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ रात के अंधेरे में काटा गया और उसकी लकड़ी भी मौके से गायब थी।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि सरकारी वन क्षेत्र में पेड़ काटे जाने की जानकारी विभागीय जिम्मेदारों को समय रहते क्यों नहीं हो सकी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पेड़ काटने वालों की पहचान करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, वन दरोगा जगनारायण सिंह ने बताया कि शीशम की लकड़ी बरामद कर ली गई है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि पेड़ किसने काटा और घटना में किन लोगों की संलिप्तता थी।

अमेठी में 50 लाख की लागत से होगी रामलीला 'हनुमान अंश' फिल्म के कलाकार करेंगे मंचन

11 से 20 अक्टूबर तक रामलीला मैदान में होगा आयोजन, भूमि पूजन के साथ तैयारियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। शहर के रामलीला मैदान में 11 से 20 अक्टूबर तक दस दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस बार रामलीला में चर्चित हिंदी फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए भूमि पूजन के साथ तैयारियां तेज कर दी गई हैं। फिल्मी कलाकारों की भागीदारी को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है।

श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने बताया कि इस वर्ष रामलीला आयोजन पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक रामलीला का मंचन होगा। आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। इसके साथ ही नगर के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

समिति अध्यक्ष राजेश मसाला ने कहा कि रामलीला केवल प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और मर्यादाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। भगवान श्रीराम का जीवन भाईचारे, पारिवारिक सम्मान, माता-पिता के प्रति श्रद्धा और भाई-भाई के प्रेम की प्रेरणा देता है। समिति का प्रयास है कि आयोजन के माध्यम से लोगों तक इन आदर्शों का संदेश पहुंचे।

स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 200 विद्यालयों में होगा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फ़ेज-3 के संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में शुक्रवार को विकास भवन में जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा के 167 तथा माध्यमिक शिक्षा के 33 विद्यालयों सहित कुल 200 विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कराए जाने पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

बैठक में विद्यालयों में आपदा से बचाव, सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं विद्यालयों से जुड़े कार्मिकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने तथा संभावित आपदाओं के दौरान आवश्यक सावधानियों और बचाव के उपायों की जानकारी उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य विद्यालयों में सुरक्षित वातावरण विकसित करना और आपातकालीन परिस्थितियों में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां करना है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी विद्यालयों में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों का भली-भांति परीक्षण कराया जाए। परीक्षण के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर कराया जाए, ताकि आग लगने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में अग्निशमन उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सके। उन्होंने विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में संबंधित अधिकारियों को स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को समन्वय के साथ संचालित करने तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया, जिससे विद्यालयों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक नेहरू युवा केंद्र तथा पीएसी दल के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अमहट मंडी में दोहरा खेल, दुकान-चबूतरा किराए पर, सड़क पर कब्जा कर रहे व्यापार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह के 5 अक्टूबर 2026 को अमहट मंडी निरीक्षण और 15 दिन में कब्जा हटाओ, नहीं तो सचिव का वेतन रोको के सख्त निर्देश के बाद भी अमहट मंडी सुल्तानपुर में हालात जस के तस हैं। निदेशक ने मंडी गेट पर बोर्ड न होना, ई-नाम कार्यालय में घटिया कब्जे, सीसी रोड ज्वाइंट में घटिया निर्माण और टट्टर से अवैध कब्जे पर नोटिस जारी करने को कहा था। लेकिन अधिकारी फाइलों में ही उलझे हैं। लाइसेंसधारी आढ़तियों ने आज प्रदर्शन कर बताया कि मंडी में सबसे बड़ा खेल कुछ दबंग व्यापारियों का है। ये व्यापारी अपनी सरकारी दुकान और नीलामी चबूतरा ऊंचे दाम पर दूसरों को किराए पर दे देते हैं और खुद मुख्य सड़क पर ट्रक-टट्टर लगाकर अवैध कब्जा कर बैठ जाते हैं। नियम कहता है नीलामी चबूतरे पर हो, लेकिन चबूतरे पर कब्जा होने से नीलामी रोड पर होती है। इससे पूरी मंडी दिनभर जाम रहती है। जिन ईमानदार व्यापारियों ने लाखों की दुकानें ली हैं, उनका व्यापार ठप है। जगह-जगह गड्ढे होने से ई-रिक्शा पलट रहे हैं और किसानों का अनाज खराब हो रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन में रोड माफियाओं का कब्जा नहीं हटाया गया तो वे मंडी बंद कर हड़ताल करेंगे।

बिहार से अफीम लाकर बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार, 5 किलो अफीम बरामद

अलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं के थाना अलापुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के कब्जे से 5 किलो अफीम, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 220 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित विश्वकर्मा पुत्र अनिल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम व थाना बखरीगंज, जिला गया, बिहार तथा धर्मवीर सिंह यादव पुत्र ओमप्रकाश, निवासी ग्राम कुनकुननगला, थाना अलापुर, बदायूं के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे बिहार से अफीम लाकर यहां बेचते थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण हेतु फील्ड ट्रेनर्स के दो बैचों का प्रशिक्षण सम्पन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण हेतु नामित फील्ड ट्रेनर्स के दो बैचों का प्रशिक्षण आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दिनांक 08 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं एवं निर्धारित प्रश्नों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए स्व-गणना (द्वद्यद्ध द्बद्धद्वद्वन्थद्धद्ध) में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसे चार्ज स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के प्रति आमजन को जागरूक करना एवं उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना सभी संबंधित कार्मिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनर्स से अपेक्षा की कि वे चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को गुणवत्तापूर्ण, रोचक एवं जानकारीपरक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि जनगणना संबंधी प्रक्रियाओं एवं प्रश्नों की स्पष्ट समझ विकसित हो सके तथा जनगणना कार्य का सुचारु एवं सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के समापन के साथ ही फील्ड ट्रेनर्स को चार्ज स्तर पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने तथा जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

10 अक्टूबर तक संचालित रहेगा प्रशिक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण हेतु नामित फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 08 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ हो चुका है। फील्ड ट्रेनर्स के दों बैचों में आयोजित यह प्रशिक्षण दिनांक 10 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। जनगणना निदेशालय द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी, बिसौली एवं उप जिलाधिकारी, दातागंज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों बैचों का प्रशिक्षण संचालित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण से संबंधित कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। दोनों बैचों में शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदायूँ में आज 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम एफआर, एसडीएम बिसौली एवं दातागंज मौजूद रहे।

नेता जी हमारे आदर्श थे - आबिद रज़ा।

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर नेता जी के चित्र पर फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। आबिद रज़ा ने कहा नेता जी देश में किसान, छात्र, मजदूर, अल्पसंख्यक समेत सभी वर्गों के नेता थे तथा आबिद रज़ा ने कहा नेता जी सियासत में हमारे आदर्श थे। नेता जी के बताए रास्ते पर चलकर जनता के दिलों में जगह बनाई जा सकती है तथा सियासत में कामयाबी हासिल की जा सकती है। नेताजी ने अपना जीवन समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और आम जनता के हितों के लिए समर्पित किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि नेता जी ने अपनी जिंदगी में संघर्ष के साथ सियासत में कामयाबी हासिल की थी। वह संघर्षशील होने के साथ-साथ राजनीतिक दांव पेंच में माहिर थे।

गेहूं की खेती को नई धार, गोंडा के एफपीओ को बड़ी जिम्मेदारी

गोंडा के किसानों तक पहुंचेगा एचयूआरएल का प्रमाणित गेहूं बीज

बेलसर के एफपीओ को मिली बड़ी जिम्मेदारी, उन्नत बीज से खेती और उत्पादन को नई दिशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण और प्रमा णित गेहूं बीज उपलब्ध कराने की दिशा में अहम पहल हुई है। बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथारिस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपी ओ) को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (ए चयूआरएल) के प्रमाणित गेहूं बीज कारोबार से जोड़ा गया है।इससे स्थानीय स्तर पर किसानों तक उन्नत किस्म के बीज पहुंचाने का रास्ता मजबूत हो ने की उम्मीद है।शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में एचयू आरएल के प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती ने बीज कारोबार का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत एफपीओ के मुख्य का र्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुलदीप मिश्रा को कि सानों तक प्रमाणित गेहूं बीज पहुंचाने की जिम्मेदा री सौंपी गई है।कृषि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बीज को बेहतर उत्पादन की बुनियाद माना जाता है।ऐसे में एचयूआरएल और एफपीओ की यह पहल गोंडा के किसानों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।किसानों को प्रमाणित बीज की उपलब्धता ब ढ़ने से उन्हें खेती के लिए बेहतर विकल्प मिलने और कृषि उत्पादन में सुधार की उम्मीद है।एफपी ओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने एचयूआरएल प्रबं धन, प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती और बीज कारोबार के मुख्य अधिकारी आरुनी कुमार के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि एचयूआर एल के मार्गदर्शन में किसानों तक उन्नत बीज पहुं चाने और कृषि उत्पादन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

दो दलों में नेता काम करते हैं, बहनें नहीं ङ्कपल्लवी पटेल का सियासी तंज



मेहनौन सीट पर नजर, 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी, सरकार पर साधा निशाना

गोंडा । उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के बीच अपना दल (कमेरावादी) ने सि यासी तैयारियां तेज कर दी हैं।शनिवार को सिराथू विधायक डॉ.पल्लवी पटेल गोंडा पहुंचीं।इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार,चुनाव आयोग,ईवीएम औ र गठबंधन की राजनीति पर निशाना साधा।उन्हों ने प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी का ऐलान किया और गोंडा की मेहनौन सीट को भी पार्टी की रणनीति में शामिल बताया।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रियापटेल से राजनीतिकमत भेदों पर उनका बयान भी चर्चा में रहा। पल्लवी पटेल ने कहा, ङ्कदो दलों में नेता काम करते हैं,बहनें नहीं।पा रिवारिक रूप से हम आज भी बहनें हैं।ङ्कशनिवार दोपहर सर्किट हाउस पहुंचीं पल्लवी पटेल ने पत्र कारों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने प्रदेश के 13 मंडलों में विधानसभा सीटें चिह्नित की हैं,कार्यकर्ता सम्मेलनों के जरिए संगठन को मजबूत किया जाए गा,और गोरखपुर में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी हालां कि गठबंधन और सीटों के अंतिम बंटवारे पर उन्हों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

60 सीटों पर तैयारी, मेहनौन भी रणनीति में

पल्लवी पटेल ने कहा कि अपना दल (कमेरावादी) आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 60 सीटों पर तैयारी कर रहा है।इन सीटों को 13 मंडलों में चिह्नित किया गया है।गोंडा की मेहनौन विधान स भा सीट भी इनमें शामिल है।उन्होंने संगठन को म जबूत करने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलनों पर जोर दिया।सपा के साथ गठबंधन या अकेले चुनाव लड़ ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की विचार धारा से सहमत दलों और साथियों के साथ आगे बढ़ने का फैसला समय आने पर लिया जाएगा।

गठबंधन में मतभेद, लक्ष्य मिलकर चुनाव लड़ना

इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर पल्लवी पटेल ने कहा कि दो दलों के बीच बातचीत के दौरान मतभेद होना सामान्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का उद्देश्य मिलकर चुनाव लड़ना और आम जनता के मुद्दों को उठाना है।गठ बंधन को लेकर अंतिम निर्णय आगे सामने आएगा

चुनाव,ईवीएम की जगह बैलेट पेपर की मांग

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आ योग को लेकर पल्लवी पटेल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने आरोप लगाया कि स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग भाजपा की चुनावी रणनीति के मोहरे की तरह काम कर रहा है।उनके मुताबिक, देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लंबे समय से यह मुद्दा उठाते रहे हैं।उन्होंने कहा कि जीत-हार से अलग उनकी मांग है कि मतदान बैलेट पेपर से कराया जाए। चुनाव आयोग और भाजपा को लेकर लगाए गए ये आरोप पल्लवी पटेल के राजनीतिक बयान हैं।

राजनीतिक राह अलग,बहन का रिश्ता कायम

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के खिलाफ दिव्या मि त्तल के चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर पल्लवी पटेल ने कहा कि हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिका र है।दोनों बहनों के अलग-अलग दलों में काम कर ने के सवाल पर उन्होंने राजनीतिक मतभेदों और पारिवारिक रिश्तों के बीच अंतरस्पष्ट किया।उन्होंने कहा, ङ्कदो दलों में नेता काम करते हैं, बहनें नहीं। पारिवारिक रूप से हम आज भी बहनें हैं।

भाजपा के सहयोगियों पर भी कसा तंज

भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं की नाराजगी और विपक्षी नेताओं से मुलाकातों पर पल्लवी पटे ल ने तंज कसा।उन्होंने कहा कि यदि सहयोगी द लों को भाजपा से परेशानी है तो उन्हें अपना इला ज वहीं कराना चाहिए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज न्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर उन्होंने सवाल उठाए।आरोप लगाया कि सरकारी व्यवस्था और जनता के टैक्स के पैसे का इस्तेमाल ऐसे आ योजनों में किया जा रहा है।

डंपर हादसे में युवक की मौत,शव सड़क पर रख कर प्रदर्शन,चालक-मालिक को बुलाने की मांग

अयोध्या से लौट रहे शिव प्रकाश यादव की हादसे में मौत, बुजुर्ग घायल

कई थानों की पुलिस तैनात, ग्रामीणों के आक्रोश से सड़क पर तनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । बेलसर-नवाबगंज मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। हादसे में शिव प्रकाश यादव की मौत हो गई,जब कि एक बुजुर्ग घायल हो गया।युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।आक्रोशित ग्रामीणों की मांग है कि डंपर चालक और उसके मालिक को मौके पर बुलाया जाए।हादसे के बाद सड़क पर विरोध और तनाव की स्थिति बन गई।

हादसे के बाद सड़क पर उतरा आक्रोश

बताया गया कि शिव प्रकाश यादव अयोध्या से लौ ट रहे थे।इसी दौरान बेलसर-नवाबगंज मार्ग पर डं पर की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।दुर्घट ना में एक बुजुर्ग भी घायल हो गया। घटना की ख बर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

चालक-मालिक को बुलाने पर अड़े ग्रामीण

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण डंपर चालक के साथ उस के मालिक को भी मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हैं।उनका आक्रोश हादसे के बाद सड़क पर साफ नजर आया।स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर तैनात की गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझाकर स्थिति सामान्य करने में जुटे हैं।वही पुलिस युवक की मौ त के बाद ग्रामीणों के प्रदर्शन से मार्ग पर तनाव ब ना हुआ है।फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता प्रद र्शनकारियों को समझाना और स्थिति को नियंत्रित करने मे लगी थी।

सरस मेले में डीएम ने परखे महिला उद्यम के हुनर, उत्पाद खरीदकर बढ़ाया हौसला



35 से अधिक स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल पर सजे स्थानीय उत्पाद, महिलाओं की कमाई बढ़ाने के लिए बाजार उपलब्ध कराने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण महिलाओं के हुनर को बाजार से जो ड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गांधी पार्क टाउनहॉल परिसर में आयोजि त तीन दिवसीय सरस मेला महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। यहां 35 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मेले का निरीक्षण कर उत्पादों की गुणवत्ता और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली।उन्होंने विभिन्न उत्पादों की खरीदारी कर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया और उनके हुनर को बाजार दिलाने पर जो र दिया।मेले में गोबर से बनी मूर्तियां,अचार-मसाले, सहजन के फल का पाउडर,फेसवॉश,साबुन, घरेलू उपयोग के कवर,कढ़ाईदार कपड़े और विभिन्न खा द्य सामग्री आकर्षण का केंद्र रहे।जिलाधिकारी ने एक-एक स्टॉल पर पहुंचकर समूह की महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की उपयोगिता तथा बिक्री की संभावनाओं को समझा।खरीदारी के जरिए उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया।

स्टॉल तक सीमित न रहे,बिक्री का रास्ता भी खुले

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त राष्ट्री य ग्रामीण आजीविका मिशन (डीसी एनआरएलए म) जेएन राव को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता स मूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। उन्होंने बाजार उपलब्ध कराने, उत्पादों की मांग बढ़ाने और बिक्री के बेहतर अव सर सृजित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा, ता कि महिलाओं को उनके श्रम का उचित मूल्य मिल सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि महिलाओं को केवल उत्पाद तैयार करने और मेलों में स्टॉल लगाने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि उनके उत्पादों को नियमित बाजार से जोड़ने के लि ए ठोस प्रयास जरूरी हैं।विपणन के लिए आवश्य क सहयोग मिलने से समूहों की आय बढ़ सकती है और महिलाएं आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकती हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की पहल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयो जित सरस मेला ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा कौ शल और उद्यमशीलता को सामने लाने का अवसर प्रदान कर रहा है। हालांकि, ऐसे आयोजनों की वा स्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होगी,जब मेले के बाद भी उत्पादों की बिक्री के रास्ते खुले रहें और महिलाओं को स्थायी बाजार मिल सके।जिलाधि कारी के निर्देश का भी उत्पादों को बाजार से जोड़ कर महिला उद्यमियों की आय बढ़ाने पर रहा।

मुलायम के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प सपा कार्यालय में पुण्यतिथि पर जुटे नेता

नेताजी की पुण्यतिथि पर सपा ने दी श्रद्धांजलि, सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन की अध्यक्षता में आयो जित कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ने ताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया वक्ताओं ने गरीबों, किसानों,पिछड़ों और वंचितों के लिए उनके संघर्ष को याद करते हुए सामाजिक न्याय और भाईचारे के विचारों को आगे बढ़ाने की बात कही।पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने मुलायम सिंह यादव को गरीबों,किसानों और पिछड़ों का मसीहा बताया।पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह ने उनके संघर्ष को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया,जबकि पूर्व एमएलसी महफूज खान ने धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे के प्रति उनके योगदा न को रेखांकित किया।पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह ने शोषित-वंचित वर्गों के हितों के लिए उनके समर्पण को याद किया।कार्यक्रम का संचालन सपा प्रवक्ता जावेद मंटू ने किया।इस दौरान पार्टी कार्यालय में पहली बार पहुंचे सगीर उस्मानी का स्वागत भी कि या गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह, डॉ.अभिषेक सिंह, विजय पासवान,अजय गौतम, हाजी जकी,ओंकार पटेल डॉ.अंजू वर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोतवाली नानपारा में थाना समाधान दिवस आयोजित, 3 प्रार्थना पत्रों में 1 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शनिवार को कोतवाली नानपारा में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की कार्रवाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक गुरुसेन सिंह ने की। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, स्थानीय लेखपालों एवं कानूनगो की मौजूदगी में भूमि विवाद सहित अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सुनी गईं। प्रभारी निरीक्षक गुरुसेन सिंह ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए राजस्व विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कराया। वहीं, शेष दो प्रार्थना पत्रों की जांच और नियमानुसार कार्रवाई के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के प्रतिनिधि, कानूनगो, क्षेत्रीय लेखपाल एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मोबाइल वरदान या अभिशाप, छात्रों ने गिनाए फायदे और खतरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शास्त्री डिग्री कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चंदन तिवारी प्रथम और अनमोल द्वितीय

गोंडा । मोबाइलफोन शिक्षा और रोजगार का सशक्त माध्यम है,लेकिन इसका अनियंत्रित इस्तेमाल साइ बर अपराध, समय की बर्बादी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण भी बन रहा है। इसी मुद्दे पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में सेवा संक ल्प अभियान के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग की ओर से मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई,इस में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क रखे।पक्ष में चंदन तिवारी ने मोबाइल को शिक्षा,रोजगार और एआई आधारि त स्व-अध्ययन का प्रभावी माध्यम बताया।अंशिता सिंह और विभा शुक्ला ने ऑनलाइन शिक्षा में इस की उपयोगिता गिनाई। वहीं, विपक्ष में अनमोल ने साइबर अपराध और एकाग्रता में कमी,जबकि वि शाल और अनुराधा शुक्ला ने समय की बर्बादी त था स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को रेखांकित किया।डॉ.संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मो बाइल आज आवश्यकता बन चुका है।डॉ.मनोज कुमार मिश्र ने अति सर्वत्र वर्जयेत' का उल्लेख कर ते हुए कहा कि मोबाइल का सीमित उपयोग ही उ चित है।उन्होंने संदेश दिया कि फोन हमें नियंत्रित न करे, बल्कि हम फोन को नियंत्रित करें।प्रतियोगि ता में चंदन तिवारी प्रथम, अनमोल द्वितीय और अं शिता सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थी उपस्थित रहा,डॉ.अशोक पांडेय विंध्य सा हू सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

कल से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ, बहराइच में 1600 से अधिक स्थानों पर स्थापित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर से होगा। इसे लेकर जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति (रजि.) एवं जिला प्रशासन आपसी समन्वय के साथ जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वर्ष जनपद में लगभग 1600 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जबकि नगर क्षेत्र में 140 से अधिक स्थानों पर प्रतिमा स्थापना की तैयारी है।महासमिति एवं जिला प्रशासन की ओर से सभी दुर्गा पूजा उपसमितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उपसमितियों से महासमिति के माध्यम से नवीनीकरण एवं पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने को कहा गया है, ताकि पूजा आयोजन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। वहीं, महोत्सव को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए महासमिति की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा तहसील मुख्यालयों एवं विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रशासन और महासमिति का उद्देश्य आपसी सहयोग से त्योहार के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना है।महासमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट सुधाकर प्रसाद मिश्रा ने कहा कि शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव जनपद की आस्था और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने बताया कि महासमिति जिला प्रशासन के सहयोग से सभी पूजा कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सभी पूजा समितियों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा महासमिति में नवीनीकरण एवं पंजीकरण की प्रक्रिया समय से पूर्ण कराने की अपील की। महामंत्री कन्हैया सोनी ने कहा कि जनपद में बड़ी संख्या में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। ऐसे में सभी पूजा समितियों की जिम्मेदारी है कि वे आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पूजा कार्यक्रमों का संचालन करें। उन्होंने बताया कि महासमिति द्वारा तैयारियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने सभी समितियों से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और महोत्सव को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव को श्रद्धा, भक्ति एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और महासमिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पीलीभीत में सुभासपा की बैठक, कैफ रजा बोले - सपा नहीं देगी मुसलमानों को टिकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा ग्राम चंदौई में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि कैफ रजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करें। हम 2027 में एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर प्रदेश में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाने जा रहे हैं।

सपा पर निशाना साधते हुए कैफ रजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव पीडीए की बात करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुसलमानों, दलितों और पिछड़ों का वोट लेकर गुजरात के उद्योगपतियों को राज्यसभा का टिकट देते हैं। परिवार वालों को ही राज्यसभा भेजा जाता है।



उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में मुसलमानों ने सपा को भरपूर समर्थन दिया, फिर भी किसी मुसलमान को राज्यसभा का टिकट नहीं दिया गया। अब मुसलमानों को समझना चाहिए कि समाजवादी पार्टी बीजेपी की बी टीम है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा पीलीभीत की तीनों सीटों पर किसी मुसलमान को टिकट नहीं देगी।इस मौके पर सिविल खान मंडल अध्यक्ष बरेली युवा मंच, वेद प्रकाश, राजू वर्मा, हनीफ खां सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में काली पट्टी बांधकर लेखपालों ने जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। थाना संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील उपशाखा पूरनपुर के पदाधिकारियों एवं लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया। इस दौरान लेखपालों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया और शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लेखपाल राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राजस्व अभिलेखों के रखरखाव, वरासत, नामांतरण, पैमाइश, आपदा प्रबंधन, ई-गवर्नेंस और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जैसी जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद संवर्ग की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं।लेखपालों ने प्रारंभिक वेतनमान 2800 ग्रेड पे करने, आठ वर्षों से लंबित अंतर्मंडलीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू कराने तथा चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करने की मांग की। इसके अलावा नवनियुक्त लेखपालों की विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित करने, स्टेशनरी भत्ता, मोटरसाइकिल भत्ता और विशेष भत्ते में वृद्धि करने सहित अन्य मांगों को लेकर भी विरोध दर्ज कराया। लेखपाल संघ ने मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। हालांकि 17 अक्टूबर को कार्य बहिष्कार की भी चेतावनी पहले ही ज्ञापन में दी जा चुकी हैं।



राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का रखें विशेष ध्यान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित एवं निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता की नियमित एवं आकस्मिक जांच भी कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के दौरान आम जनमानस को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए निर्माण स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा सार्वजनिक मार्गों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जाए। यदि निर्माण कार्य के दौरान किसी मार्ग को नुकसान पहुंचता है, तो उसकी मरम्मत की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइनों को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा विद्युत खंभों की शिफ्टिंग का कार्य सावधानीपूर्वक और संबंधित विभागों के समन्वय से कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर



निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों के कारण आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहीत की गई है, उन्हें देय बकाया मुआवजे का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के भुगतान से संबंधित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गुणवत्ता में कमी अथवा जनसामान्य की शिकायतों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कार्यों में शिथिलता, मानकों के विपरीत निर्माण या जनहित की अनदेखी की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह, लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

देवी देवताओं और महापुरुषों का अपमान नही होना चाहिये : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के उपरांत शनिवार को शौर्य गाथा आयोजित की गई जिसमें यूपी सरकार की मंत्री कृष्णा पासवान समेत कई विधायकों एवं विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने देश के वीर बलिदानियों के बारे में जाना। कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से इलाका गुंजायमान हो उठा। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास को जानना बहुत जरूरी है भारत की जवानी को दिग्भ्रमित किया जा रहा। सेकुलर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि महापाप है इससे बचना और बचाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की जवानी को उस गैंग से मिला दिया गया जिस गैंग ने भारत तेरे टुकड़े होगे का नारा लगाया था। उन्होंने कहा कि काकरोच नामक एक पार्टी का जन्म हो गया।भारत की अखण्डता के साथ कोई खिलवाड़ करना चाहा तो उसकी वही गति होगी जो मनुष्य काकरोच का करता है। कथा



वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि हमने इतना अश्लील विरोध नही देखा है जिसके अंदर शौर्य है वहीं सूर है जिसमें शौर्य नही वह असुर है। उन्होंने कहा कि अनंत काल तक जब तक यह सृष्टि रहेगी तब तक श्रीराम कथाएं होती रहेगी। शौर्य गाथा का कोई पाठ्यक्रम नही है।भारत के उस कैप्टन पर हर सनातनी को गर्व है जिसने सैकड़ों लोगों की जान बचाई है।इस देश में सब रहते हैं कोई विरोध नही है लेकिन पाकिस्तान के जीतने पर पटाखा फोड़ेंगे और हिंदुस्तान के जीतने पर टीवी तोड़ोगे यह नही चलने दिया जायेगा।यह व्यास पीठ हिन्दू मुसलमान कराने का माध्यम नही है समय आने पर तिलोई की जनता इसका जबाब देगी। अगर मुझे राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम मिले होते तो मैं जरुर पैर छूता। उन्होंने कहा कि इस देश में बहुत ही विचित्र लोग रहते हैं जिसमें खाते है उसी में छेद करते हैं। देश का बंटवारा तो सैंतालीस में ही हो गया था लेकिन नब्बे में कश्मीर से हिंदुओं को क्यों भागना पड़ा उस समय यह लोग कहां थे हम भाईचारा निभाये और हम तुम्हें भाई समझें और तुम हमें चारा समझकर खा जाओ। यह मेरी वाणी किसी की झूठी प्रशंसा नही कर सकती है। उन्होंने कहा कि देवी देवताओं और महापुरुषों का अपमान बंद होना चाहिये।

शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000=00 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000=00 तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000=00 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पति में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता, शादी कार्ड एवं विवाह के समय का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया गया है कि ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में यथाशीघ्र उपलब्ध करायें ताकि आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

सपा नेताओं ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मनाई पुण्यतिथि

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित केजीएन कॉलोनी-2 में समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री एवं पद्म विभूषण श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने की और संचालन पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां ने किया।जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने कहा कि नेताजी का संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति को नई दिशा दी। उनके विचार सदैव कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे।पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां ने कहा कि नेताजी ने हमेशा कमजोर वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा और जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान ने भी नेताजी के संघर्ष और योगदान को याद किया। इस दौरान राजकुमार राजू, अशोक राजा, आरती, धनपति वर्मा, यूसुफ कादरी, मो. रजा अंसारी, नरेंद्र मिश्रा, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, हाजी इम्तियाज अल्वी, हाजी रियाजत नूर खान, पप्पू शाह, सदाकत अली सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी सदर ने क्रॉप कटिंग के माध्यम से जांची धान की उत्पादकता

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखंड मरौरी के ग्राम पंचायत दियूरी में धान की फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई।क्षेत्रीय लेखपाल ज्योति सिंह व कानूनगो मो. असलम खान ने दियूरी के चार कृषकों तेजराम, गोदपाल, ताराचंद और प्रेमवती के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का 10ह10ह10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लॉट बनाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद धान की पिटाई कराकर तौल कराई गई, जिसमें चारों गाटों में क्रमशः 22.530 किग्रा, 24.210 किग्रा, 21.580 किग्रा एवं 20.710 किग्रा वजन की उपज प्राप्त हुई।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने फसल की नपाई, कटाई और सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने किसान बंधुओं से अपील की कि वे अपनी जमीन की फार्मर रजिस्ट्री, फसलों का बीमा और किसान पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इफको टोकियो कंपनी के जिला प्रतिनिधि महेंद्र भारती, तहसील समन्वयक महेंद्र वर्मा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर ब्लॉक प्रमुख ने दी बधाई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर पूरे जिले में खुशी की लहर है। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पीलीभीत और पूरे रुहेलखंड के लिए गर्व का क्षण बताया।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि धर्मपाल सिंह ने एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर कैबिनेट मंत्री और अब राज्यसभा सांसद तक का सफर अपनी मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा से तय किया है। उनके निर्विरोध चुने जाने से कार्यकर्ताओं में नया जोश है। उन्होंने लंबे समय तक संगठन और सरकार में रहकर पिछड़ों, किसानों और गरीबों के हित में काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में जाने के बाद पीलीभीत सहित पूरे प्रदेश के विकास को और गति मिलेगी। उनकी अनुभव और जनहित की सोच का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर भी मिलेगा।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूत होगी। क्षेत्र के कई प्रधानों और कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी है।

दिनेश आर्य के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर दर्ज़ा मंत्री ने दी बधाई

नैनीताल कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिनेश आर्य के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर पूरे जिले में खुशी की लहर है। दर्ज़ा राज्य मंत्री शोयब अहमद ने उन्हें बधाई देते हुए इसे नैनीताल और पूरे कुमाऊं मंडल के लिए गर्व का क्षण बताया।दर्ज़ा मंत्री शोयब अहमद ने कहा कि दिनेश आर्य ने एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर राज्यसभा सांसद तक का सफर अपनी मेहनत, संघर्ष और संगठन के प्रति निष्ठा से तय किया है। उनके निर्विरोध चुने जाने से कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह है। उन्होंने लंबे समय तक संगठन में रहकर गरीबों, दलितों और वंचित वर्ग के हित में काम किया है।उन्होंने कहा कि राज्यसभा में जाने के बाद नैनीताल सहित पूरे कुमाऊं मंडल के विकास को और अधिक गति मिलेगी। उनके अनुभव और जनहित की सोच का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर भी मिलेगा। संसद में वह पहाड़ के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और अल्पसंख्यक समाज की आवाज बनेंगे।इस अवसर पर दर्ज़ा मंत्री ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूत होगी। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी।

पुलिस ने तीन चोरियों का खुलासा कर सात शातिर चोरों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व स्वाट सर्विलांस टीम ने आपरेशन चक्रव्यूह के तहत तीन चोरियों का खुलासा कर चोरी के बाइस बण्डल तार,अस्सी हजार रुपये नगद,चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन व चोरी करने के विभिन्न उपकरणों के साथ सात अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पिकअप संख्या यूपी 44 सी टी 9539 पर सवार शिवपूजन निषाद पुत्र बृजलाल निषाद निवासी ग्राम बाबू का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जिला सुलतानपुर,सुशील निषाद पुत्र राम सुरेश निषाद निवासी ग्राम गोपीनाथपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर,प्रेमलाल निषाद पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी हाल पता ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर व स्थायी पता ग्राम चुनहा थाना



कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर,अनिल निषाद पुत्र फूलचन्द्र निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर,विश्राम निषाद उर्फ किन्ने पुत्र हौशिला प्रसाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर,कौशलदीप निषाद पुत्र सुरेश कुमार निषाद निवासी हाल पता बाबू का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर स्थायी पता ग्राम भूलीनगर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी एवं राजेश निषाद पुत्र उदयराज निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार इन लोगों की तलाशी से अस्सी हजार रूपये नगद व पिकअप की तलाशी से चोरी के बाइस बण्डल तार, चोरी करने के विभिन्न उपकरण प्लास, तार कटर,आरी ब्लेड, पेचकस, छेनी, रिंच आदि बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों से पूंछताछ में ज्ञात हुआ कि शिवपूजन निषाद की बहन का घर थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अन्तर्गत ग्राम भूली नगर में हैं जहां वह दो तीन महीने पहले आया था तथा नेवादा सोलर प्लांट को देखकर गया था और अपने साथियों को सोलर प्लांट के बारे में बताया था। उसके बाद सभी लोगों ने करीब एक माह पूर्व सोलर प्लांट, उसकी सुरक्षा व रास्तों की जानकारी करने के उपरान्त योजना बनाकर बरामद उपरोक्त पिकअप वाहन से उनतीस सितम्बर को रात्रि में सोलर प्लांट के तार काटकर चोरी कर ले गये थे।तार के प्लास्टिक को जलाकर निकले हुये तांबे के तार को घूम फिर कर कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ी को अस्सी हजार रुपये में बेच दिये थे और दो दिसंबर को पुनः सभी ने मिलकर नेवादा सोलर प्लांट से तार चोरी करके खेत में छिपा दिया था।

संविदा कर्मियों की हड़ताल से की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

समान वेतन और स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर डटे कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर/बल्दीराय। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। समान वेतन और स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर हैं। शनिवार को भी संविदा कर्मियों ने पूरे दिन हड़ताल जारी रखी, जिसके चलते सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। संविदा कर्मियों की हड़ताल का असर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखाई दे रहा है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं कर्मचारियों



की मांगों को लेकर चल रही हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन पर भी असर पड़ रहा है। हड़ताल में आशीष शुक्ला, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, गरिमा सिंह, गया प्रकाश यादव, विजय सिंह, बिनीत सिंह, निशा यादव, दीपमाला, बबिता स्वाती और सरिता सहित अन्य संविदा कर्मी शामिल रहे। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर कब तक निर्णय लिया जाता है और मरीजों को प्रभावित हो रही स्वास्थ्य सेवाओं से कब राहत मिलती है।

समाधान दिवस में पहुंचे डीएम एसपी ने सुनी शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम एसपी ने शिकायतों को सुनकर टीम गठित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय कस्बे में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की समितियों के पदाधिकारियों से वार्ता कर आयोजन की जानकारी ली। बता दे कुड़वार पर थाना समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह व एसपी विनीत जायसवाल के सामने कस्बे के सोनू ने रास्ते के विवाद का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर डीएम ने टीम गठित कर निस्तारण का निर्देश दिया। राजापुर निवासी रेखा मिश्रा ने बंटवारे के विवाद का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर डीएम ने लेखपाल दिवाकर यादव को दोनो पक्षों को लेकर मंगलवार को जनता दर्शन में उपस्थित होने का निर्देश दिया। कल्लू यादव खरकपुर व सचिन निवासी इसरौली ने अवैध कब्जे की शिकायत दी।जिस पर डीएम ने राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस के बाद डीएम एसपी ने



कुड़वार कस्बे में आयोजित होने वाली रामलीला व दुर्गा पूजा आयोजन के संबंध में पूजा समितियों के पदाधिरियों से जानकारी ली। रामलीला आयोजन समिति के रमेश तिवारी व महावीर श्रीवास्तव ने बताया कि 11 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर तक रामलीला मंचल के बारे में जानकारी दी।साथ ही दुर्गा पूजा समिति के लोगो ने बताया कि 20 अक्टूबर दशहरा मेले के साथ दुर्गा पूजा मेला शुरू होगा जिसका विसर्जन 28 अक्टूबर को होगा।अधिकारीद्वय ने समिति के लोगो से डीजे को लेकर लंबी वार्ता की उन्होंने कहा कि डीजे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सूरत में डीजे का कम्पटीशन नहीं होगा साथ ही ओवर बेस में बजने वाले डीजे के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

12 करोड़ का आईटीआई भवन तैयार आठ माह से हैंडओवर का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। दूबेपुर स्थित नई राजकीय बालिका आईटीआई का भवन बनकर तैयार है, लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस भवन का अब तक औपचारिक हस्तांतरण नहीं हो सका है। फरवरी 2026 में निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद विभागीय प्रक्रिया में देरी के चलते भवन का उपयोग शुरू नहीं हो पाया है। इससे नए सत्र में भी छात्राएं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित हैं। जानकारी के अनुसार, अल्पसंख्यक आयोग के तहत इस आईटीआई भवन के निर्माण के लिए वर्ष 2021-22 में टेंडर जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने निर्माण कार्य कराया। भवन फरवरी 2026 में पूरी तरह तैयार हो गया, लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग को हस्तांतरण



की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। मार्च में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने के बावजूद छात्राओं को नए भवन में पढ़ाई और प्रशिक्षण की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

तकनीकी जांच पूरी, हस्तांतरण की प्रक्रिया बाकी

भवन के हैंडओवर में हो रही देरी को लेकर शनिवार शाम 4:30 बजे जिला अल्पसंख्यक अधिकारी रमेश चंद से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि तकनीकी जांच की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भवन के हस्तांतरण से संबंधित प्रक्रिया आईटीआई के प्रधानाचार्य के स्तर पर है। ऐसे में अब आगे की विभागीय कार्रवाई पूरी होने के बाद ही भवन के उपयोग का रास्ता साफ हो सकेगा।

अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी पर उठ रहे सवाल

करीब 12 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी भवन का इस्तेमाल शुरू नहीं हो पाने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि यदि निर्माण पूरा होते ही हस्तांतरण की प्रक्रिया समय से पूरी कर ली जाती, तो छात्राओं को नए सत्र से ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सकता था।

भवन तैयार होने के बावजूद उसका उपयोग शुरू न होना विभागीय समन्वय और प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी की ओर इशारा करता है। अब तकनीकी जांच पूरी होने के बाद छात्राओं और स्थानीय लोगों की निगाहें भवन के औपचारिक हस्तांतरण पर टिकी हैं।

सम्पादकीय

फार्मा कंपनियों के तोहफ़े

लंबे समय से यह बात सार्वजनिक विमर्श में रही है कि मरीजों के हितों पर कुठाराघात करके, फार्मा कंपनियां उपहार देकर चंद डॉक्टरों व अस्पतालों को साध रही हैं। फॉर्मा कंपनियां हजारों करोड़ रुपये का बजट डॉक्टरों को खुश करने के लिये रखती हैं ताकि उनके उत्पाद खरीदने के लिये मरीजों को बाध्य किया जा सके। विडंबना यह है कि सरकारें सब-कुछ जानते-बूझते हुए भी खामोश बैठी रहती हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को केंद्र सरकार को अब निर्देश देना पड़ा है कि वह फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर अविलंब रोक लगाए। बाकायदा, डॉक्टरों को खुश करने के लिये, तोहफ़े देने वाली फार्मा कंपनियों पर लगाम लगाने के लिये विशेषज्ञ कमेटी बनायी जाए। निश्चय ही इस अपवित्र गठजोड़ को नियामक तंत्र के दायरे में लाने की दिशा में यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। निर्विवाद रूप से यह एक हकीकत है कि आर्थिक प्रलोभन या कीमती तोहफ़े मरीजों को दिए जाने वाले दवाइयों के परामर्श को प्रभावित करते हैं। फार्मा कंपनियों के इशारे पर लिखे गए प्रिस्क्रिप्शन का असर मरीजों और उनकी उपचार लागत पर पड़ता है। इस अनैतिक प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में अदालत की पहल वक्त की जरूरत है। अदालत में वादी द्वारा दायर याचिका में इस बात पर बल दिया गया था कि फार्मा कंपनियां चुनिंदा दवाइयों की बिक्री बढ़ाने के लिये चिकित्सकों को महंगे तोहफ़े, विदेश यात्राएं आदि अन्य प्रकार के लाभ पहुंचाती हैं। निश्चित रूप से ऐसी अनैतिक परंपराएं जहां एक ओर क्लिनिकल फैसलों पर प्रभाव डाल सकती हैं, वहीं जरूरत से ज्यादा दवा लिखने की गलत प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। दरअसल, रोगों से जूझ रहा मरीज या तिमारदार आमतौर पर यह निर्णय नहीं ले पाते कि कोई दवा कितनी जरूरी है या नहीं है। यह भी कि किसी दवा का बाजार में अन्य सस्ता विकल्प मौजूद है कि नहीं। लेकिन इस प्रलोभन नीति के चलते फार्मा कंपनियां अपना उल्लू सीधा करने में कामयाब हो जाती हैं। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि देश में इस अनैतिक परिपाटी पर अंकुश लगाने के प्रावधान पहले से ही मौजूद हैं। पहले से ही यूनिफॉर्म कोड फॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसिज-2024 के तहत डॉक्टरों को फार्मा कंपनियों से किसी भी प्रकार के तोहफे लेने, देश-विदेश की महंगी यात्राओं की सुविधाएं पाने या किसी भी तरह से आर्थिक लाभ लेने पर रोक लगाई गई है। बाकायदा इस बाबत शिकायत आने पर उसके निपटारे के लिये भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि शिकायतों के निपटारे के लिये एथिक्स कमेटी, खर्चों की जानकारी देने और शीर्ष पैनल सिस्टम भी मौजूद हैं। वह बात अलग है कि नियामक संस्थाएं यदा-कदा ही जागती हैं। इसके बावजूद, केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण सवाल को माना है कि क्या फार्मा कंपनियों को किसी कानूनी नियम-कायदे के दायरे में लाया जाना चाहिए? पुराने अनुभव तो यही बताते हैं कि स्वेच्छा से नियमों का पालन करना एक व्यावहारिक विकल्प नहीं हो पाता है। उपभोक्ताओं व मरीजों में जागरूकता के अभाव में ऐसे मामले होने के बावजूद बहुत कम शिकायतें सामने आती हैं। इसका मतलब यह कदापि नहीं है कि फार्मा कंपनियों का खेल जारी नहीं है। दरअसल,कम शिकायतें सामने आने की अन्य कई वजहें हैं। मसलन, डॉक्टरों को महंगे उपहार या आर्थिक लाभ के मामलों की कम रिपोर्टिंग का होना, नियमों का ठीक प्रकार से लागू न हो पाना या फिर ताकतवर फॉर्मा लॉबी का सामना करने में हिचकिचाहट की वजह से शिकायतें कम नजर आती हैं। उल्लेखनीय है कि पहले आवश्यक वस्तु अधिनियम या ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स कानून के जरिये इसे कानूनी आधार देने की कोशिशों पर अधिकार क्षेत्र और इसकी कानूनी वैधता को लेकर प्रश्न उठे थे। ऐसे में फिर जरूरी हो जाता है कि प्रस्तावित कमेटी को अफसरशाही की लेट-लतीफी से बचाया जाए। कमेटी को वैश्विक बाजार मॉडल, हितों के टकराव, जानकारी उजागर करने की जरूरत, ऐसे मामलों मे सजा, स्वतंत्र जांच और मेडिकल रेगुलेटर की भूमिका की जांच करनी चाहिए। सही मायने में सरकार को एक स्पष्ट कानूनी रोडमैप तैयार करना चाहिए, जिससे किसी नये कानून की जरूरत का पता चल सके।

हिमालय की प्रदूषण-मुक्ति भी हो पहाड़ी तीर्थयात्रा का उद्देश्य

चारधाम यात्रा के दौरान इस वर्ष सितंबर के मध्य तक 800 टन से अधिक कचरा एकत्र होने की सूचना इस संकट की गंभीरता को सामने रखती है। केदारनाथ जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में अप्रैल से अगस्त के बीच 50.30 टन कचरा जमा होना विशेष चिंता का विषय है। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फेंकी गई एक प्लास्टिक बोतल केवल एक बोतल नहीं रहती, वह लंबे समय तक पर्यावरण में मौजूद रहकर मिट्टी, जलस्रोतों और वन्यजीवन के लिए खतरा बन सकती है। विडंबना देखिए–जिस स्थान पर मनुष्य आत्मशुद्धि, संयम और त्याग की भावना लेकर जाता है, वहीं वह अपने पीछे कचरे का निशान छोड़ आता है। क्या ऐसी यात्रा को वास्तव में तीर्थयात्रा कहा जा सकता है? तीर्थ का अर्थ केवल किसी मंदिर तक पहुंच जाना नहीं है। तीर्थ मनुष्य के भीतर परिवर्तन की यात्रा है। यदि मंदिर में माथा टेकने के बाद हम उसी पर्वत की गोद में प्लास्टिक फेंक दें, जिसकी पवित्रता के नाम पर वहां पहुंचे हैं, तो हमारी आस्था अधूरी रह जाती है। इस संदर्भ में 'कैरी मी बैक' अभियान उम्मीद की एक महत्वपूर्ण किरण है। लगभग पांच हजार तीर्थयात्रियों द्वारा करीब 18 किलोमीटर के रास्ते से 12 टन से अधिक कंप्रेस्ड प्लास्टिक वापस नीचे लाना बताता है कि श्रद्धालुओं को सहभागी बनाया जाए तो वे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह केवल कचरा उठाने का अभियान नहीं, बल्कि तीर्थयात्रा की मानसिकता बदलने का प्रयास है। ऐसे अभियानों को व्यापक स्वरूप देकर हिमाचल, उत्तराखंड और अन्य हिमालयी तीर्थ क्षेत्रों में लागू किया जाना चाहिए। अमरनाथ यात्रा से मिला अनुभव भी सकारात्मक दिशा दिखाता है।

हिमालय केवल पर्वतों की एक शृंखला नहीं है, वह भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक आस्था और प्राकृतिक जीवन का आधार है। उसकी चोटियों में तप की स्मृतियां हैं, उसकी नदियों में करोड़ों लोगों की जीवनधारा बहती है और उसकी घाटियों में असंख्य धार्मिक स्थल सदियों से श्रद्धालुओं को आकर्षित करते रहे हैं। हिमाचल प्रदेश सहित पूरे हिमालयी क्षेत्र में हिंदू धर्म के अनेक प्रमुख तीर्थस्थल हैं। इन स्थानों पर पहुंचना श्रद्धालुओं के लिए आस्था का विषय है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि पिछले कुछ वर्षों में तीर्थयात्रा और पर्यटन के बीच की सीमा धुंधली होती जा रही है। दर्शन और आध्यात्मिक अनुभूति के साथ मनोरंजन, मौज-मस्ती और उपभोक्तावादी जीवनशैली का प्रवेश पहाड़ों की संवेदनशीलता पर भारी पड़ रहा है। हिमालय की सबसे बड़ी विशेषता ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी भी है। यहां का पर्यावरण अत्यंत नाजुक है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मिट्टी की परत पतली है, वनस्पतियों की पुनरुत्पादन क्षमता सीमित है और कचरे के प्राकृतिक रूप से नष्ट होने की प्रक्रिया मैदानी क्षेत्रों की तुलना में बहुत धीमी है। इसके बावजूद हम हजारों-लाखों लोगों को एक साथ इन क्षेत्रों में पहुंचा रहे हैं। वाहनों की लंबी कतारें, पार्किंग का दबाव, होटल और ढाबों का अनियोजित विस्तार, प्लास्टिक की बोतलें, खाद्य पदार्थों के रैपर, पॉलीथिन और डिस्पोजेबल सामग्री पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण को लगातार चोट पहुंचा रहे हैं। चारधाम यात्रा के दौरान इस वर्ष सितंबर के मध्य तक 800 टन से अधिक कचरा एकत्र होने की सूचना इस संकट की गंभीरता को सामने रखती है। केदारनाथ जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में अप्रैल से अगस्त के बीच 50.30 टन कचरा जमा होना विशेष चिंता का विषय है। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फेंकी गई एक प्लास्टिक बोतल केवल एक बोतल नहीं रहती, वह लंबे समय तक पर्यावरण में मौजूद रहकर मिट्टी, जलस्रोतों और वन्यजीवन के लिए खतरा बन सकती है। विडंबना देखिए-जिस स्थान पर मनुष्य आत्मशुद्धि, संयम और त्याग की भावना लेकर जाता है, वहीं वह अपने पीछे कचरे का निशान छोड़ आता है। क्या ऐसी यात्रा को वास्तव में तीर्थयात्रा कहा जा सकता है? तीर्थ का अर्थ केवल किसी मंदिर तक पहुंच जाना नहीं है। तीर्थ मनुष्य के भीतर परिवर्तन की यात्रा है। यदि मंदिर में माथा टेकने के बाद हम उसी पर्वत की गोद में प्लास्टिक फेंक दें, जिसकी पवित्रता के नाम पर वहां पहुंचे हैं, तो हमारी आस्था अधूरी रह जाती है। इस संदर्भ में 'कैरी मी बैक' अभियान उम्मीद की एक महत्वपूर्ण किरण है। लगभग पांच हजार तीर्थयात्रियों द्वारा करीब 18 किलोमीटर के रास्ते से 12 टन से अधिक कंप्रेस्ड प्लास्टिक वापस नीचे लाना बताता है कि श्रद्धालुओं को सहभागी बनाया जाए तो वे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह केवल कचरा उठाने का अभियान नहीं, बल्कि तीर्थयात्रा की मानसिकता बदलने का प्रयास है। ऐसे अभियानों को व्यापक स्वरूप देकर हिमाचल, उत्तराखंड और अन्य हिमालयी तीर्थ क्षेत्रों में लागू किया जाना चाहिए। अमरनाथ यात्रा से मिला अनुभव भी सकारात्मक दिशा दिखाता है। पुनः उपयोग किए जाने वाले बर्तनों और पानी भरने की सुविधाओं के विस्तार के कारण यात्रियों की संख्या में 17 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद प्रति यात्री कचरे में 15 प्रतिशत कमी आना इस बात का प्रमाण है कि सुविधाजनक और वैज्ञानिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तो पर्यावरणीय दबाव कम किया जा सकता है। इसलिए केवल श्रद्धालुओं से अपील करना पर्याप्त नहीं है, प्रशासन को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार सबसे सहज विकल्प बने। हिमाचल प्रदेश के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर भीड़ का अनियंत्रित बढ़ना इसी व्यापक संकट का हिस्सा है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, चामुंडा, ज्वालाजी, चिंतपूर्णी, नैना देवी और अन्य धार्मिक-पर्यटन स्थलों पर मौसम विशेष में बढ़ने वाला दबाव यातायात, जलापूर्ति, सीवेज, ठोस कचरा और स्थानीय संसाधनों पर असर डालता है। पहाड़ों की वहन क्षमता मैदानी शहरों जैसी नहीं है। इसलिए किसी भी तीर्थ या पर्यटन स्थल की लोकप्रियता को केवल अधिकाधिक लोगों को वहां पहुंचाने की सफलता के रूप में नहीं देखा जा सकता। अब समय आ गया है कि 'जितने अधिक पर्यटक, उतना अधिक विकास' की सोच को 'जितना संवेदनशील पर्यावरण, उतना जिम्मेदार पर्यटन' में बदला जाए। तीर्थस्थलों की वहन क्षमता का वैज्ञानिक अध्ययन हो और उसके आधार पर प्रतिदिन या मौसम के अनुसार आगंतुकों की संख्या निर्धारित की जाए। सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण हो, पानी के रिफिल स्टेशन बढ़ाए जाएं, बोतलों और पैकेजिंग के लिए डिपॉजिट-रिटर्न व्यवस्था लागू की जाए तथा कचरे को स्रोत पर ही अलग करने की व्यवस्था हो। दुकानदारों, होटल संचालकों और वेंडरों को उनके द्वारा उत्पन्न कचरे के प्रति जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है तीर्थयात्री की मानसिकता में परिवर्तन। पहाड़ हमारे मनोरंजन के मैदान नहीं हैं। वे हमारी आने वाली पीढ़ियों की प्राकृतिक विरासत हैं। जिस नदी के किनारे हम पूजा करते हैं, वही नदी नीचे बसे करोड़ों लोगों का जीवन है। जिस जंगल को हम कैमरे में कैद करते हैं, वही जंगल पहाड़ी पारिस्थितिकी को संतुलित करता है। जिस पर्वत को हम देवभूमि कहकर नमन करते हैं, उसकी ढलानों पर प्लास्टिक फेंकना हमारी अपनी श्रद्धा का अपमान है। नेपाल और हिमालयी क्षेत्र में समय-समय पर अत्यधिक वर्षा, बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने यह चेतावनी दी है कि पर्वतीय पारिस्थितिकी के साथ छेड़छाड़ के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। हर आपदा को सीधे पर्यटन या प्रदूषण का परिणाम मानना वैज्ञानिक रूप से उचित नहीं होगा, लेकिन इतना निश्चित है कि अनियोजित निर्माण, अत्यधिक मानवीय दबाव, वन क्षरण और कचरा प्रबंधन की कमजोरी पर्वतीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता को बढ़ा सकती है। हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर जहां प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है, वहीं धार्मिक पर्यटन के नाम पर व्यापक स्तर पर प्रदूषण फैला है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बर्बादी लेकर आता रहा है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन एवं धार्मिक यात्राओं को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया। हिमालय हमें बहुत कुछ देता है-जल, वन, जैव विविधता, जलवायु संतुलन, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा। बदले में हमारी जिम्मेदारी केवल वहां जाकर पूजा करना नहीं, बल्कि उस प्रकृति की रक्षा करना भी है। तीर्थयात्री यदि एक बोतल पानी लेकर पहाड़ पर जा सकता है तो खाली बोतल वापस भी ला सकता है। यह छोटा-सा संकल्प बड़े परिवर्तन का आधार बन सकता है। आस्था और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। धार्मिक यात्रा का वास्तविक संस्कार तभी पूर्ण होगा जब तीर्थयात्री मंदिर से लौटते समय अपने साथ प्रसाद ही नहीं, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी लेकर लौटे। सरकारें व्यवस्था करें, स्थानीय समुदाय भागीदारी निभाएं और श्रद्धालु अपना कचरा वापस लाने का संकल्प लें-तभी हिमालय की पवित्रता सुरक्षित रह सकेगी। हिमालय को केवल देवभूमि कहने से उसकी रक्षा नहीं होगी, उसे देवभूमि की तरह व्यवहार देकर ही उसकी पवित्रता बचाई जा सकती है। यही सच्ची तीर्थयात्रा है, यही प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। -ललित गर्ग

नारी सशक्तीकरण का पर्व है नवरात्रि

रमेश सर्राफ धमोरा

भारत त्योहारों का देश है जहां हर पर्व का अपना एक विशेष महत्व और उससे जुड़ी पौराणिक कथा होती है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है नवरात्रि । यह पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना और शक्ति आराधना का प्रतीक है। नवरात्रि मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है। जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें। इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रखते हैं, और भक्ति में लीन रहते हैं। इन नौ दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री। नवरातरि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं, चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ति और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने-कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आती है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है। नवरात्रि की नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। नवरात्रि एक प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाई जाती है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलने वाला त्योहार है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग-अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है उसकी पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ कुंवारी लड़कियों की पूजा होती है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

सेहत मंत्र

तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से सेहत रहती है दुरुस्त

आपने बहुत से लोगों को सुबह उठकर तांबे के बर्तन में रखा पानी पीते देखा होगा। दरअसल, ऐसा करने से सेहत दुरुस्त रहती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से शरीर में वात, पित्त और कफ तीनों ही संतुलित रहते हैं और तांबे के बर्तन में रखा पानी हमेशा ताज़ा रहता है। तो आज से आप भी तांबे के बर्तन में पानी रखना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे में रखा पानी पीने से आपकी सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचता है। यह शरीर में तांबे की कमी को पूरा करता है और चूंकि यह प्राकृतिक कीटाणुनाशक होता है इसलिए यह शरीर में बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं को खत्म कर देता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, तांबे में कैंसर विरोधी तत्व मौजूद होते है यानी यह कैंसर की बीमारी को रोकने में कारगर हो सकता है। तांबे का पानी पीने से पेट की सेहत एकदम दुरुस्त रहती है। रोज़ाना इसका पानी पीने से पेट दर्द, गैस, एसिडिटी और कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है। शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में भी तांबे का पानी मदद करता है। साथ ही यह आपकी किडनी और लिवर को भी स्वस्थ रखता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह किसी भी तरह के संक्रमण से निपटने में लाभदायक है। यदि आपको अक्सर त्वचा संबंधी समस्या होती है तो तांबे के बर्तन में रखा पानी पीएं। यह फोड़े, फुंसी, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य परेशानियों को दूर करने में मदद करता है। आपको जानकर शायद हैरानी होगी, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे का पानी पाचनतंत्र को ठीक रखने के साथ ही वज़न कम करने में भी मदद करता है। ब्लड प्रेशर और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी तांबे का पानी फायदेमंद है यानी यह आपके दिल को स्वस्थ रखने में मद करता है। तांबे में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते है जिससे यह शरीर में दर्द, ऐंठन और सूजन की समस्या को दूर करता है। ऑर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी यह बहुत फायदेमंद है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेंटरी गुण होते हैं जिससे यह शरीर के बाहर और अंदर के घाव को जल्दी भरने में मदद करता है। किसी भी चीज़ का पूरा फायदा तभी मिलता है जब उसे सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। तांबे के बर्तन में रात में पानी भर दें।

धर्म मंत्र

बोधेश्वर महादेव मंदिर में आते हैं हजारों सांप और दूर होते हैं 'असाध्य रोग'

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ के पास स्थित बोधेश्वर महादेव के मंदिर को लेकर लोगों में गहन आस्था है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि मंदिर स्थित शिवलिंग के स्पर्श मात्र से ही लंबे समय से पीड़ित गंभीर रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इस मंदिर में दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं और दर्शन के साथ ही अपने रोगों से मुक्ति पाते हैं। इस मंदिर को लेकर एक कथा बेहद प्रचलित है जिसके अनुसार कहा जाता है कि एक बार नेवल के राजा को भगवान शिव ने सपने में आकर पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह स्थापित करने के आदेश दिए। भगवान शिव से आदेश प्राप्त करने के बाद राजा ने इस कार्य को प्रारंभ किया और जब पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह का निर्माण हो गया तो रथ पर इन्हें लेकर नगर में प्रवेश किया जाने लगा। तभी अचानक रथ का पहिया जमीन में धंसने लगा और लाख प्रयास के बाद भी रथ के पहिए को जमीन से नहीं निकाला जा सका। अंत में राजा ने उसी स्थान पर शिवलिंग, नंदी और नवग्रह की स्थापना कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वहीं भगवान शिव द्वारा बोध कराए जाने के कारण इस मंदिर को 'बोधेश्वर महादेव' का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की बनावट बेहद खूबसूरत है और इसे 15वीं शताब्दी की कलाकृति कही जाती है। मंदिर में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग के पत्थर के विषय में कहा जाता है कि यह पत्थर दुर्लभ है और 400 साल पहले विलुप्त हो चुका है। अब धरती पर यह पत्थर नहीं मिलते हैं।

पर्यटन



नेल्लियापैथी पहाड़ियां केरल के सबसे आकर्षक हिल स्टेशनों में से एक

केरल की अपनी एक खूबसूरती है। इसमें भी उत्तरी केरल पूरी दुनिया में सबसे खूबसूरत गंतव्य में से एक है। इसे पर्यटकों के लिए स्वर्ग माना जाता है। केरल भारत के तटीय क्षेत्र में स्थित है और इसमें कुछ अद्भुत पार्क, भंडार, झीलें, पहाड़ियाँ और बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें एक ही जगह पर ढूंढना मुश्किल है। इसलिए, केरल को दो भागों में विभाजित करके आसानी से भ्रमण किया जा सकता है, उत्तर केरल और दक्षिण केरल। जहां दक्षिण केरल में कुछ महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं। दक्षिण केरल अपने लुभावने दृश्यों के साथ अक्सर पर्यटकों को आकर्षित करता है लेकिन उत्तर केरल में कुछ अद्भुत स्थान हैं, जहाँ पर एक बार जरूर जाना चाहिए। अगर आप एंडवेचर्स हैं या इतिहास प्रेमी हैं तो आपको यहां पर जरूर जाना चाहिए। यहां पर आपको एक बेहद ही प्राचीन किला देखने को मिलेगा, जिसमें प्राचीन वास्तुकला का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा यहां पर एक समुद्र तट भी है। जो आपके मन को एक सुकून प्रदान करता है। यह किला 300 साल पहले बनाया गया था और यह समुद्र तट और अरब सागर के करीब है। इस स्थान पर रेल और बस द्वारा पहुँचा जा सकता है, हालाँकि निकटतम हवाई अड्डा मैंगलोर में सिर्फ 50 किमी दूर है। यह प्राकृतिक सौंदर्य और विभिन्न गतिविधियों के कारण पश्चिमी घाट के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। इस स्थान पर आप कई गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। पहाड़ों की ट्रेकिंग करने से लेकर रॉक क्लाइम्बिंग यहां पर की जा सकती है। ट्रेकिंग के सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक दिल के आकार की झील है जो शीर्ष पर स्थित है और पूरे परिदृश्य का सुंदर दृश्य देता है। इन गुफाओं में से कुछ में प्राचीन नक्काशी हैं जो हजार साल पुरानी हैं। गुफाओं की स्थापना सिंधु घाटी सभ्यता के समय के दौरान की गई थी, जो इसे यात्रा के लिए बहुत ही आकर्षक बनाती है। गुफाओं की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक है। गुफाएँ अम्बुकुट्टी पहाड़ियों पर वायनाड में स्थित हैं जहाँ से पहाड़ी पर पहुँचने के लिए कार या बस ली जा सकती है। पहाड़ियों पर चढ़ना तुलनात्मक रूप से आसान है और गुफा में शिलालेखों के लिए कुछ अच्छा दृश्य प्रस्तुत करता है।

त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा, चार खाद्य नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की तैयारी

पतंजलि स्टोर से खराब एवं अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट, तीन निरीक्षण और दो सुधार नोटिस जारी; मिलावटखोरी रोकने के लिए विभाग की निगरानी तेज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में छापेमारी और निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में खाद्य निरीक्षक पल्लवी तिवारी एवं अरशी फारूकी की अगुवाई में गठित टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, उनकी स्थिति और बिक्री व्यवस्था की जांच की। अभियान के दौरान कुल चार खाद्य नमूने संग्रहित किए गए, जबकि तीन निरीक्षण किए गए और अनियमितताएं पाए जाने पर दो सुधार नोटिस जारी किए गए।खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सत्यप्रेमी नगर स्थित पतंजलि स्टोर से पतंजलि गाय के घी और पतंजलि कुट्टू के आटे के नमूने संग्रहित किए। इसके अतिरिक्त ब्लिंक ई-कॉमर्स के माध्यम से उपलब्ध बारोसी गाय के घी तथा पारस घी के भी नमूने लिए गए। इन चारों नमूनों की गुणवत्ता की जांच के माध्यम से खाद्य पदार्थों की शुद्धता और निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की स्थिति का पता लगाया जाएगा। प्रयोगशाला जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।अभियान के दौरान सत्यप्रेमी नगर स्थित पतंजलि स्टोर पर खराब एवं अवधिपार खाद्य सामग्री मिलने पर टीम ने उसे नष्ट कराया। कार्रवाई के तहत कुट्टू का आटा, गेहूं का आटा, गुड़ का पाउडर और हल्दी पाउडर नष्ट कराया गया, ताकि ऐसी खाद्य सामग्री उपभोक्ताओं तक न पहुंच सके। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से जुड़े मामलों में विभाग की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि खराब अथवा अवधिपार सामग्री का सेवन लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है।त्योहारों के दौरान मिठाइयों, घी, आटा, मसालों और अन्य खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ जाती है। ऐसे समय में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर निगरानी रखना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना खाद्य सुरक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विभागीय निरीक्षणों के माध्यम से प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जवाबदेह बनाने के साथ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने का प्रयास किया जा रहा है। चार नमूने संग्रहित करने, तीन निरीक्षण करने, दो सुधार नोटिस जारी करने और खराब एवं अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट कराने की कार्रवाई से स्पष्ट है कि विभाग खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर सक्रिय है। हालांकि, नमूनों की अंतिम स्थिति प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। खाद्य सुरक्षा के इस अभियान की प्रभावशीलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि आमजन को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिले। जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। खराब एवं अवधिपार खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमती पल्लवी तिवारी
खाद्य निरीक्षक

खाद्य सुरक्षा विभाग उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और नमूनों की जांच कराई जा रही है। खाद्य सामग्री के रखरखाव, गुणवत्ता और वैधता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अरशी फारूकी
खाद्य निरीक्षक

आंधी-तूफान से प्रभावित गांवों में राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन सक्रिय, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने किया स्थलीय निरीक्षण

तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के साथ कई गांवों में पहुंचकर फसल और मकान क्षति का लिया जायजा, पात्र किसानों को राहत दिलाने के लिए सत्यापन कार्य लगातार जारी



हैदरगढ़, बाराबंकी। बीते दिनों आए आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए तहसील प्रशासन लगातार सक्रिय है। प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का वास्तविक आकलन करने से लेकर पात्र किसानों को शासन की राहत योजनाओं का लाभ दिलाने तक राजस्व विभाग की टीम निरंतर काम कर रही है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह एवं तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने विभिन्न गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर फसलों एवं मकानों को हुई क्षति की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर मौके की परिस्थितियों को समझा और क्षति से संबंधित मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। जिलाधिकारी बाराबंकी के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा आंधी-तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह एवं तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने अरुई, सेरसा, नैपुरा, दुरौधा, सतरही, बुधनई, बसंतपुर, सिद्धौर, खास, तिलसिया, मल्हौली, दतौली चंदा, दान्दपुर, रिठी सिकंदरपुर, मालिनपुर, घरकुइया, बम्भरौली, जलालपुर, मंशारा, कादिरपुर, जियनपुर, असंद्रा, जरगावा, सेमरावा और मीरापुर टेढ़िया सहित विभिन्न गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए फसलों एवं मकानों को हुए नुकसान से जुड़े मामलों के सत्यापन पर विशेष ध्यान दिया। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि राहत सहायता वितरण की प्रक्रिया केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक रूप से प्रभावित किसानों को नियमानुसार इसका लाभ मिल सके। इसके लिए राजस्व विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर क्षति का आकलन कर रही है। सत्यापन के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर पात्र प्रकरणों को राहत पोर्टल पर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे सहायता वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। शासन की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। निर्धारित मानक के तहत 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल क्षति पाए जाने पर संबंधित किसान राहत सहायता के पात्र होंगे। वहीं, निर्धारित सीमा से कम क्षति वाले मामलों में शासन के नियमों के अनुसार पात्रता तय की जाएगी। प्रशासन का जोर इस बात पर है कि प्रत्येक मामले का परीक्षण वास्तविक स्थिति के आधार पर हो और सहायता वितरण में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

लगातार जारी है प्रशासनिक निगरानी

आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए तहसील प्रशासन का प्रयास लगातार जारी है। अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन के माध्यम से नुकसान की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम को प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रखते हुए क्षति से संबंधित प्रकरणों की जांच और आवश्यक अभिलेखीय कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर की जा रही इस कवायद का उद्देश्य राहत प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और पात्र किसानों तक सरकारी सहायता पहुंचाना है।उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराने की प्राथमिकता पर जोर दिया। प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि किसी भी पात्र किसान का मामला सत्यापन या आवश्यक प्रक्रिया के अभाव में लंबित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों और राजस्व कर्मियों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर कार्रवाई जारी है।

नेताजी की पुण्यतिथि पर स्मृति द्वार का शुभारंभ संविधान की रक्षा के लिए एकजुटता का आह्वान





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देवा विकासखंड के मतैला चौराहे पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने नेताजी के स्मृति द्वार का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पीडीए समाज को एकजुट होना होगा। वोट के अधिकार की रक्षा लोकतंत्र बचाने के लिए जरूरी है।

कार्यक्रम का आयोजन राम अवतार यादव और मनोज यादव ने किया, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर हुमायूं नईम खां, विनोद यादव, पप्पू यादव, धीरज यादव, आलोक यादव, शिवकुमार यादव, ललित रावत, आशीष यादव, मनीष यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सीएनजी कार में लगी आग, चालक की जिंदा जलकर मौत



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ एयरपोर्ट से घर लौट रहे चालक की चलती टाटा टियागो कार में आग लगने से जिंदा जलकर मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे हुए हादसे की जानकारी शनिवार सुबह छह बजे ग्रामीणों और राहगीरों को हुई। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी और चालक के अवशेष ही बचे थे। मृतक की पहचान नोहरी पुरवा डूडी निवासी प्रदीप कुमार वर्मा पुत्र श्रीराम वर्मा के रूप में हुई। बताया जाता है कि उन्होंने चार महीने पहले ही सीएनजी कार खरीदी थी। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के बाद फॉरेंसिक टीम ने कार में मिले अवशेषों और राख को जांच के लिए सुरक्षित किया। कोतवाली सफदरगंज के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

नौ देवियों के स्वरूप में सजीं छात्राएं, नारी सम्मान का संदेश



निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर झरसवां स्थित युगांतर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शक्ति आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की झांकियां प्रस्तुत कीं। पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित कार्यक्रम में नारी सम्मान, सुरक्षा और समानता का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रबंधक सूर्यातोष सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ बालिकाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अशोक कुमार, पीयूष वर्मा, प्रिया वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

नवरात्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, किराना स्टोर से 55 किलो आटा जब्त

हैदरगढ़, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के मद्देनजर व्रत में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने हैदरगढ़ कस्बे में छापेमारी की। अभियान के तहत गोलू किराना स्टोर पर जांच की गई, जहां से कुट्टू के आटे और सिंघाड़े के आटे के दो नमूने संग्रहित किए गए। इसके साथ ही कार्रवाई के दौरान कुल 55 किलोग्राम खाद्य सामग्री जब्त की गई।जानकारी के अनुसार,श्रीमती पल्लवी तिवारी खाद्य निरीक्षक की अगुवाई मे खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गोलू किराना स्टोर पर पहुंचकर व्रत में उपयोग होने वाले आटे की जांच की। इस दौरान कुट्टू के आटे का एक नमूना और सिंघाड़े के आटे का एक नमूना लिया गया। वहीं, मौके से 29 किलोग्राम कुट्टू का आटा और 26 किलोग्राम सिंघाड़े का आटा जब्त किया गया। दोनों प्रकार के आटे की कुल जब्त मात्रा 55 किलोग्राम बताई गई है।नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और कुट्टू तथा सिंघाड़े के आटे से बने खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षित होने की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है। खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान व्रत में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की पड़ताल करने तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।संग्रहित नमूनों की प्रयोगशाला जांच के बाद ही उनकी गुणवत्ता के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में गुणवत्ता मानकों के पालन को लेकर सतर्कता बढ़ाने का संदेश गया है।

सर्वपितृ अमावस्या,पितरों को भावपूर्ण विदाई, नवरात्र की तैयारी शुरू

रामनगर, बाराबंकी। सर्वपितृ अमावस्या पर शनिवार को क्षेत्र में पितृ विसर्जन के कार्यक्रम संपन्न हुए। लोगों ने श्राद्ध और तर्पण की परंपराएं निभाकर पितरों को विदाई दी। इसके बाद घरों में साफ-सफाई और नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गईं। रविवार, 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू होने के चलते घरों और मंदिरों में पूजन की तैयारियां की जा रही हैं।

माता शैलपुत्री की पूजा, आज से शारदीय नवरात्र, मंदिरों में तैयारियां पूरी

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ रविवार को मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ होगा। नौ दिनों तक मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। नवरात्र को लेकर क्षेत्र के मंदिरों और मठों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के बाद कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना करेंगे। 19 अक्टूबर तक नवरात्र के बाद 20 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा।

नवरात्र में फल और पूजा सामग्री महंगी, श्रद्धालुओं की जेब पर बोझ

शारदीय नवरात्र शुरू होते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है, लेकिन फल और पूजा सामग्री के दामों में उछाल से श्रद्धालुओं की जेब पर बोझ बढ़ गया है। सेब 120 से 130 रुपये, अनार 180 रुपये और केला 50 रुपये दर्जन बिक रहा है। पूजा का नारियल 60 रुपये, अनानास 80 रुपये प्रति पीस और तरबूज 60 रुपये में बिक रहा है। मिठाई के दामों में भी तेजी बताई जा रही है। व्रत और पूजा सामग्री की बढ़ती मांग के बीच कीमतों में इजाफ़े से आम श्रद्धालुओं का बजट प्रभावित हो रहा है।

धन्नांग तीर्थ पर सामूहिक तर्पण, सामाजिक समरसता का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। खुज्जी ग्राम पंचायत स्थित महाभारत कालीन धन्नांग तीर्थ पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड निंदूरा की ओर से सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न जाति-वर्गों के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पितरों और धर्म व गौरक्षा के लिए बलिदान हुए ज्ञात-अज्ञात लोगों का तर्पण कर सामाजिक एकता का संदेश दिया। जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख महंत मोनू पांडेय ने कहा कि समाज से भेदभाव मिटाकर समरसता और भाईचारे को मजबूत करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस दौरान भानु प्रताप सिंह, मान यादव, गिरजा शंकर, आचार्य राज बाजपेयी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

नेता जी की पुण्यतिथि, सपा ने तेज की 2027 चुनाव की तैयारी , कार्यकर्ताओं का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर जिला पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने नेताजी के संघर्ष, सामाजिक न्याय और गरीबों-किसानों के हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद और जैदपुर विधायक गौरव रावत ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और अखिलेश यादव के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान ने स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशियों की जीत के लिए भी कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में हैदरगढ़ में पूर्व विधायक राम मगन रावत के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां भी स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी कांति सिंह को जिताने की अपील की गई।



राज्यसभा सांसद प्रियंका सिंह रावत ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, बाराबंकी के विकास पर हुई चर्चा



बाराबंकी। राज्यसभा सांसद प्रियंका सिंह रावत ने आज मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने बाराबंकी के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और जनपद की आवश्यकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई इस मुलाकात की जानकारी भाजपा नेता राज कुमार सिंह ने दी। यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने दी ।



भारत बनाम वेस्टइंडीज: बल्लेबाजों के बीच होगा मुकाबला, गेंदबाजों पर रहेगा दबाव


एजेंसी



इंदौर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अभी तक बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला है तथा रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी यह बरकरार रहने की पूरी उम्मीद है जिससे कि गेंदबाजों पर काफी दबाव रहेगा। रांची में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 501 रन बने। वेस्टइंडीज ने भारत के 250 रन के लक्ष्य को लगभग एक ओवर शेष रहते हुए ही हासिल कर दिया था। इंदौर का होलकर स्टेडियम छोटी बाउंड्री और सपाट पिच के लिए जाना जाता है। इसलिए अगर यहां फिर से रनों का अंबार देखने को मिले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। निश्चित तौर पर मुकाबला दोनों टीम के बल्लेबाजों के बीच होगा लेकिन सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम ही जीत हासिल करेगी। विशेषकर क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम का पलड़ा भारी रहेगा। दोनों टीम ने अभी तक महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़े हैं जो महंगे साबित हुए हैं। पिछले मैच में मयंक यादव ने शेरफ़ेन रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ दिया था जो एक तरह से निर्णायक साबित हुआ। रदरफोर्ड ने इसका पूरा फायदा उठाकर कप्तान शाई होप के साथ मिलकर 54 गेंदों में 120 रन की साझेदारी की। जब मयंक ने शॉर्ट फाइन लेग पर रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ा तब यह बल्लेबाज 38 रन पर खेल रहा था। उन्होंने इसके बाद 37 गेंदों में 84 रन बनाए, जिसमें सात छक्के और उतने ही चौके शामिल हैं। भारत को होप की शानदार फॉर्म को लेकर भी सतर्क रहना होगा। वेस्टइंडीज के कप्तान ने इस दौरे पर दो शतक जड़े हैं और वह फिर से बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत के लिए गेंदबाजी अब भी चिंता का विषय बना हुआ है और वह इस मैच में इसका हल ढूंढने की कोशिश करेगा। इस मैच में ओस की भी अहम भूमिका रहने की उम्मीद है। मयंक ने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन बाकी गेंदबाज रनों पर अंकुश नहीं लगा पाए और वेस्टइंडीज ने शुरुआती झटकों के बावजूद जोरदार वापसी करके रिकार्ड लक्ष्य हासिल कर दिया। भारत के लिए इस श्रृंखला का सकारात्मक पहलू कप्तान श्रेयस अय्यर का फॉर्म में लौटना है। उन्होंने पहले मैच में नाबाद 102 रन बनाए और दूसरे मैच में 18 गेंद पर 40 रन की तूफानी पारी खेली। संजू सैमसन ने 41 गेंदों में 82 रन बनाकर अंतिम एकादश में अपनी जगह फिर से पक्की कर दी। इसका मतलब है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को फिर से बाहर बैठना पड़ सकता है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने भी रांची में दूसरे मैच के बाद कहा था कि मध्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है लेकिन शीर्ष क्रम में नहीं। मुख्य कोच ने यह भी स्वीकार किया कि शिवम दुबे के अय्यर से पहले चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद भारत अपने टीम संयोजनों के साथ प्रयोग करना जारी रखेगा। हालांकि दुबे केवल सात रन बनाकर आउट हो गए थे। भारत अपने मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, जिन्होंने दो मैचों में 79 रन देकर एक विकेट लिया है। भारत मयंक से भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगा। होप के शानदार प्रदर्शन और रदरफोर्ड के फॉर्म में वापस आने से वेस्टइंडीज की टीम खुश होगी। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों में रोस्टन चेज़ ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज हालांकि शमर स्प्रिंगर को बदलने पर विचार कर सकता है, जिन्होंने अपने चार ओवरों में 64 रन देकर दो विकेट लिए।

गंभीर ने बेहतर पिचों की वकालत की, हालांकि गेंदबाजों को खुद रास्ता निकालने की दी नसीहत

एजेंसी



रांची। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 249 रन का लक्ष्य बचाने में नाकाम रहने के बाद भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक बार फिर बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन की वकालत की। उन्होंने सपाट पिच और भारी ओस के कारण गेंदबाजों के सामने आई चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन साफ किया कि भारत को ऐसी परिस्थितियों में भी विपक्षी टीम को रोकने का तरीका तलाशना होगा। वेस्टइंडीज ने शाई होप की शानदार बल्लेबाजी के दम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल किया। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में गंभीर ने कहा कि वह भी बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखना चाहते हैं। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, क्या आप नहीं चाहते कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा हो? हम भी वही चाहते हैं जो आप चाहते हैं। अगर आप सिर्फ छक्के और चौके देखना चाहते हैं, तो हम भी वही चाहते हैं। अगर आप बराबरी का मुकाबला चाहते हैं, तो हम भी वही चाहते हैं। उन्होंने गेंदबाजों का बचाव करते हुए कहा, ये हमारे गेंदबाज हैं। उनका करियर भी दांव पर है। उन्होंने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने मेहनत नहीं की। अगर बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होगा, तो यह अच्छा होगा और हमें बेहतर क्रिकेट देखने को मिलेगा। हालांकि, गंभीर ने हार के लिए केवल पिच और ओस को जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया। उन्होंने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत को ऐसी परिस्थितियों में भी बड़े स्कोर का बचाव करना सीखना होगा। गंभीर ने कहा, आप किसी भी हार को नजरअंदाज नहीं कर सकते। अगर आप लगातार बेहतर होना चाहते हैं, तो किसी भी बात को छिपाना नहीं चाहिए। हम विश्व चैंपियन टीम हैं और इसलिए लगातार सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इन परिस्थितियों में गेंदबाजी करना मुश्किल होता है। हम जानते हैं कि सपाट पिच और ओस के कारण गेंदबाजों के लिए चुनौती बढ़ जाती है। लेकिन हमें विपक्षी टीम को रोकने का तरीका निकालना होगा, खासकर तब जब उसने पहले ओवर में दो विकेट गंवा दिए हों और शुरुआती छह ओवर में तीन विकेट खो दिए हों। मैच का अहम मोड़ वेस्टइंडीज की पारी के 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर आया, जब मयंक यादव ने शॉर्ट फाइन लेग पर शेरफ़ेन रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ दिया। उस समय रदरफोर्ड 38 रन पर खेल रहे थे। जीवनदान का फायदा उठाते हुए उन्होंने 37 गेंदों में 84 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पूर्ण सदस्य टीमों के बीच भारत की कैच पकड़ने की सफलता दर 74.3 प्रतिशत रही थी, जो दूसरी सबसे खराब थी। हालांकि, गंभीर ने हार का ठीकरा कैच छूटने पर भी नहीं फोड़ा।

हर्ष मल्होत्रा ने किया राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने शनिवार को दिल्ली स्थित एसआर कैपिटल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड की द्वितीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के पांचवें चरण की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी बौद्धिक क्षमता, एकाग्रता और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता 10 और 11 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, भारतीय शिक्षा बोर्ड की द्वितीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में आठ राज्यों के 35 विद्यालयों से लगभग एक हजार खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के विभिन्न चरण हरिद्वार, वाराणसी, प्रयागराज, बुलंदशहर, दिल्ली और हापुड़ में आयोजित किए गए हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, खेल भावना और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसआर कैपिटल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्य छाबड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शतरंज की जड़ें भारत की प्राचीन चतुरंग परंपरा में निहित हैं। यह खेल भारतीय ज्ञान परंपरा और बौद्धिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। ऐसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि सक्षम, संस्कारवान, आत्मविश्वासी और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक तैयार करना है, जो अपने ज्ञान, कौशल और चरित्र के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। उल्लेखनीय है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक शिक्षा के समन्वय से विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रहा है। बोर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता, तार्किक चिंतन और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।

शंघाई मास्टर्स: चीन ओपन में अयोग्य घोषित होने के बाद मेदवेदेव की जीत से वापसी

एजेंसी



शंघाई। रूस के दानिल मेदवेदेव ने चीन ओपन के सेमीफाइनल में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अपने पहले मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में जगह बना ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने शनिवार को जर्मनी के यान-लेनार्ड स्ट्रफ को तीन सेट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। मुकाबला एक घंटे 52 मिनट तक चला। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज मेदवेदेव ने इस जीत के दौरान 21 एस लगाए। इसके साथ ही उन्होंने स्ट्रफ के खिलाफ अपने आमने-सामने के मुकाबलों में बढ़त 10-2 कर ली। मेदवेदेव ने कहा, ह्लजब मैंने उनकी सर्विस तोड़ी, तब मुझे लगा कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं। निर्णायक सेट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे सेट के छठे गेम में बेहतरीन बैकहैंड वॉली लगाकर उन्होंने 4-2 की बढ़त हासिल की और अंततः मुकाबला अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने कोर्ट की परिस्थितियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि शंघाई का कोर्ट बीजिंग से अलग था और उसके अनुरूप ढलने में उन्हें थोड़ी परेशानी हुई। पूर्व विश्व नंबर एक मेदवेदेव को चीन ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ मुकाबले के दौरान अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उस समय जोकोविच 7-5, 5-3 से आगे थे और मैच के लिए सर्विस कर रहे थे। शुरुआती अंक गंवाने के बाद मेदवेदेव ने गेंद दर्शकों की ओर मारी, जो अग्रिम पंक्ति में बैठे एक दर्शक की आंख में जा लगी। इस घटना के बाद मेदवेदेव को मुकाबले से बाहर कर दिया गया। सेमीफाइनल तक पहुंचने पर मिलने वाली 2,85,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी उनके हाथ से निकल गई। बाद में उन्होंने संबंधित दर्शक से माफी मांगी। मेदवेदेव अब तीसरे दौर में चेक गणराज्य के क्वालीफायर डालिबोर स्वरचिना या अर्जेंटीना के 28वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी में से किसी एक से भिड़ेंगे। मेदवेदेव फिलहाल एटीपी फाइनल्स की लाइव रेस में आठवें स्थान पर हैं। वह साल के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए सातवीं बार क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ खेल रहे हैं। पिछले साल वह इस प्रतियोगिता में जगह बनाने से चूक गए थे।

संक्षिप्त समाचार

अहमदाबाद में 12 अक्टूबर को ब्रिक्स पारंपरिक और स्वदेशी खेलों का आयोजन, मांडविया करेंगे उद्घाटन

अहमदाबाद। ब्रिक्स पारंपरिक और स्वदेशी प्रदर्शन खेल 2026 का आयोजन 12 अक्टूबर को अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आयोजित होने वाले इस समारोह में सदस्य और साझेदार देशों के प्रतिनिधिमंडल अपनी पारंपरिक खेल विधाओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और गुजरात सरकार के सहयोग से आयोजित इस समारोह में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और गुजरात के खेल राज्य मंत्री डॉ. जयराम गामित भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और विभिन्न देशों के लोगों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। यह गैर-प्रतिस्पर्धी मंच होगा, जहां पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन, उनका दस्तावेजीकरण और उनसे जुड़ी जानकारी साझा करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें खेलों के सांस्कृतिक महत्व, खिलाड़ियों और खेल परंपराओं से जुड़े लोगों के बीच संवाद तथा ज्ञान के आदान-प्रदान को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में बेलारूस की गोरोदकी और बोलीविया की लुचा दे चोलितास, टिंकू, रायुएला, ट्रोम्पो, काचिनास तथा बोरी दौड़ जैसी पारंपरिक विधाएं प्रदर्शित की जाएंगी। ब्राजील की स्वदेशी फूंक नली विधा, लकड़ी के लट्ठों की दौड़, पैरा-जिउ-जित्सु और कैपोएरा भी आकर्षण का केंद्र होंगी। चीन की वुशु, शेर नृत्य और स्वास्थ्य संबंधी चीगोंग विधाओं के साथ इथियोपिया की पारंपरिक कुश्ती, गेना और अन्य स्थानीय खेलों का प्रदर्शन होगा। भारत की ओर से मल्लखंभ, योगासन और कलारीपयट्टू प्रस्तुत किए जाएंगे। ईरान की ज़ूरखानेह, हफ्त संग और घानियेह, कजाखस्तान की असिक अतु, तोगिज़कुमालक और कजाख कुश्ती तथा रूस की गोरोदकी और साम्बो भी आयोजन का हिस्सा होंगी। दक्षिण अफ्रीका की कगाती और इंटोंगा तथा संयुक्त अरब अमीरात की अल तब्बाह खेल परंपरा भी प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन के दौरान भारत और अन्य सहभागी देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच द्विपक्षीय बैठकें भी प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में खेलों के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने और ब्रिक्स के दायरे में पारंपरिक तथा स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा की जाएगी। यह समारोह विभिन्न देशों की समृद्ध खेल विरासत को सामने लाने के साथ सांस्कृतिक समझ, आपसी संवाद और ब्रिक्स देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के भारत के खिलाफ श्रृंखला से बाहर

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ होने वाली आगामी श्रृंखला से पहले एक और करारा झटका लगा है और उसके तेज गेंदबाज विल ओरूर्के बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव और पिंडली की चोट के कारण इससे बाहर हो गए हैं। खेल के सभी प्रारूप में खेलने वाले इस 25 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पीठ में चोट के कारण सात महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के अंतिम दिन हालांकि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इसके बाद अभ्यास के दौरान उनकी पिंडली में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ओरूर्के को भारत के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रखने का फैसला खिलाड़ी और मेडिकल टीम से परामर्श के बाद लिया गया। उनकी निगाहें अब दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली चार टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करने पर टिकी हैं। न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, पांच वनडे मैच और दो टेस्ट मैच खेलने हैं। इस श्रृंखला की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। वाल्टर ने कहा, ''विल का भारत के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होना निराशाजनक है। वह वनडे और टेस्ट दोनों श्रृंखला में खेलने के लिए तैयार थे लेकिन चर्चा करने के बाद हम सभी बात पर सहमत थे कि उन्हें चोट से उबरने के लिए अभी और समय देना जरूरी है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि चोट के कारण मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।

आरबीआई सरकारी तेल कंपनियों को 12 अक्टूबर से देगा स्पेशल डॉलर विंडो की सुविधा

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार से कच्चा तेल खरीदने के लिए डॉलर की जरूरतों को पूरा करने में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों को अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की विशेष मदद मिलेगी। ये सुविधा 12 अक्तूबर से अगले आदेश तक जारी रहेगी। आरबीआई ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वह सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) की रोजाना की डॉलर से जुड़ी जरूरत पूरी करने के लिए विशेष विदेशी मुद्रा विंडो खोलने का फैसला किया है। यह सुविधा 12 अक्तूबर 2026 से शुरू होगी और अगले आदेश तक जारी रहेगी। केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा बाजार में अनुशासन को मजबूत करने, उचित जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और व्यवस्थित एवं पारदर्शी बाजार परिवेश बनाए रखने के लिए कई नियामकीय उपायों की भी घोषणा की। आरबीआई की ओर से यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब लगातार भू-राजनीतिक और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच रुपये में गिरावट का रुख जारी है। घरेलू मुद्रा शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.71 के स्तर पर बंद हुई थी। आरबीआई ने कहा कि तीन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए विशेष डॉलर विंडो की घोषणा की गई है, जिसमें आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल की यह सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के तहत केंद्रीय बैंक नामित बैंकों के माध्यम से इन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को अमेरिकी डॉलर की बिक्री करेगा। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी रोकने और रुपये में स्थिरता लाने के लिए कुछ नियामकीय उपाय भी किए हैं। अगर किसी ग्राहक ने विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव का कोई सौदा एक बार रद्द कर दिया तो बैंक उसे दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं देंगे।

पुर्तगाल विवाद के बाद रोनाल्डो की क्लब फुटबॉल में वापसी, अल-नस्र की जीत में किया पहला गोल

एजेंसी



रियाद। पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम से जुड़े विवाद के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार को क्लब फुटबॉल में वापसी करते हुए गोल किया। उनके शुरुआती गोल की मदद से अल-नस्र ने सऊदी प्रो लीग में दिरियाह को 3-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ अल-नस्र ने अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद अल-कादसियाह के बराबर अंक हासिल कर लिए, हालांकि गोल अंतर के आधार पर वह दूसरे स्थान पर है। यह लीग का आठवां दौर था। 41 वर्षीय रोनाल्डो अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान पुर्तगाल की टीम से अलग हो गए थे। उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैचों में 146 गोल किए हैं। मंगलवार को जारी एक विस्तृत बयान में रोनाल्डो ने आरोप लगाया था कि हाल ही में नियुक्त कोच जॉर्ज जीसस ने नेशंस लीग में उन्हें मैदान पर उतारने के समय को लेकर अपना वादा नहीं निभाया। रोनाल्डो ने दिरियाह के खिलाफ पहले हाफ के मध्य में अल-नस्र का खाता खोला। किंग्सले कोमन के पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से लगाए गए शॉट को गोलकीपर वलीद अब्दुल्ला ने रोक दिया, लेकिन गेंद से निकले रिबाउंड पर रोनाल्डो ने नजदीक से निशाना साधते हुए गोल कर दिया। यह उनके करियर का 980वां गोल था। अल-नस्र ने इसके बाद अपनी बढ़त मजबूत की। पूर्व टोटेनहम हॉटस्पर कोच एंज पोस्टेकोग्लू के मार्गदर्शन में खेल रही टीम के लिए सामू कोस्टा ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में दूसरा गोल किया। कोमन ने मुकाबला समाप्त होने से 13 मिनट पहले तीसरा गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित कर दी।

अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल ने की शानदार शुरुआत, मिले दोगुने ऑर्डर

एजेंसी

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया की 'ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल 2026' सेल की शानदार शुरुआत हुई और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस बार शुरुआती चरण में ऑर्डर किए गए उत्पादों की संख्या दोगुने से अधिक रही, जबकि उसके शॉपिंग मंच पर लोगों ने 44 करोड़ से अधिक बार 'विजिट' किया। ये आंकड़ें देश के बड़े शहरों से बाहर भी ऑनलाइन खरीदारी की बढ़ती मांग और ग्राहकों के महंगे उत्पादों की ओर किए जा रहे रुख को दर्शाते हैं। अमेजन ने जारी बयान में कहा कि उसके मंच पर कुल 'विजिट' में से 72 प्रतिशत से अधिक ऐसे विजिटर थे जो भारत के शीर्ष नौ महानगरों के बाहर से थे। वहीं, पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शुरुआती रुझानों में स्मार्टफोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, सौंदर्य उत्पादों, घरेलू उपकरणों और रोजमर्रा के सामान की मजबूत मांग देखने को मिली। सेल की शुरुआत ऐसे समय हुई है, जब ऑनलाइन खुदरा कंपनियां त्योहारों के दौरान खरीदारी का बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इसके लिए वे छूट, बैंक ऑफर, पुराने उत्पादों के बदले छूट और किस्तों में भुगतान जैसी सुविधाएं दे रही हैं। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, ह्लअमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल 2026 के शुरुआती रुझान ने हमारी उम्मीदों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''कंपनी ने ऑर्डर किए गए उत्पादों की संख्या में 100 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। प्राइम सदस्यों के लिए अतिरिक्त बचत, तत्काल बैंक छूट, पुराने उत्पादों के बदले लाभ, बिना ब्याज की ईएमआई, अमेजन पे लेटर और अन्य योजनाओं से ग्राहकों को उनकी पसंद के उत्पाद खरीदने में मदद मिली है।

सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमत में आई तेजी का असर आज घरेलू सर्राफा बाजार में भी नजर आ रहा है। भारतीय सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आज लगातार चौथे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 1,080 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,190 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में हुए इस बदलाव के बाद ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,38,160 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,50,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,720 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,50,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश संसद से चलेगा, सड़क से नहीं : भाजपा

एजेंसी

भाजपा ने कांग्रेस व सीजेपी को घेरा, कहा अराजकता पर भारी पड़ा लोकतंत्र

रविशंकर प्रसाद व गोयल ने किए विपक्ष पर तीखे पलटवार



नईदिल्ली। सड़कों पर उतरे विपक्ष और उसके नेताओं व आकाओं पर भाजपा ने करारा हमला बोलते हुए कहा है कि देश संसद से चलेगा, सड़क से नहीं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथ लिया और उस पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि बीते तीन दिनों से दिल्ली व देश में जो अराजकता फैलाने की कोशिश की गई, उस पर देश का लोकतंत्र भारी पड़ा है। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने राष्ट्रपति को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है।

भाजपा ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों और क्राकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलनों को देश में अराजकता फैलाने का बड़ा षणयंत्र करार देते हुए करारा हमला किया है। पार्टी ने विपक्ष को करारा जबाब देते के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल व सांसद प्रवक्ता संबित पात्रा को मैदान में उतारा। रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पिछले तीन दिनों से और आज दिनभर जो कुछ हुआ, उससे दो बातें स्पष्ट हुई हैं। पहली, अराजकता को प्रोत्साहित करने की कोशिशों को भारत के लोकतंत्र ने ध्वस्त किया है। दूसरा संदेश यह गया है कि देश संसद से चलेगा, सड़क से नहीं। उपचुनाव परिणाम भी यही संदेश देते हैं। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष में प्रतिस्पर्धा चल रही है। राहुल गांधी तीन दिन तक रहे, फिर चले गए और फिर आम आदमी पार्टी के लिए शैडो बॉक्सिंग करने वाली सीजेपी भी इसमें शामिल हुई। दिल्ली में सुबह से सीजेपी का नाटक चल रहा था। बाद में अरविंद केजरीवाल और अन्य लोग भी आ गए। इसके बाद ममता बनर्जी ने सोचा कि वे पीछे क्यों रहें और वे भी आ गईं। बीच में सीपीआई भी अपने तरीके से आ गई। ये हारे हुए और हताश लोग पिछले तीन-चार दिनों से दिल्ली की जनता को परेशान कर रहे हैं और सड़क पर विरोध-प्रदर्शन को हथियार बना रहे हैं। लेकिन देश की जनता ने उनके षड्यंत्र को विफल किया है। लोकतंत्र की गरिमा ने लगातार अराजकता फैलाने की कोशिशों को परास्त किया है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करते। अब तो उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात को लेकर भी झूठा बयान दे दिया है। सामान्यतः देश में ऐसा नहीं होता। राष्ट्रपति के सूत्रों की ओर से भी स्पष्ट किया गया कि राहुल गांधी द्वारा कही गई बात गलत है। अब राहुल गांधी का झूठ राष्ट्रपति के सूत्रों के माध्यम से पकड़ा गया है। राष्ट्रपति जी स्वयं इस पर जवाब नहीं देंगी, लेकिन उनकी ओर से टिप्पणी सामने आ गई है। प्रसाद ने कहा कि वह किसी चुनाव आयुक्त का नाम नहीं लेना चाहते। हमारे पास पूरी सूची है कि कितने लोगों को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटने के बाद राज्यपाल बनाया गया। एक ऐसा उदाहरण भी है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटने के बाद एक व्यक्ति राज्यसभा सांसद और फिर मंत्री बने। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि राहुल गांधी किसी भी संवैधानिक पद का सम्मान नहीं करते हैं। उन्हें न तो कानून की समझ है और न ही भारत के नागरिक और विपक्ष के नेता के तौर पर अपने संवैधानिक कर्तव्यों की जानकारी है। राहुल गांधी ने अहंकार और बदतमीज़ी दिखाई है तथा शिष्टाचार की भी परवाह नहीं की है। साथ ही, जब भारत की राष्ट्रपति से समय मांगा गया और उन्होंने तुरंत और उदारतापूर्वक समय दे दिया, तब राहुल गांधी ने कानून और सामान्य समझ - दोनों की ही कमी दिखाई है।

सैनिकों और उनके परिवारों का कल्याण पूरे समाज की जिम्मेदारी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



देवघर। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को देवघर दौरे के दौरान दर्दमारा स्थित पीडी हिंदुजा अस्पताल परिसर में आयोजित सैन्य सेवा संपर्क मेले के समापन समारोह में हिस्सा लिया। भारतीय सेना की ओर से आयोजित इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों को विभिन्न सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि जब देश के सैनिक हमेशा राष्ट्र की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं, तो देश का भी दायित्व है कि वह सैनिकों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहे। सैनिकों के बलिदान का सम्मान करना और उन्हें उचित सहयोग, देखभाल तथा सुविधाएं उपलब्ध कराना राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का हिस्सा होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाए और उन्हें वह सम्मान, सहयोग तथा देखभाल मिले, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने झारखंड की सैन्य सेवा और बलिदान की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट एक्का तथा राज्य के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति ने मेले का भ्रमण भी किया और वहां उपलब्ध एकल-खिड़की यानी 'सिंगल-विंडो' सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को समय पर सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेंशन सेवाएं तथा शिकायतों के त्वरित समाधान उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक सीमाओं पर तैनात रहकर भारत की संप्रभुता, सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा करते हैं।

केंद्रीय टीम ने सोलापुर जिले में सूखे का किया निरीक्षण, किसानों से जाना नुकसान का हाल

एजेंसी

मुंबई। केंद्र सरकार की टीम ने शनिवार को सोलापुर जिले में सूखे की स्थिति का जायजा लेकर फसल नुकसान, पेयजल की कमी, भूजल स्तर, पशुओं के लिए चारे और पानी की उपलब्धता तथा आगामी रबी सीजन की संभावनाओं की समीक्षा की। टीम ने उत्तर सोलापुर तालुका के बेलाटी और मंगलवेढ़ा तालुका के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से संवाद किया और सूखे से हुए नुकसान की जानकारी ली। केंद्रीय टीम का नेतृत्व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के फसल विभाग के निदेशक डॉ. के. पोनुसामी ने किया। टीम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अबसार अहमद खान तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सहायक निदेशक सुमित शर्मा शामिल थे। इस टीम ने उत्तर सोलापुर तालुका के बेलाटी गांव में किसान सुभाष जाधव के खेत का निरीक्षण किया। जाधव ने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह में बुआई के बाद क्षेत्र में 38 दिनों तक बारिश नहीं हुई, जिससे अरहर की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। टीम प्रमुख डॉ. पोनुसामी ने किसानों से फसल पद्धति, बारिश की स्थिति, खेती पर हुए खर्च और आगामी रबी सीजन की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। टीम ने आंढलगांव में बंद पड़े हैंडपंप के साथ मक्का और मूंगफली की फसलों का निरीक्षण किया। बताया गया कि गांव में अधिकांश फसलें खराब हो चुकी हैं। कुओं का निरीक्षण करने पर भूजल स्तर में भारी गिरावट सामने आई। इसी गांव के शिवार क्षेत्र में दादोसा जाटकर के खेत में बारिश की कमी से सूख चुके अनार के बाग का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा दत्तात्रय जाटकर के खेत में सूखे पड़े तालाब का जायजा लिया गया। किसानों ने बताया कि पानी की कमी से खेती और उनकी आमदनी पर गंभीर असर पड़ा है। केंद्रीय टीम ने वाणीचिंचोली स्थित जल भंडारण तालाब का भी निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में पहली बार यह तालाब पूरी तरह सूख गया है। जल भंडार खत्म होने से क्षेत्र में पानी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसके बाद टीम ने वाकी-घेरडी क्षेत्र में बागों तथा बैंगन और गन्ने की फसलों का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि बारिश और पानी की कमी के कारण फसलों की स्थिति खराब हो गई है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ आगामी कृषि सीजन को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच जंतर-मंतर नहीं पहुंच सके प्रदर्शनकारी

एजेंसी



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक लगाने की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन दिल्ली पुलिस के व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त के कारण नहीं हो सका। पुलिस ने प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रहे तीन हजार से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। इनमें पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके और चर्चित यू-ट्यूबर ध्रुव राठी समेत कई विपक्षी नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 25 हजार पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया।

दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। इसके बावजूद सीजेपी और अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश की। पुलिस ने मध्य दिल्ली की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों पर अवरोधक लगाए और वाहनों की जांच की। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बसों और अन्य वाहनों से अस्थायी हिरासत केंद्रों में भेजा गया। सुबह से दोपहर तक प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच सके। पुलिस ने सीजेपी के प्रमुख नेताओं को भी प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया। दिनभर चले घटनाक्रम में तीन हजार से अधिक लोगों को हिरासत में लिए जाने की खबरें सामने आईं। सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके शनिवार सुबह मुंबई से दिल्ली पहुंचे। उनकी उड़ान के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद पुलिस ने उन्हें विमान के भीतर से ही हिरासत में ले लिया। उनके साथ मौजूद संगठन के संयोजक सौरव दास और नेता आशुतोष रांका को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने इसे प्रदर्शन की अनुमति नहीं होने के कारण की गई एहतियाती कार्रवाई बताया। इससे पहले सुबह गुरुग्राम के सेक्टर-56 स्थित आवास से यू-ट्यूबर ध्रुव राठी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। उनके घर के बाहर रात से ही पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रदर्शन में शामिल होने जा रहीं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी दिल्ली में पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। वह साउथ एवेन्यू के पास रोके जाने के बाद धरने पर बैठ गईं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अनुसार, ममता बनर्जी और पार्टी के पांच अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया, जिनमें राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन भी शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को भी जंतर-मंतर के पास हिरासत में लिया गया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को चंडीगढ़ में हिरासत में लिए जाने की खबर है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास और केरल के पूर्व वित्त मंत्री केएन बालगोपाल को भी प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली आते समय हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन को रोकने के लिए सार्वजनिक परिवहन पर भी व्यापक प्रतिबंध लगाए गए। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने पहले नौ अक्टूबर की रात नौ बजे से 57 मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने की घोषणा की थी।

युवा अपना विरोध-प्रदर्शन जारी रखें : राहुल गांधी

चेन्नई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को युवाओं से विरोध जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम यह पक्का करेंगे कि यह सरकार और संविधान पर हमला करने वाले लोग हारें। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा, आरएसएस धीरे-धीरे खुद को घिरता हुआ महसूस कर रहे हैं। मैं एक दशक से ज्यादा समय से भाजपा और आरएसएस से लड़ रहा हूं। मैं उन्हें वैसे ही समझता हूं, जैसे आप अपने विरोधी को समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार 10 हजार, 20 हजार या 50 हजार पुलिस बुला ले। सभी नेताओं को गिरफ्तार करे। सभी युवाओं को गिरफ्तार करे। हम आपको घेर रहे हैं और पीछे नहीं हटेंगे।राहुल गांधी ने कहा कि मेरी बात याद रखें। हमारे पास जरूरी जानकारी पहले से ही है। हम अपने संविधान की रक्षा करेंगे। हम भारत के लोगों की आवाज की रक्षा करेंगे। हम यह पक्का करेंगे कि पिछले 10-15 सालों में भारत के साथ जो हुआ, वह कभी दोबारा न हो। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें भारत के युवाओं पर गर्व है। उन्होंने उनसे विरोध जारी रखने का आग्रह किया और कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं।

आंध्र प्रदेश : निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग को 26.73 प्रतिशत आरक्षण

अमरावती। आंध्र प्रदेश सरकार ने निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग के लिए 26.73 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दी। यह फैसला राजीव रंजन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को लिया गया।कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य के कृषि मंत्री के. अच्चन्नायडू ने बताया, पिछड़े वर्गों को ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य के पदों पर 26.73 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। मंत्री के अनुसार, पिछड़े वर्ग के लोगों को सरपंच पद पर 27.95 प्रतिशत, मंडल परिषद में 25.55 प्रतिशत, मंडल अध्यक्षों और जिला परिषद में 24.6 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसी तरह जिला परिषद के अध्यक्ष पद पर 23.08 प्रतिशत, शहरी क्षेत्र में सदस्य पदों के लिए 32.78 प्रतिशत, नगरपालिका अध्यक्ष के लिए 33.02 प्रतिशत और महापौर के लिए 35.29 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। मंत्री अच्चन्नायडू ने कहा, सरकार का लक्ष्य सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व देना है। फैसला इसी को ध्यान में रखते हुए लिया गया। बता दें, राज्य सरकार का यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट की ओर से निकायों में पिछड़े वर्ग के लिए 34 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने के फैसले को रद्द करने के बाद लिया गया।

खड़गे का बयान निंदनीय, वह माफी मांगे : हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाजपा सरकार को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने खड़गे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर उन्हें जनविरोध का सामना करना पड़ सकता है। मल्होत्रा ने खड़गे के उस बयान को निंदनीय बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार डरी हुई है और डरने वाला व्यक्ति आज नहीं तो कल मरता है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष अक्सर भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं, जबकि भाजपा नेता केवल खड़गे के खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग नहीं करते। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मल्लिका अर्जुन खड़गे सवाल किया है कि यदि आंदोलन से निपटने की तैयारी करना सरकार के डरने का संकेत है तो फिर वर्ष 1966 में गो हत्या आंदोलन पर गोली चलवाना क्या था।

पेज एक का शेष

'मैं अयोध्या से...

लूट-खसोट का माध्यम बनाता था। मां का आशीर्वाद, मोदी जी के मार्गदर्शन और जनता का सहयोग मिला तो वही वोट तरक्की का कारण बन रहा है। एक वोट यहां के विकास का आधार बनकर पूरे क्षेत्र को परिवर्तन की नई धारा के साथ जोड़ रहा है और बलरामपुर को आकांक्षात्मक जनपद से आगे संभावना वाले जनपद के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय का सत्र प्रारंभ हो चुका है। बहुत शीघ्र इसका भवन बनकर तैयार होगा, तो प्रधानमंत्री जी से इसके लोकार्पण का अनुरोध करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 1957 में बलरामपुर से पहली बार संसद में गए थे, अब उनके नाम पर यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। रिंग रोड, चीनी मिल का विस्तार और थारू म्यूजियम के जरिए जनजातीय संस्कृति की धरोहर को बढ़ाया जा रहा है। बलरामपुर अब आकांक्षी जनपद नहीं, बल्कि गरीब, किसान, नौजवान की आकांक्षा के अनुरूप विकास के नित नए प्रतिमान रचने वाला जनपद है। यहां नाना जी ने ग्रामोदय की परिकल्पना को साकार किया था। महाराज बलरामपुर के साथ मिलकर महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने यह परिकल्पना साकार कराई थी कि अयोध्या में गुलामी के कलंक को मिटाकर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में अराजकता थी। माफिया जहां पैर रख देता था, वहां उसका कब्ज़ा हो जाता था। सपा के गुंडे व्यापारी को फोन कर धमकी देते थे और उसकी जमीन पर कब्ज़ा कर लेते थे। सूर्यास्त के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। 2017 के पहले बलरामपुर की सड़कें सबसे खराब थीं। इसकी गिनती सबसे पिछड़े जनपदों में होती थी। 2017 तक सपा सरकार में मथुरा घाट पुल नहीं बन पाया, लेकिन जब भाजपा की डबल इंजन सरकार आई तो मथुरा घाट में पुल निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया। 2017 से पहले बाढ़, बीमारी यहां की नियति बन चुकी थी। हमारी सरकार ने 9.5 वर्ष में 9.50 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। अब बलरामपुर का नौजवान भी सरकारी नौकरी प्राप्त करता है। सीएम ने कहा कि सपा सरकार ने बदमाश दिए, लेकिन अब कोई भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त नहीं हो सकता। अब सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी छांगुर को पनपने नहीं देंगे और डेमोग्राफ़ी भी नहीं बदलने देंगे। बीमारियां, इंसेफ़ेलाइटिस, छांगुर, तस्करी ही सपा की पहचान थी। मुख्यमंत्री ने आपदा में जनहानि व मानव वन्यजीव संघर्ष में जनहानि-पशुहानि पर 24 घंटे के अंदर मुआवजा देने की बात भी दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। बलरामपुर का विकास और सरयू नहर समेत बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का यहां आना इसका प्रमाण है। बलरामपुर में 10 वर्ष में ?10,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का पैसा भेजा गया है। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर के निर्माण में बाधक लोग मोदी जी का विरोध कर रहे हैं। विरोध की भी सीमा होती है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अब सामान्य शिष्टाचार भी भूल गए हैं। लोकतांत्रिक विरोध से उठकर बेशर्मी, गाली-गलौच कर रहे हैं। संस्कारों की तिलांजलि देकर ये लोग देश को गुमराह कर अराजकता की ओर बढ़ा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार इसे स्वीकार नहीं करेगी। सीएम ने चेताया कि भारत की आन, बान-शान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होगा। अराजकता पैदा करने वालों का वही हाल होगा, जो नक्सलवाद और आतंकवाद का हुआ है। सीएम ने विपक्ष के दोहरे चरित्र पर अंगुली उठाई, कहा कि ये लोग चुनाव जीतें तो इनका पुरुषार्थ और हारें तो ईवीएम की गलती। अपनी हार पर ईवीएम को दोषी बताते हैं। प्रशासन को धमकाते, न्यायालय पर टिप्पणी और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करते हैं। कांग्रेस शासन में कॉमनवेल्थ, खाद्यान्न, कोल समेत अनेक घोटाले हुए। समाजवादी पार्टी तो घोटालों की ही सरकार थी। अपने समय ये लोग आयोगों में परिवार के सदस्यों को बैठा करके नौजवानों के साथ खिलवाड़ करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पैसों से आज सनातन धर्म से जुड़े स्थलों का पुनरुद्धार हो रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है, 2017 से पहले ये लोग उसी पैसे का दुरुपयोग करते हुए कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल पर खर्च कर दंगाइयों को प्रोत्साहित करते थे। अब प्रदेश में कोई दंगा, अराजकता, बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं कर सकता। उसे मालूम है कि ऐसा करने पर जेल जाना होगा या जहन्नुम। इस अवसर पर विधायक पल्टूराम, रामप्रताप वर्मा, कैलाश नाथ शुक्ल, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह 'मंजू', जिला पंचायत प्रशासक आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह 'शैलू', नगर पालिका परिषद उतरौला की चेयरमैन सविता गुप्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आधुनिक युद्ध...

बदल रही है। बिना पायलट वाले सिस्टम और ड्रोन ने मिलिट्री ऑपरेशन की रफ्तार, दायरा और तरीका बदल दिया। एआई फैसले के तरीके बदल रहा है। लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने वाले हथियारों ने युद्ध के दायरे को बढ़ा दिया। आने वाले समय में मिलिट्री ताकत इस पर कम निर्भर करेगी कि हमारे पास कितने प्लेटफॉर्म हैं और हम कितनी तेजी से आंकलन करते है और फैसले लेते हैं। उन्होंने तरंग शक्ति में भाग लेने वाले सभी देशों और वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया। इससे पहले जोधपुर पहुंचने पर वायु सेनाध्यक्ष एपी सिंह ने रक्षा मंत्री की अगुवानी की। रक्षा मंत्री विभिन्न देशों के वायुसेना अधिकारियों से मिले। विदेशी लड़ाकू विमान देखे। इस दौरान पूर्व नरेश गजसिंह भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री सिंह के आगमन पर भारत के सुखोई की अगुवाई में अमेरिकी विमान एफ35, फ्रांस के राफाल, यूएई के एफ 16, तेजस सहित अन्य विमानों ने तरंग फॉर्मेशन का प्रदर्शन किया। ग्रुप कैप्टन सम्राट ने भारत में निर्मित तेजस लड़ाकू विमान से कलाबाजियां दिखाई। पायलट ने हवा में फिरकी की तरह तेजस उड़ाया तो सब रोमांचित हुए। तेजस ने दस मिनट के शो से भारत की विमान में आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। इसी तरह जोधपुर में वायुसेना में शामिल किए हेलीकॉप्टर प्रचंड का प्रदर्शन हुआ। कैप्टन अनुभव महिंद्रा ने प्रचंड की तकनीकों का प्रदर्शन किया। भारत में निर्मित यह एलसीएच पांच हजार घंटे की उड़ान भर चुका हैं। कैप्टन अभिजीत कुमार की अगुवाई में भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर की एरोबेटिक टीम सारंग ने प्रदर्शन किया। सारंग ने हवा में तिरंगे की रंग में धुआं छोड़ते कई फॉर्मेशन दिखाए। 2003 में गठित टीम हॉक विमान सूर्यकिरण की तर्ज पर प्रदर्शन करती है। देश दुनिया में सैकड़ों प्रदर्शन कर चुकी हैं। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर सारंग ने 200 फीट से कम ऊंची उड़ान भरी एवं प्रदर्शन किया। सारंग के बाद सूर्यकिरण हॉक विमानों की टीम ने आठ अक्टूबर की तरह आज भी हैरतअंगेज करतब दिखाए। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदेशी सैन्य अधिकारियों के साथ औपचारिक बातचीत की और वैश्विक शांति तथा रणनीतिक स्थिरता में संयुक्त अभ्यासों की भूमिका पर चर्चा की। रक्षा मंत्री सिंह और पूर्व नरेश गज सिंह की शनिवार को उम्मेद भवन पैलेस के मारवाड़ हाल में मुलाकात हुई। गज सिंह की तरफ से लंच का आयोजन रखा गया था। रक्षा मंत्री का उम्मेद भवन पैलेस पहुंचने पर गज सिंह व हेमलता राज्ये द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया। गज सिंह ने इस दौरान रक्षा मंत्री के समक्ष केंद्र में राजस्थान की तरह ईडब्ल्यूएस में सरलीकरण की मजबूती से बात रखी और उन्हें पत्र भी सौंपा। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में बात करें। गज सिंह ने कहा कि ईडब्ल्यूएस पात्रता की 5 एकड़ भूमि संबंधी शर्त व केंद्रीय परीक्षाओं में आयु सीमा और शुल्क में छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवाओं को शिक्षा और रोजगार में अवसर देना है, यह उद्देश्य तभी पूरा होगा जब पात्रता के नियम देश के अलग-अलग क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखें और युवाओं को अवसर तक पहुंचने में व्यावहारिक सहायता मिले। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने 2019 में राज्य की नौकरी और राज्य संचालित शिक्षण संस्थानों के लिए ईडब्ल्यूएस पात्रता में भूमि और आवासीय संपत्ति की शर्तें हटाकर 8 लाख की वार्षिक पारिवारिक आय को आधार बनाया था। केंद्र सरकार भी इस व्यावहारिक राज्य स्तरीय उदाहरण को केंद्रीय नौकरियों और शिक्षण संस्थानों के लिए अपनाने पर विचार करे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकारी भर्ती परीक्षा में ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आयु सीमा में प्रयुक्त छूट और आवेदन शुल्क में रियायत दी जाए ताकि पात्र युवा आर्थिक कठिनाई के कारण प्रतियोगिता में भाग लेने के अवसर से वंचित नहीं हो। उन्होंने इस अवसर पर रक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री व कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और संबंधित मंत्रालयों के समक्ष इस जनहित के विषय को उठाकर समयबद्ध समीक्षा का मार्ग प्रशस्त करें। ऐसा होने से आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को केंद्र की नौकरियों में भी अधिक फायदा मिल सकेगा। मुलाकात के दौरान जोधपुर में हवाई सुविधाओं की ओर बढ़ोतरी, मारवाड़ की संस्कृति व पर्यटन के संबंध में भी चर्चा हुई। उम्मेद भवन पैलेस में इस अवसर पर सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणी, सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ, वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

एसआईआर के...

के विधानसभा चुनाव हार चुकी है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संसद में अपना बहुमत भी खो दिया था। खुले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी आरडी. कपूर, समीरेंद्र चटर्जी, गोपाल कृष्ण, विवेक भारद्वाज तथा नवनीत सहगल शामिल हैं।

ईरानी नेता...

एक ऐतिहासिक सैन्य कामयाबी एक गंभीर रणनीतिक विफलता में बदल जाती है। नेतन्याहू को उनके फैसलों और उनके बाद बनी स्थिति के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बता दें, अली खामेनेई की 28 फरवरी को (संघर्ष के पहले दिन) अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमले में मौत हो गई थी। इन हमलों में कई अन्य वरिष्ठ ईरानी अधिकारी भी मारे गए थे।

परमाणु हथियार...

आतंकवादी गतिविधियों के परिणामों से बचने के लिए परमाणु हथियारों की धमकी देता है तो इससे सिर्फ तनातनी बढ़ेगी। पाक की रणनीति का जिक्र करते हुए बेदी ने कड़े शब्दों में कहा कि पाकिस्तान सबसे पहले उकसावे वाली कार्रवाई करता है फिर जिम्मेदारी से इनकार करता। जवाबी कार्रवाई के बाद संयम बरतने की अपील की जाती है। भारत ने पाक पर प्रहार करते हुए कहा कि जब सत्ता में बैठे लोगों का चुनाव जनता द्वारा नहीं होता है और न ही वे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं तो ये जनता के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि फैसला लेने वालों को कोई कीमत नहीं चुकानी होती है। इसी तरह का संकट सत्ता का औजार बन जाता है। अस्थिरता उनके लिए उपयोगी हो जाती है और यही सिलसिला बार-बार दोहराया जाता है। भारत ने समिति को बताया, पाक स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने अंजाम दिया था। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। बेदी ने सिंधु जल संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई देश विश्वास और सहयोग की शर्तों से खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

कानूनी पेंच में...

करना। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि यह चर्चा इस 'अहम' कानून का जायजा लेने और यह समझने का मौका है कि जिन बच्चों के लिए यह कानून बना है, उनके लिए पिछले 10 साल कैसे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर यह कहना गलत नहीं होगा कि बड़ों के तौर पर यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों की चिंताओं को समझें। हम उनकी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, वरना उन्हें लग सकता है कि उन्हें अलग-थलग कर दिया गया है या ठुकरा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सभी बच्चे हमारे हैं और उनकी परेशानी भी हमारी ही है।

कैप्टन स्मित मच्छार...

सजा का प्रावधान है। धारा 15(1)(ए) में आतंकवादी गतिविधियों के लिए सजा का विवरण है। ओमान के को-पायलट द्वारा चाकू मारे जाने के बाद कैप्टन मच्छार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह घटना जॉर्डन-सऊदी अरब बॉर्डर के पास से जाते समय सऊदी एयरस्पेस में हुई। अधिकारियों ने बताया कि अपराध की गंभीरता और बड़ी साजिश का पता लगाने की जरूरत को देखते हुए गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह मामला दर्ज किया गया।

चंडीगढ़ में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन, मनीष सिसोदिया समेत कई नेता हिरासत में

- 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना
- हरपाल सिंह चीमा ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों की हिरासत का किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर चंडीगढ़ में प्रदर्शन किया। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के पास आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने किया। प्रदर्शन के दौरान 'आप' कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' और 'लोकतंत्र बचाओ' जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और बैरिकेडिंग भी की गई थी। बाद में चंडीगढ़ पुलिस ने मनीष सिसोदिया, बलतेज पन्नू और सोनिया मान समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवाओं को हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी स्थिति आपातकाल के दौरान भी देखने को नहीं मिली थी। सिसोदिया ने कहा कि 'आप' दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से दिए गए प्रदर्शन के आह्वान का समर्थन करती है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफ़े की मांग भी की। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर दावा किया कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम हटाए गए हैं और इस पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठते हैं। ये आरोप राजनीतिक दलों की ओर से लगाए गए हैं। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने भी दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना की।

प्रधानमंत्री से माफी मांगें खरगे, नहीं तो जनविरोध के लिए तैयार रहें : हर्ष मल्होत्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के केंद्र की भाजपा-नीत सरकार को लेकर दिए गए बयान की निंदा करते हुए उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी मांगने की मांग की है। मल्होत्रा ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खरगे का यह कहना कि ''वे डरे हुए हैं और जो आदमी डरता है, वह आज नहीं तो कल मरता है'' निंदनीय है। खरगे को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा उन्हें जनता के विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष अक्सर भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं, जबकि भाजपा के नेता, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की उम्र का लिहाज करते हुए उनके लिए कभी गलत शब्दों का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को डरने वाला बताने वाले खरगे को यह भी बताना चाहिए कि यदि आंदोलनों से निपटने की तैयारी करना सरकार का डरना है, तो कांग्रेस के शासनकाल में हुए घटनाक्रमों को क्या कहा जाएगा। उन्होंने वर्ष 1966 में गोहत्या के विरोध में हुए आंदोलन पर गोली चलाए जाने, देश में आपातकाल लगाए जाने और वर्ष 1988 में राजपथ पर किसान आंदोलन के दौरान गोली चलाए जाने का उल्लेख किया। मल्होत्रा ने वर्ष 1990 और 1993 में विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर राजपथ की ओर जाने वाले कारसेवकों को रोकने के लिए कंटेदार तार लगाने, आंसू गैस छोड़ने और लाठीचार्ज किए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सवाल किया कि यदि आज आंदोलन से निपटने के लिए व्यवस्था करना सरकार का डरना है, तो कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल में बार-बार आंदोलनों पर कार्रवाई क्यों करती रही?

संक्षिप्त समाचार

ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण मतदाता सूची से छूटे नाम जोड़ने के लिए चलेगा अभियान

सुपौल। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार ने सुपौल स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान वेयर हाउस की सुरक्षा एवं निर्धारित व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के मौके पर जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव और प्रतिनिधियों के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का प्रत्येक माह बाह्य निरीक्षण तथा प्रत्येक तीन माह पर वेयर हाउस खोलकर आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे जिलाधिकारी ने अक्टूबर माह का बाह्य निरीक्षण किया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य निर्वाचन से संबंधित उपकरणों के भंडारण और सुरक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान जिन योग्य व्यक्तियों के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से विलोपित हो गए हैं, उनके नाम जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण अपने मताधिकार से वंचित न रहे। घर-घर सत्यापन के माध्यम से पात्र मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को अद्यतन करने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कोसी स्नातक निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि 23 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। इस निर्वाचन में मतदाता बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं को संबंधित अभ्यर्थियों के सामने अपनी प्राथमिकता के अनुरूप अंकों में वरीयता दर्ज करनी होगी। इसके बाद बैलेट पेपर को मतपेटिका में डालना होगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कोसी स्नातक निर्वाचन से संबंधित मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि निर्वाचन से जुड़ी आवश्यक जानकारी उनके पास उपलब्ध रहे। ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस के बाह्य निरीक्षण के दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया पूरी की गई। निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण और आगामी कोसी स्नातक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर भी जानकारी साझा की गई। जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करनी है।

भागलपुर पहुंचे भूमि एवं राजस्व मंत्री, भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ की सांगठनिक बैठक

भागलपुर। बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल शनिवार को एकदिवसीय सांगठनिक प्रवास पर भागलपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता और मजबूत संगठन होते हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्टी के जनाधार को और व्यापक बनाने के लिए हर वर्ग तक पहुंच बनाई जाए। संगठन का विस्तार और उसकी मजबूती हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और उनके सुझाव भी सुने। डॉ. जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाए रखने और जनता के बीच सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ले जाने के कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से जनता की समस्याओं के समाधान में जुटें और संगठन को धरातल पर और ज्यादा सक्रिय बनाएं। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष समेत जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, मंच-मोर्चों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में जिला नेतृत्व द्वारा मंत्री को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

सुपौल के 2.69 लाख लाभार्थियों के खाते में पहुंची सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 31.01 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

सुपौल। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में सितंबर 2026 की पेंशन राशि का अंतरण किया। इस दौरान राज्य के 1,08,36,005 लाभार्थियों के खातों में 1,100 रुपये प्रति लाभार्थी की दर से कुल 1,237 करोड़ 47 लाख 55 हजार 200 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। इस क्रम में जिले के 2,69,920 लाभार्थियों के बैंक खातों में कुल 31 करोड़ 1 लाख 64 हजार 800 रुपये अंतरित किए गए। पेंशन राशि का भुगतान होने से जिले के वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को राहत मिली है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा पेंशन राशि के अंतरण का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसमें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 100 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया। मौके पर जिलाधिकारी सावन कुमार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक अनुराग कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिले में योजनावार पेंशन राशि के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,75,603 लाभार्थियों के खातों में 20 करोड़ 55 लाख 5 हजार 700 रुपये अंतरित किए गए। वहीं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 51,643 लाभार्थियों को 5 करोड़ 68 लाख 80 हजार 400 रुपये की राशि मिली। इसी प्रकार लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 12,021 लाभार्थियों के खातों में 1 करोड़ 36 लाख 44 हजार 500 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 14,287 लाभार्थियों के खातों में 1 करोड़ 59 लाख 15 हजार 900 रुपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 15,541 लाभार्थियों के खातों में 1 करोड़ 73 लाख 10 हजार 800 रुपये अंतरित किए गए।

बिहार विधान परिषद चुनाव : 72 करोड़ की संपत्ति के साथ राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार सबसे अमीर, कांग्रेस के मदन मोहन झा पर 13 मामले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर होने वाले चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद 152 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। कुल 164 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से 12 के पर्चे खारिज हो गए। उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों के अनुसार, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी दिलीप कुमार करीब 72 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे धनी उम्मीदवार हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. मदन मोहन झा के खिलाफ 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उम्मीदवारों के हलफनामों के मुताबिक, 56 वर्षीय दिलीप कुमार के पास बीबीए की डिग्री है। उनकी घोषित संपत्ति करीब 72 करोड़ रुपये है। उनके पास लगभग 1.4



किलोग्राम सोना भी है और उनके खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज है। संपत्ति के मामले में अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में कांग्रेस के असदुल्लाह खान करीब 13 करोड़ रुपये, जनसुराज के रजनीश रंजन करीब 14 करोड़ रुपये और एनके यादव करीब 15.25 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। आपराधिक मामलों के लिहाज से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. मदन मोहन झा सबसे आगे हैं। उनके खिलाफ 13 मामले दर्ज हैं। उनकी घोषित संपत्ति करीब 7.5 करोड़ रुपये है। उन्होंने पीएचडी की डिग्री हासिल की है। शैक्षणिक योग्यता के मामले में जनसुराज के उम्मीदवार भी चर्चा में हैं। पार्टी के आठ उम्मीदवारों में से सात के पास स्नातकोत्तर या पीएचडी की डिग्री है। वहीं, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी अफाक अहमद स्नातक हैं। उम्र के लिहाज से जदयू के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी अभिषेक झा सबसे युवा उम्मीदवार हैं। उनकी उम्र 33 वर्ष है। वहीं, भाजपा के तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह 79 वर्ष की उम्र के साथ सबसे बुजुर्ग उम्मीदवार हैं। जनसुराज के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मोहम्मद इम्तियाज की घोषित कुल संपत्ति करीब 3.97 करोड़ रुपये है। उनके पास लगभग 1.64 करोड़ रुपये की मर्सिडीज जीएलएस-450 कार, एक टोयोटा कार और करीब 500 ग्राम सोना है। उनके हलफनामे में लगभग 1.65 करोड़ रुपये की चल संपत्ति का भी उल्लेख है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पार्टीवार उम्मीदवारों पर दर्ज आपराधिक मामलों का औसत कांग्रेस में करीब 2.8, जनसुराज में 1.5, राजद में 1.28, भाजपा में 1.25 और जदयू में 0.5 है। इस लिहाज से कांग्रेस उम्मीदवारों का औसत सबसे अधिक और जदयू उम्मीदवारों का सबसे कम है। महिला प्रतिनिधित्व के मामले में भी तस्वीर सीमित है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, सात प्रमुख दलों के 30 उम्मीदवारों में केवल दो महिलाएं हैं। इनमें राजद की रश्मि विनायक गौतम और जनसुराज की दिव्या ज्योति शामिल हैं। बिहार विधान परिषद की चार स्नातक और चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित है, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को प्रस्तावित है।

केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश के मौजूदा हालात को आपातकाल से भी बदतर बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और सरकार से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग की है। केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पोस्ट में आरोप लगाया कि देश में तानाशाही जैसी स्थिति है। विमान से उतरते ही कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करना भय के अभूतपूर्व स्तर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जानती है कि उन्होंने चुनाव में वोट चोरी के जरिए जीत हासिल की है और अब वे कथित चुनावी धांधली को बचाने के लिए लोकतंत्र को पूरी तरह कुचलने में लगे हैं।

11 से 19 तक होगा मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला, सीएम धामी करेंगे उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। उत्तराखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला की 50 वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार (आज) को रामलीला मैदान नरेंद्रनगर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। नौ दिवसीय मेला का 19 अक्तूबर को समापन होगा। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय लोक कलाओं और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखेगी। नगर पालिका नरेंद्रनगर के अध्यक्ष, मेला समिति अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री उनियाल की नेतृत्व में आयोजित होने वाले मेले में बॉलीवुड कलाकारों, गढ़वाली लोकगायकों और स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उद्घाटन दिवस पर पीएसी बैंड, उत्तराखंड पुलिस बैंड, छोलिया नृत्य तथा विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन, शहीद स्मारक पर माल्यार्पण और अतिथियों का सम्मान भी किया जाएगा। मेले की पहली रात्रि 11 अक्तूबर को पद्मश्री गढ़वाली लोकगायिका डॉ. बसंती बिष्ट एंड पार्टी, लोकगायिका संगीता ढौंडियाल, सुर कोकिला मीना राणा और किशन महिपाल एंड पार्टी की प्रस्तुतियां देंगी। 12 को बॉलीवुड हास्य कलाकार सुदेश लहरी और राजीव ठाकुर स्टेज शो करेंगे। 14 को हिमाचली लोकगायक अजय चौहान और अज्जू तोमर एंड पार्टी, जबकि 15 को गढ़वाल के लोकप्रिय बैंड पांडवाज, 16 को प्रियंका मेहर एंड पार्टी व हेमा नेगी करासी एंड पार्टी, जबकि 17 को गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी एंड पार्टी व दीक्षा बडोनी एंड पार्टी, 18 की रात्रि को बॉलीवुड स्टार एवं पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा की प्रस्तुति होगी। वहीं 19 को समापन अवसर पर पद्मश्री जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण एंड पार्टी सहित स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। पंवार ने बताया कि 12 अक्तूबर से पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल, 13 को बैडमिंटन और टेबल टेनिस, 14 को कैरम एवं शतरंज, 15 को फुटबॉल और ओपन कबड्डी के अलावा 16 अक्तूबर को बेबी शो, भाषण, निबंध व कला प्रतियोगिताएं होंगी।

महावीरी मेले व त्योहारों को लेकर सीवान में 19 लोगों पर सीसीए के तहत कार्रवाई, रोज थाने में लगानी होगी हाजिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। आगामी महावीरी मेला और त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला दंडाधिकारी न्यायालय की ओर से कुल 19 लोगों के विरुद्ध अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत आदेश जारी किया गया है। इनमें छह लोगों को 11 नवंबर तक और 13 लोगों को 25 नवंबर तक प्रतिदिन संबंधित थाने में हाजिरी लगाने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, 11 नवंबर तक प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगाने वालों में संदीप सिंह, रहमत अली उर्फ लड्डन, नारायण यादव, श्रवण माली, अनिल सिंह और राजकिशोर प्रसाद शामिल हैं। वहीं, 25 नवंबर तक प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जिन 13 लोगों के विरुद्ध जारी किया गया है, उनमें छठु मांझी, बबन साह, मुकेश कुमार पाण्डेय उर्फ तुफानी, शैलेश कुमार उर्फ सिपाही, राहुल यादव, अनुज प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह, मनीष भगत, दीपू यादव, पिंटु यादव, चन्दन कुमार, दिलीप साह, दिपक राय उर्फ दिपू राय और बिट्टु राय शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, सभी संबंधित व्यक्तियों को प्रतिदिन सुबह 11 बजे निर्धारित थाने में उपस्थित होकर शाम पांच बजे तक रहने का निर्देश दिया गया है। थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ उन्हें आने-जाने के समय और मार्ग की जानकारी रजिस्टर में दर्ज करनी होगी। इसके अलावा अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने और फोन चालू रखने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि उनकी लोकेशन की निगरानी की जा सके।

कृषि टास्क फोर्स की बैठक में प्राकृतिक खेती हेतु 150 हे0 का चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा, बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में आज शनिवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा भी किया गया। इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा उप विकास आयुक्त, नालन्दा को अवगत कराया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में नालन्दा जिले को कुल 1219116 प्लॉटों के सर्वे का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध डिजिटल क्रॉप सर्वे में नालन्दा जिले अब तक 1103286 प्लॉटों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है।इस मामले में निदेश दिया गया है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सभी सर्वेयर एवं सुपरवाईजर डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्य 15 अक्टूबर तक निर्धारित समय तक शत-प्रतिषत सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खरीफ की समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी



के द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम के विभिन्न योजनान्तर्गत सभी फसलों के आच्छादन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। साथ हीं रबी महाभियान कार्यक्रम राज्य स्तर पर दिनांक 12 अक्टूबर से शुरूआत की जायेगी तथा जिला स्तर पर 15अक्टुबर को प्रारंभ किया जायेगा। रबी मौसम के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत फसलों के आच्छादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे प्रखंडों को उपावंटित किया गया है। फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम की प्रगति के समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उर्वरक की उपलब्धता की नालन्दा जिला में उर्वरक की उपलब्धता की कोई कमी नहीं है।खरीफ के मौसम में उर्वरक कालाबाजारी एवं छापामारी से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा किया गया जहां कृषि समन्वयकों के द्वारा कुल 317 उर्वरक प्रतिष्ठानों की छापामारी की गयी है, जिसमें मात्र 5 अनियमिता प्रतिवेदित किया गया है, जिसपर क्षोव व्यक्त किया गया, जो संदिग्ध प्रतीत होता है, जबकि उर्वरक की शिकायत बहुतायत प्राप्त होते है। सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण को निदेश दिया गया कि आगामी माह तक उर्दूरक नमूना संग्रहण का 13 पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है ।सहायक निदेशक, रसायन, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला को निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत उर्वरक नमूना संग्रहण किया जाय।जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 प्राकृतिक खेती हेतु तीन प्रखंडों के पांच पंचायत अन्तर्गत कुल 150 हे0 का चयन किया गया है।जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 परम्परागत कृषि विकास योजना अन्तर्गत छः प्रखंडों में कुल 18 पंचायतों का चयन किया गया है। उद्यान कार्यक्रम की समीक्षा में जिला उद्यान पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नारियल पौधा वितरण योजना एवं राज्य स्कीम में मद से बीज मसालें का कार्यक्रम प्रस्तावित है।पौधा संरक्षण कार्यक्रम की समीक्षा में सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरत उर्वरक का छिड़काव, उपादान वितरण योजना एवं बगीचों में कीट प्रबंधन योजना का कार्यक्रम प्रस्तावित है। भूमि संरक्षण की समीक्षा में उप निदेशक, भूमि संरक्षण के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई नई योजना स्वीकृत नहीं है। राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत सिंचाई कूप निर्माण, जल संचयन तालाब / फार्म पौण्ड, पक्का चेक डैम निर्माण कराया गया है, जो पूर्ण हो चुकी है। आत्मा कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि किसानों को राज्य के बाहर भ्रमण की 850 उपलब्धि हुई है एवं मात्र 150 लंबित है। जिला के अन्दर किसानों के भ्रमण की 30000 उपलब्धि हुई है। रबी मौसम में किसान पाठशाला का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। खरीफ, रबी एवं राजगीर महोत्सव में मेला आयोजित करने का कार्यक्रम है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063